CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 30°C
न्यूनतम : 22°C

हल्द्वानी, शनिवार 2 अगस्त 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 342 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 | 7 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अमेरिका के समक्ष सरेंडर अच्छे दिन के संकेत नहीं: पवन खेड़ा पेज 2



इंग्लैंड के गेंदबाज वोक्स ओवल टेस्ट से बाहर खेल टाइम्स



एशिया की बिसात पर चीन की घेराबंदी, लंदन और तेल अवीव का बड़ा दांव सम्पादकीय



गाजा में 175 फलस्तीनियों की हत्या पेज 12

## उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव नौ सितम्बर को

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव 9 सितम्बर को कराया जाएगा। इसके लिए अधिसूचना अगले सप्ताह गुरुवार को जारी की जाएगी। चुनाव आयोग द्वारा शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार उपराष्ट्रपति के चुनाव के लिए अधिसूचना गुरुवार 7 अगस्त को जारी की जाएगी। इसके साथ ही नामांकन भरने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। नामांकन पत्र गुरुवार, 21 अगस्त तक भरे जा सकेंगे और नामांकन पत्रों की जांच शुक्रवार 22 अगस्त को की जाएगी। नामांकन सोमवार, 25 अगस्त तक वापस लिए जा सकेंगे। आयोग ने कहा है कि यदि आवश्यक हुआ, तो मतदान मंगलवार, नौ सितम्बर को पूर्वाह्न दस बजे से शाम पांच बजे तक कराए जाएंगे। मतगणना उसी दिन मतदान सम्पन्न होने के बाद रिटर्निंग अधिकारी की निगरानी में कराई जाएगी। सभी के मत का मूल्य एक समान (1) होगा।

## बिहार मतदाता सूची पुनरीक्षण पर दोनों सदनों में हंगामा

**नई दिल्ली।** लोकसभा में बिहार में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर शुक्रवार को विपक्षी दलों के सदस्यों ने भारी हंगामा करते हुए नारेबाजी की, जिसके कारण सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दिन भर के लिए स्थगित करनी पड़ी। पीठासीन अधिकारी कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी ने एक बार के स्थगन के बाद दो बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की विपक्ष के सदस्य नारे लगाते हुए और हाथों में तख्तियां लेकर सदन के बीचों बीच आकर हंगामा करने लगे। हंगामे के बीच पीठासीन अधिकारी ने जरूरी दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाया और इसके बाद उन्होंने नियम 377 के तहत सदस्यों से अपने मुद्दे सदन के पटल पर यह कहते हुए रखने को कहा कि उन्हें पढ़ा हुआ समझा जाएगा।

## ले. जनरल सिंह ने सेना उप प्रमुख का कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली।** लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह ने शुक्रवार को यहां सेना उप प्रमुख का कार्यभार संभाल लिया। इससे पहले वह सेना मुख्यालय में महानिदेशक, ऑपरेशनल लॉजिस्टिक्स एवं स्ट्रैटेजिक मूवमेंट के पद पर थे। कार्यभार संभालने से पहले उन्होंने यहां राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जाकर मातृ भूमि के लिए प्राणों का बलिदान देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। जनरल ऑफिसर को दिसम्बर 1987 में पैराशूट रेजिमेंट (विशेष बल) की चौथी बटालियन में कमीशन दिया गया था।

## वात्सायन ने नौसेना उप प्रमुख का कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली।** वाइस एडमिरल संजय वात्सायन ने शुक्रवार को यहां नौसेना के 47वें उप प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाल लिया। इससे पहले वाइस एडमिरल ने यहां राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जाकर राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# शाहरुख-विक्रांत बेस्ट एक्टर, रानी बेहतरीन अदाकारा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ नेशनल अवॉर्ड 'कटहल' को बेस्ट हिंदी फिल्म का पुरस्कार

**नई दिल्ली।** 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों का ऐलान हो गया है। शुक्रवार को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के दावेदारों का ऐलान किया गया है।

इसमें शाहरुख खान को भी अपना पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला है। उन्हें फिल्म 'जवान' के लिए यह पुरस्कार मिला है। जबकि रानी मुखर्जी को बेस्ट एक्ट्रेस पुरस्कार से नवाजा गया है। बता दें कि कोविड महामारी के चलते नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स में देरी हो रही है। साल 2024 में 2022 में रिलीज होने वाली फिल्मों को पुरस्कार दिए गए थे। अब इस साल उन फिल्मों को पुरस्कृत किया जाएगा, जो वर्ष 2023 में रिलीज हुईं। शाहरुख खान के अलावा विक्रांत मैसी को भी नेशनल फिल्म अवॉर्ड दिया गया है। उन्हें फिल्म 12वीं फेल के लिए बेस्ट एक्टर का नेशनल फिल्म अवॉर्ड दिया गया है। कटहल को बेस्ट हिंदी फिल्म का नेशनल फिल्म अवॉर्ड दिया गया है। साल 2023 में रिलीज हुई फिल्म कटहल में सान्या मल्होत्रा, विजय राज और अनंत जोशी जैसे सितारे नजर आए। वहीं रानी मुखर्जी को उनकी फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नार्वे के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का खिताब मिला है। नेशनल अवॉर्ड के विनर के लिए फिल्मों को कई हफ्तों तक जूरी ने रिव्यू किया, जिसके बाद उन्होंने अपनी आखिरी रिपोर्ट मंत्री अश्विनी वैष्णव और एल मुरुगन को सौंपी है। दिल्ली के नेशनल मीडिया सेंटर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस ऑर्गेनाइज किया गया, इस दौरान जूरी में फिल्ममेकर आशुतोष गोवारिकर, पी. शेषाद्री शामिल हैं।

# उद्योगपति अनिल अंबानी के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ ईडी की रेड के बाद मुश्किल में फंसे उद्योगपति !

**नई दिल्ली।** देश के बड़े उद्योगपति और रिलायंस धीरूभाई अंबानी ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया है। हाल ही में ईडी ने अनिल अंबानी के ठिकानों पर रेड की थी।

ईडी ने उन्हें 5 अगस्त को दिल्ली पूछताछ के लिए बुलाया है। प्रवर्तन निदेशालय 17,000 करोड़ रुपये के कथित लोन घोटाले की जांच कर रहा है। पिछले हफ्ते ईडी -शेष पृष्ठ दो पर

# अपने फैसले से पलटे ट्रम्प

## भारत का करारा जवाब: एफ- 35 नहीं खरीदेगा

वाशिंगटन डीसी, वार्ता

### ट्रम्प का 25 फीसदी टैरिफ सात दिन टला




■ 90 देशों को भी राहत, कनाडा पर आज से 35 फीसदी टैरिफ, लिस्ट में चीन नहीं

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर 25 फीसदी टैरिफ को 7 दिन के लिए टाल दिया है। ये एक अगस्त से लागू होना था, जो अब 7 अगस्त से लागू होगा।

ट्रम्प ने 92 देशों पर नए टैरिफ की लिस्ट जारी की है। इसमें भारत पर 25 फीसदी और पाकिस्तान पर 19 फीसदी टैरिफ लगाया गया है। हालांकि, कनाडा पर एक अगस्त से ही 35 फीसदी टैरिफ लागू हो गया है। साउथ एशिया में सबसे कम टैरिफ पाकिस्तान पर लगा है। अमेरिका ने पहले पाकिस्तान पर 29 फीसदी टैरिफ लगा रखा था। वहीं दुनियाभर में सबसे ज्यादा 41फीसदी टैरिफ सीरिया पर लगाया गया है। इस लिस्ट में चीन का नाम शामिल नहीं है। ट्रम्प ने 2 अप्रैल को दुनियाभर के देशों पर टैरिफ लगाने की घोषणा की थी, लेकिन 7 दिन बाद ही इसे 90 दिनों के लिए टाल दिया था। कुछ दिनों बाद ट्रम्प ने 31 जुलाई तक का समय दिया था। इसके बाद ट्रम्प सरकार ने 90 दिनों में 90 सौदे कराने का टारगेट रखा था। हालांकि, अमेरिका का अब तक सिर्फ 7 देशों से समझौता हो पाया। -शेष पृष्ठ दो पर

### ट्रम्प से डिफेंस डील नहीं चाहती मोदी सरकार

**नई दिल्ली।** भारत ने अमेरिकी अधिकारियों को बता दिया है कि उसकी एफ-35 स्टील्थ फाइटर जेट खरीदने में दिलचस्पी नहीं है। ब्लूमबर्ग ने अपनी एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से ये जानकारी दी है।

एफ-35 अमेरिका का 5वीं जेनरेशन का लड़ाकू विमान है। इसे लाकहीड मार्टिन कंपनी ने डेवलप किया है। रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि मोदी सरकार निकट भविष्य में अमेरिका के साथ कोई बड़ा रक्षा सौदा नहीं चाहती। सरकार रक्षा उपकरण बनाने वाली साझेदारी में ज्यादा दिलचस्पी रखती है। यानी, भारत टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और देश में उत्पादन की शर्त पर डिफेंस डील चाहता है। इस साल फरवरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्हाइट हाउस दौरे के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत को फाइटर जेट बेचने की पेशकश की थी। इसके बाद अप्रैल में भारत दौरे पर आए अमेरिका के उप राष्ट्रपति जेडी वेंस ने भी भारत को एफ-35 खरीदने का ऑफर दिया था। रिपोर्ट में अमेरिका की ओर से लगाए गए टैरिफ का भी जिक्र है।

# चुनाव आयोग करवाता है वोट चोरी, सबूत हैं हमारे पास : राहुल गांधी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कांग्रेस नेता ने कहा: जो यह चोरी करवा रहे हैं, उनका यह काम देशद्रोह, ऐसे लोगों को हम खोज निकालेंगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि चुनाव आयोग वोटों की चोरी करा रहा है और इसके उनके पास पर्याप्त सबूत हैं, लेकिन जो यह चोरी करवा रहे हैं उनका यह काम देशद्रोह है और ऐसे लोगों को खोज निकालेंगे।

श्री गांधी ने शुक्रवार को संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा कि हमारे पास सबूत है कि चुनाव आयोग वोट चोरी करवा रहा है। मैं शत-प्रतिशत सबूतों के साथ ये बात कह रहा हूं। हम जैसे ही ये सबूत सबके सामने रखेंगे, पूरे देश को पता चल जाएगा कि चुनाव आयोग वोट चोरी करा रहा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि आश्चर्य की बात यह है कि चुनाव आयोग यह काम भाजपा के लिए करा रहा है। उन्होंने कहा कि सवाल है कि आयोग किसके लिए करा रहा है यह वोट चोरी, इसका जवाब है कि भाजपा के लिए करा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें मध्य प्रदेश में संदेह था, लोकसभा चुनाव में संदेह था, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में संदेह था। चुनाव आयोग हमारी मदद नहीं कर रहा था इसलिए हमने अपनी तरफ से जांच करवाई। इस जांच में छह महीने लगे और जो हमें मिला है, वह एटम बम है। चुनाव आयोग में जो भी वोट चुराने का काम कर रहे हैं, उन्हें हम छोड़ेंगे नहीं। क्योंकि आप हिंदुस्तान के खिलाफ काम कर रहे हैं, जो देशद्रोह है। आप कहीं भी हों, चाहे आप रिटायर ही क्यों न हो जाएं, हम आपको ढूंढ़ निकालेंगे।

### राहुल गांधी को चुनाव आयोग का जवाब

**लेटर का रिप्लाई नहीं दिया, अब धमकाना शुरू कर दिया**

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग का बयान आया है, जिसमें राहुल गांधी को जवाब दिया है। चुनाव आयोग ने कहा कि हमने राहुल गांधी को 12 जून 2025 को एक मेल भेजा, मगर वो नहीं आए। इसके बाद 12 जून को फिर एक पत्र भेजा, लेकिन उन्होंने इसका कोई जवाब नहीं दिया। राहुल गांधी ने कभी भी किसी भी मुद्दे पर चुनाव आयोग को कोई पत्र नहीं भेजा। अब वो बेतुके आरोप लगा रहे हैं और अब चुनाव आयोग और उसके कर्मचारियों को धमकाना भी शुरू कर दिया है, ये निंदनीय है। चुनाव आयोग ऐसे गैर-ज़िम्मेदाराना बयानों को नजरअंदाज करता है और अपने सभी कर्मचारियों से निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से काम करते रहने का अनुरोध करता है।

# सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दलों की याचिका खारिज की



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 (पोश अधिनियम) के दायरे में राजनीतिक दलों को लाने की मांग वाली एक जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया और कहा कि यह विषय संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है।

पीठ ने अधिवक्ता योगमाया एमजी की इस याचिका पर विचार करने से मना कर दिया। पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा कि अदालत इस मामले में हस्तक्षेप नहीं कर सकती, क्योंकि यह संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है।

## मोदी पर टिप्पणी मामले में थरूर को राहत का संकेत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पीएम मोदी पर 2018 के कथित आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में शुक्रवार को कांग्रेस सांसद शशि थरूर के खिलाफ मानहानि का मामला बंद करने का संकेत दिया और शिकायतकर्ता भाजपा नेता राजीव बब्बर के अधिवक्ता से पूछा कि इस मामले में आप 'इतना संवेदनशील क्यों हैं?' पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनी और शिकायतकर्ता से कहा कि आइए इसे बंद करते हैं।

# रेप मामले में प्रज्वल रेवन्ना दोषी करार

बेंगलुरु, वार्ता



■ कोर्ट आज सुनाएगा प्रज्वल रेवन्ना को सजा

**जनप्रतिनिधियों** से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए गठित एक विशेष अदालत ने अपनी घरेलू सहायिका का बलात्कार करने और उसका वीडियो बनाने के मामले में शुक्रवार को कर्नाटक के हासन से सांसद रहे प्रज्वल रेवन्ना को दोषी पाया।

कर्नाटक के हासन से सांसद रह चुके और जनता दल सेक्युलर से निष्काषित राजनेता प्रज्वल रेवन्ना के लिए शुक्रवार का दिन काफी मुश्किल भरा साबित हुआ। जनप्रतिनिधियों से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए गठित एक विशेष अदालत ने अपनी घरेलू सहायिका का बलात्कार करने और उसका वीडियो बनाने के मामले में रेवन्ना को दोषी पाया। रेवन्ना के दोषी पाए जाने का आदेश जज संतोष गजानन भट्ट ने पढ़ा। अब उन्हें इस मामले में कितने बरस की सजा होगी, ये शनिवार, 2 अगस्त को तय होगा। अप्रैल महीने में रेवन्ना के खिलाफ आईपीसी की जिन धाराओं के तहत आपराधिक मुकदमा दर्ज हुआ था, वहां से उनकी सजा को लेकर कुछ इशारे मिलते हैं।

## दाऊद के गुर्गों के खिलाफ एनआईए की बड़ी कार्रवाई

**अहमदाबाद।** एनआईए ने दाऊद इब्राहिम के नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई की है। गुजरात के भरूच में उसके एक गुर्गे की दो संपत्तियों को जब्त कर लिया है। यह कार्रवाई 2015 में हुए दोहरे हत्याकांड के मामले से जुड़ी हैं, जिसमें बीजेपी कार्यकर्ताओं की हत्या कर दी गई थी। एनआईए ने मोहम्मद यूनुस उर्फ मंजरो नाम के आरोपी की दो अचल संपत्तियों को यूएपीए के तहत जब्त किया है।

# बुलंदशहर में इंस्पेक्टर के पांच हत्यारों को उम्रकैद

शाह टाइम्स संवाददाता



■ हिंसा के 33 दोषियों को 7-7 साल की सजा
■ कोतवाल को मारकर फूंकी थी चौकी

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर के बहुचर्चित स्याना हिंसा मामले में शुक्रवार को कोर्ट ने इंस्पेक्टर की हत्या के 5 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है, जबकि 33 दोषियों को हिंसा, आगजनी और हत्या की कोशिश के लिए 7-7 साल की सजा दी गई।

एक दिन पहले गुरुवार को कोर्ट ने सभी 38 आरोपियों को दोषी करार दिया था। सजा के लिए एक अगस्त की तारीख तय की थी। शाम 5:45 बजे जज ने फैसला सुनाया। सजा पाने वालों में जिला पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, बीजेपी नेता, निषाद पार्टी के नेता और आरएसएस के नगर कार्यवाह भी शामिल हैं। पुलिस ने मामले में कुल 44 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। इनमें से 5 आरोपियों की मौत हो चुकी है, जबकि एक नाबालिग का केस जुवेनाइल कोर्ट में चल रहा है। एएसपी ऋजुल ने बताया कि स्याना हिंसा मामले में शुक्रवार को सजा का ऐलान हुआ। कोर्ट के बाहर तीन सीओ समेत 5 थानों का फोर्स तैनात रहा। आसपास के इलाके को पुलिस ने कब्जे में ले रखा था। अदालत ने कहा कि दोषियों पर लगाए गए आर्थिक जुर्माने से वसूली का 80 फीसदी हिस्सा शहीद इंस्पेक्टर सुबोध सिंह की पत्नी को दिया जाएगा। यह फैसला शहीद परिवार के लिए राहत की बड़ी खबर साबित हुआ है। फैसले के बाद बुलंदशहर में पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी।

# पंजाब के पांच पुलिसकर्मियों पर हत्या का दोष सिद्ध

■ 32 साल पुराने फर्जी मुठभेड़ मामले में CBI कोर्ट ने सुनाया फैसला

**नई दिल्ली।** सीबीआई की एक अदालत ने 1993 में अमृतसर के रानी विल्लाह गांव के सात युवकों की हत्या से जुड़े 32 साल पुराने फर्जी मुठभेड़ मामले में एक पूर्व एसएसपी और एक पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) समेत पंजाब के पांच पुलिस अधिकारियों को दोषी ठहराया है।

अदालत ने पूर्व एसएसपी भूपिंदरजीत सिंह, डीएसपी दविंदर सिंह, इंस्पेक्टर सूबा सिंह, एएसआई गुलबर्ग सिंह और एएसआई रघबीर सिंह (सभी सेवानिवृत्त) को आपराधिक साजिश, हत्या, सबूत नष्ट करने और रिकॉर्ड से छेड़छाड़ करने का दोषी ठहराया है। सोमवार को सजा सुनाई जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में एक परिवार के पांच सदस्यों की मौत

**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश में मैनपुरी जिले के बेबर क्षेत्र में शुक्रवार को एक भीषण हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि एक बच्ची घायल है। पुलिस ने बताया कि केथोली ग्राम पंचायत के हरिपुरा निवासी दीपक (36) आगरा में अपनी भतीजी काव्या का जन्म दिन मनाकर अपने परिवार के साथ गांव लौट रहे थे कि बेबर क्षेत्र में नगला ताल के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गयी। इस हादसे में कार सवार दीपक, पत्नी पूजा, बेटी आशी और आर्या और दीपक की बहन सुजाता की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। दीपक की एक पुत्री आराध्या इस दुर्घटना में घायल है। इस दुर्घटना के बाद यातायात कुछ समय के लिए बाधित रहा। ट्रक को पुलिस ने बरामद कर लिया है। पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

### छत्तीसगढ़ की धरती से नक्सलवाद का खात्मा


**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज संसद भवन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से सौजन्य भेंट की. इस दौरान मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ के समग्र विकास, माओवादी चुनौती से निपटने की रणनीति सहित विभिन्न विषयों पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से चर्चा की. मुख्यमंत्री साय ने केंद्रीय गृह मंत्री को माओवादी विरोधी अभियानों की उपलब्धि एवं भविष्य की कार्ययोजना से भी अवगत कराया। सीएम विष्णुदेव साय ने बताया कि छत्तीसगढ़ में माओवादी गति. विधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों में पिछले डेढ़ वर्षों में उल्लेखनीय सफलता मिली है।

# राजनाथ ने सिविल व सैन्यकर्मियों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया

**नई दिल्ली, वार्ता**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सिविल और सैन्य कर्मियों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर देते हुए कहा है कि जब ये दोनों एकजुट होकर राष्ट्रहित में कार्य करेंगे तो देश का सुरक्षा ढांचा और भी अधिक मजबूत हो जाता है।

सिंह ने शुक्रवार को यहां सशस्त्र बल सिविल सेवा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों से सिविल और सैन्य कर्मियों के बीच तालमेल बढ़ाने की दिशा में विचार करने को कहा। उन्होंने कहा कि इस बात पर विचार किया जाना चाहिए कि सिविल सेवा को और अधिक योगदान देने के अवसर किस तरह दिए



जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि जब सिविल और सैन्य सेवाएं एकजुट होकर राष्ट्रहित में कार्य करती हैं, तब देश का सुरक्षा ढांचा और भी मज़बूत होता है। यही हमारा संकल्प भी होना चाहिए। दुनिया भर में अनिश्चितता की स्थिति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे में सिविल-सैन्य समन्वय का महत्व बढ गया है। उन्होंने कहा कि सिविल-मिलिट्री समन्वय का महत्त्व आज के समय में इसलिए भी बढ़ गया है, क्योंकि आज की दुनिया बड़ी अनिश्चित हो गई है। आज हम यह अनुमान नहीं लगा सकते कि दुनिया के जिन इलाकों में आज शांति है, वहां भविष्य में तनाव नहीं होगा। आप खुद ही सोचिए, आज से तीन-चार महीने पहले हमने कहां सोचा था, कि हमें कभी ऑपरेशन सिंदूर भी करना पड़ेगा। हमने कहां सोचा था, कि युद्ध जैसी परिस्थितियां हमारे दरवाजे पर आकर खड़ी हो जाएंगी। युद्ध की तैयारियों में सिविल सेवा के योगदान को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने सिविल सेवा कर्मियों से बदलती जरूरतों के अनुरूप खुद को तैयार करने को कहा, क्योंकि अभी जिस स्थिति में पूरी दुनिया है, उसमें जरा सी भी लापरवाही या गलती की गुंजाइश नहीं छोड़ी जा सकती।

# विपक्षी दलों ने बिहार मतदाता सूची मुद्दे पर ओम बिरला को लिखा पत्र

**नई दिल्ली, वार्ता**

इंडिया गठबंधन की विभिन्न दलों के नेताओं ने बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण मामले पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इस मुद्दे पर चर्चा कराने का आग्रह करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के पत्र लिखा है।

इंडिया गठबंधन के नेताओं ने बिहार में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण पर गहरी चिंता व्यक्त करते कहा है यह तब और भी चिंता का विषय बन जाता है, जब राज्य विधानसभा चुनाव कुछ ही माह में होने वाले हैं। उन्होंने इस प्रक्रिया को अभूतपूर्व बताया और कहा कि चुनाव आयोग ने संकेत दिया है कि इस प्रकार की कवायद जल्द ही पूरे



इंडिया गठबंधन के नेताओं ने बिहार में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण पर गहरी चिंता व्यक्त की

देश में की जाएगी। उनका कहना था कि इस प्रक्रिया की पारदर्शिता, समय-सीमा और उद्देश्य को लेकर व्यापक आशंकाएं बन रही हैं, इसलिए इस मुद्दे पर तत्काल संसद में चर्चा करना जरूरी है।

विपक्षी दलों ने अपने पत्र में कहा कि विभिन्न दल लगातार इस मुद्दे को मौजूदा सत्र की शुरुआत से ही उठाते रहे हैं और सरकार के साथ कई बैठकों में भी इसी मुद्दे पर चिंता जताते हुए इसे दोहराया गया है। यह मुद्दा 20 जुलाई को हुई सर्वदलीय बैठक भी शामिल रहा है और सरकार ने सभी मुद्दों पर चर्चा कराने की बात कही थी, लेकिन अब तक इस पर चर्चा कराने की तिथि तय नहीं की गयी है। उन्होंने पत्र में लिखा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण का मतदान के अधिकार और स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के संचालन पर सीधा असर पड़ता है। इस मुद्दे पर यदि सदन में चर्चा होती है तो इस पर और अधिक स्पष्टता, पारदर्शिता तथा जवाबदेही सुनिश्चित की जा सकेगी। पत्र में इस मुद्दे पर शीघ्रचर्चा कराने का आग्रह करते हुए कहा गया है कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण पर बिना विलंब के लोकसभा में विचार किया जाना चाहिए। पत्र में हस्ताक्षर करने वाले लोकसभा सदस्यों में सांसद सुप्रिया सुले, अभय कुमार सिन्हा, गौरव गोगोई, एनके प्रेमचंद्रन शामिल हैं।

## एमएसएमई विभाग की बैठक में बोले सीएम योगी

# नई फुटवियर-लेदर नीति से मिलेगा प्रोत्साहन

**लखनऊ, वार्ता**

यूपी के सीएम योगी ने शुक्रवार को एमएसएमई विभाग की बैठक में कहा कि सरकार फुटवियर, लेदर और नॉन-लेदर विनिर्माण के क्षेत्र को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने की दिशा में ठोस कदम उठाने के लिए तैयार है। उत्तर प्रदेश को इस क्षेत्र में वैश्विक पहचान दिलाने की अपार संभावनाएं हैं।

राज्य के पारंपरिक कौशल, प्रशिक्षित श्रमबल, कच्चे माल की प्रचुरता और आगरा, कानपुर व उन्नाव जैसे सशक्त औद्योगिक केंद्रों की मौजूदगी को देखते हुए एक समग्र, व्यावहारिक और परिणामोन्मुखी नीति का निर्माण आवश्यक हो गया है। बैठक में 'उत्तर प्रदेश फुटवियर, लेदर एवं



सहायक इकाइयों और मशीनरी निर्माण प्रतिस्पर्धा को तैयार, लाखों युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध होगा

नॉन-लेदर क्षेत्र विकास नीति 2025' के प्रारूप पर विभागीय अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने क्लस्टर आधारित विकास मॉडल को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि नीति में स्पष्ट रूप से यह परिभाषित किया जाए कि प्रदेश के कौन-से क्षेत्र इस उद्योग के लिए सबसे उपयुक्त हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी सुझाव दिया कि यदि उत्पादन, डिज़ाइन, अनुसंधान और प्रशिक्षण को एकीकृत किया जाए, तो यह क्षेत्र न केवल बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित कर सकता है, बल्कि लाखों युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध करा सकता है। उन्होंने फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स जैसी अधोसंरचना सुविधाओं की स्थापना की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि औद्योगिक इकाइयों को बेहतर कार्य वातावरण मिल सके। अधिकारियों ने जानकारी दी कि प्रस्तावित नीति के तहत अगले कुछ वर्षों में लगभग 22 लाख नई नौकरियों के सृजन की संभावना है। यह नीति उत्तर प्रदेश को वैश्विक फुटवियर और लेदर विनिर्माण का केंद्र बनाने की दिशा में एक निर्णायक पहल मानी जा रही है। वर्तमान में भारत इस क्षेत्र में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता है, जिसमें उत्तर प्रदेश की भागीदारी महत्वपूर्ण है। अकेले कानपुर और उन्नाव में 200 से अधिक सक्रिय टैनरियां कार्यरत हैं, जबकि आगरा को देश की 'फुटवियर राजधानी' के रूप में जाना जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नीति के तहत न केवल लेदर और नॉन-लेदर फुटवियर निर्माण इकाइयों को बढ़ावा दिया जाए, बल्कि इससे जुड़ी सहायक इकाइयोंद्ध जैसे बकल्स, जिप, सोल, इनसोल, लेस, केमिकल्स, डाइज, हील्स, थ्रेड्स, टैग्स और लेबल्स के निर्माण को भी विशेष प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए।

### यूपी में गाय के गोबर से बनेगा कपड़ा और बायोप्लास्टिक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में निराश्रित गायों के गोबर से बायोप्लास्टिक, जैव-पॉलिमर, बायोटेक्सटाइल, वस्त्र, इको-पेपर, बोर्ड, बायोगैस, कम्पोस्ट और नैनोसेल्यूलोज जैसे उत्पाद तैयार किए जाएंगे। प्रदेश में निराश्रित गोवंश से प्रतिदिन औसतन 54 लाख किला. ग्राम गोबर उत्पन्न होता है, जिसका उपयोग इन प्रोडक्ट को बनाने में किया जाएगा। गोबर से वैज्ञानिक पद्धति के जरिए न केवल प्लास्टिक के विकल्प तैयार किए जाएंगे, बल्कि जैव प्रदूषण को भी रोका जाएगा। इससे पर्यावरण संरक्षण को भी नया बल मिलेगा।

# अमेरिका के समक्ष सरेंडर अच्छे दिन के संकेत नहीं: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने कहा है कि अमे. रिका के इशारे पर भारत रूस से तेल खरीदना बंद करना अच्छे दिन के संकेत नहीं है, इसलिए अमेरिका के सामने 'सरेंडर' नहीं किया जाना चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अमेरिका अब पाकिस्तान को तेल दे रहा है और भारत को परंपरागत मित्र रूस से तेल खरीदने से रोक रहा है। अनुमान लगाया जा सकता है कि मोदी राज में अच्छे दिन भारत के नहीं, पाकिस्तान के आए हैं। खेड़ा ने कहा कि सरेन्डर। मोदी अमेरिका के कहने पर मित्र देश रूस से तेल खरीदना बंद कर रहा है, जबकि खुद अमेरिका भारत के दुश्मन देश पाकिस्तान के



साथ तेल समझौता कर चुका है। भारत पर तो अब भी 25 प्रतिशत टैरिफ़ और अघोषित पेनल्टी लगाई है, लेकिन पाकिस्तान पर केवल 19 प्रतिशत टैरिफ़ लगाया है। रूस भारत का पारंपरिक सहयोगी देश रहा है, लेकिन अब भारत की नीतियों से निराश होकर वह पाकिस्तान के साथ एक बड़ा रेल मार्ग बना रहा है। अब खुद अंदाज़ा लगाया जा सकता है कि मोदी के कारण अच्छे दिन कहां आए हैं, भारत में या पाकिस्तान में। कांग्रेस नेता ने कहा कि बाक़ी, समझदार के लिए तो इशारा ही काफ़ी है और बेवकूफ़ के लिए नज़ारा भी काफ़ी नहीं।



सेंसेक्स 80599.91
निफ्टी 24565.35



सोना रु. 97971
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 109819
प्रति किलो




# आयात शुल्क के दबाव में सेंसेक्स तीन महीने के निचले स्तर पर

**मुंबई, वार्ता**

अमेरिकी आयात शुल्क के दबाव में शुक्रवार को शेयर बाजारों में चौतरफा बिकवाली हुई और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स लगभग तीन महीने के निचले स्तर पर आ गया।

सेंसेक्स 585.67 अंक यानी 0.72 प्रतिशत लुढ़ककर 80,599.91 अंक पर बंद हुआ, जो 09 मई के बाद का इसका न्यूनतम स्तर है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 203 अंक (0. 82 फीसदी) लुढ़ककर 24,565.35 अंक पर आ गया जो 03 जून के बाद का न्यूनतम बंद भाव है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को भारत समेत 68 देशों और यूरोपीय संघ पर नए आयात शुल्क लगाने के आदेश पर हस्ताक्षर किए। इसके बाद एशिया और यूरोप के लगभग



सभी बड़े शेयर बाजारों में गिरावट रही। एशिया में जापान का निक्केई 0.66 प्रतिशत की गिरावट में बंद हुआ। हांगकांग का हैंगसेंग 1.07 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.37 प्रतिशत टूट गया। यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 1.62 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.51 प्रतिशत नीचे थे। सेंसेक्स 111 अंक की गिरावट के साथ खुला और कुछ देर बाद हरे निशान में भी पहुंचा। लेकिन जैसे ही अमेरिका में आयात शुल्क का आदेश जारी होने की खबर आई बाजार में भारी बिकवाली देखी गई। इसका उच्चतम स्तर 81,317.51 अंक और निचला स्तर 80,495.57 अंक रहा। एनएसई में निफ्टी-50 का ग्राफ भी सेंसेक्स जैसा ही रहा। यह ऊपर 24,784. 15 अंक तक पहुंचा और नीचे 24,535. 05 अंक तक उतरा। चौतरफा बिकवाली के बीच मझोली और छोटी कंपनियों पर दबाव ज्यादा रहा। निफ्टी मिडकैप-50 में 1.54 प्रतिशत की गिरावट रही। निफ्टी स्मॉलकैप-100 भी 1.66 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। जियोजीत इनवेस्टमेंट्स लिमिटेड के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि नए आयात शुल्क दंडात्मक शुल्क की चिंता में बाजार पर दबाव रहा, क्योंकि इससे वैश्विक स्तर पर भारत की प्रतिस्पर्धी क्षमता प्रभावित हो सकती है। इससे विदेशी संस्थागत निवेशकों का भी भरोसा कम हुआ है।

### सोने का दाम 563 घटकर 97,971 प्रति 10 ग्राम हुआ

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को सोने-चांदी के दाम में गिरावट देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 563 रुपए गिरकर 97,971 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोने का भाव 98,534 रुपए पर था, वहीं चांदी की कीमत 131 रुपए कम होकर 1,09,819 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,09,950 रुपए पर थी। वहीं 23 जुलाई को सोने ने 1,00,533 रुपए और चांदी ने 1,15,850 रुपए ऑल टाइम हाई बनाया था। देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,970 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,650 थी, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,820 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,500 रही, वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,820 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,500 रही, तो चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,820 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,500 रही, वहीं भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,870 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,550 रही।

# गेहूं, चीनी, दाल, खाद्य तेलों के दाम बढ़े

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शुक्रवार को गेहूं महंगा हो गया, जबकि चावल के दामों में स्थिरता रही। चीनी, खाद्य तेल और दालों की कीमतों में भी तेजी रही।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अक्टूबर वायदा 15 रिंगिट चढ़कर 4,230 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिका में सोया तेल वायदा 0. 71 प्रतिशत लुढ़ककर 54.35 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 3,824.26 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। वहीं गेहूं 12 रुपये महंगा होकर 2,839.35 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। आटा भी सात रुपये चढ़कर 3,290.21 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। सरसों तेल औसतन 63 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मूंगफली तेल करीब 35 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया। सोया तेल करीब 10 रुपये और वनस्पति 20 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सूरजमुखी तेल 30 रुपये और पाम ऑयल 12 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया। दाल-दलहनों में मसूर दाल औसतन नौ रुपये और चना दाल 24 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल करीब 19 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। दाल मूंग भी आठ रुपये प्रति क्विंटल की बढ़त में रही। उड़द दाल के दाम स्थिर रहे। गुड़-चीनी : बाजार में गुड़ के औसत भाव सात रुपये प्रति क्विंटल चढ़े। चीनी भी छह रुपये प्रति क्विंटल के अधिक महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन : दाल चना 7946.05, मसूर काली 8111-70, मूंग दाल 10134.02, उड़द दाल 10503-05, अरहर दाल 10946.78 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2839.35 रुपये और चावल 3824-26 रुपये प्रति लक्वटल। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4284.35 और गुड़ 4930-18 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल : सरसों तेल 17548.57 रुपये, मूंगफली तेल 17849.79 रुपये, सूरजमुखी तेल 15270.53 रुपये, सोया रिफाइंड 13785.98 रुपये, पाम ऑयल 12225.87 रुपये और वनस्पति तेल 14508. 20 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**अनिल अंबानी...**

ने अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप से जुड़ी कई कंपनियों और व्यक्तियों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। यह कार्रवाई मुंबई के 35 स्थानों पर की गई थी, जिसमें 50 कंपनियां और 25 लोग शामिल थे। यह छानबीन मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून (पीएमएलए)के तहत हो रही है। ईडी की जांच अनिल अंबानी समूह की कई कंपनियों द्वारा किए गए कथित वित्तीय गड़बड़ियों और 10,000 करोड़ रुपये से अधिक के लोन डायवर्जन पर केंद्रित है। खासतौर पर जांच इस बात पर है कि 2017 से 2019 के बीच यस बैंक द्वारा दिए गए लगभग 3,000 करोड़ रुपये के लोन को गैरकानूनी तरीके से दूसरी जगहों पर डायवर्ट किया गया। इस जांच के जवाब में रिलायंस पावर और रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर ने स्टॉक एक्सचेंज को बताया कि उन्हें ईडी की कार्रवाई की जानकारी है, लेकिन इस छापेमारी का उनके बिजनेस, आर्थिक स्थिति या स्टेकहोल्डर्स पर कोई असर नहीं पड़ा है। कंपनियों ने कहा, मीडिया रिपोर्ट्स में जिन लेन-देन की बात हो रही है, वे रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड से जुड़े हैं, जो 10 साल से भी पुराने हैं।

**अपने फैसले से....**

लाओस, म्यांमार, सीरिया जैसे देशों पर सबसे ज्यादा 40 फीसदी या उससे ज्यादा टैरिफ। अगर कोई वस्तु किसी और देश के जरिये भेजी गई है, ताकि टैक्स बचाया जा सके, तो उस पर 40 फीसदी टैरिफ लगेगा। यूरोपीय संघ के सामानों पर सीधे 15 फीसदी टैरिफ नहीं लगाया गया। अगर किसी प्रोडक्ट का मौजूदा शुल्क 10 फीसदी है, तो सिर्फ 5 फीसदी अतिरिक्त जोड़ा जाएगा, लेकिन अगर प्रोडक्ट पहले से 15 फीसदी या उससे अधिक शुल्क दे रहा है, तो कोई टैरिफ नहीं बढ़ेगा। चीन पर अलग से मई 2025 का एग्जीक्यूटिव ऑर्डर लागू है, इसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है। अभी उसे पहले की तरह 30 फीसदी टैरिफ ही देना होगा। कनाडा पर एक अगस्त की रात से ही टैरिफ लागू होगा। इसकी वजह ये है कि कनाडा ने फलस्तीन को एक अलग देश के तौर पर समर्थन देने का ऐलान किया है। आदेश लागू होने से पहले जो सामान अमेरिका के रास्ते में होगा, उसे पुराने नियमों पर ही टैक्स देना होगा। 5 अक्टूबर 2025 यह पहुंच गया, तो इसे पर पुराना टैरिफ ही लगेगा। अब अमेरिका के कस्टम सिस्टम में हर देश की अलग-अलग ट्रैकिंग होगी।

# सरकार को तानाशाही छोड़कर लोकतंत्र के तहत काम करना चाहिए: स्वामी प्रसाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पूर्व मंत्री और अपनी जनता पार्टी अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य ने योगी सरकार पर निशाना साधते हुए शुक्रवार को कहा कि सरकार को तानाशाही छोड़कर लोकतंत्र के तहत काम करना चाहिए।

मौर्य ने गोमतीनगर स्थित आवास पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा सरकार कोई भी जन विरोधी फैसला लेती है, तो उनकी पार्टी सड़क पर संघर्ष के जरिए उसे बैकफुट पर लाने की पूरी ताकत रखती है। सरकार जनता के हितो के लिए बनती है। डबल इंजन की सरकार कहीं की हो हर जगह और अलोकत. ंत्रोक और असंवैधानिक रास्ता अपनाती है लोकतंत्र को दबाने कोशिश करती हैं। उन्होंने कहा



कि दिल्ली में जिस तरह से छात्रों पर अत्याचार किया जाता है। परीक्षाओं में अनिमितताए देखने को मिल रही हैं। छात्रों ने जन आंदोलन के माध्यम से अपनी आवाज केंद्र सरकार को पहुंचने की कोशिश की है। पूर्व मंत्री मौर्य ने कहा कि संवेदनशीलता से समस्या को निपटने की बजाय लाठीचार्ज किया गया। थाने पर रात में बैठाया गया। सरकार की जिम्मेदारी है कि छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से लेकर समय रहते उनका निस्तारण करे। एक सवाल के जवाब में मौर्य ने कहा कि अगर भगवा आतंक नहीं है, तो कौन सा आतंक है। इस देश में आतंकवादी भगवा हो या अन्य आतंकवादी आतंकवादी होता है।

रवि किशन पर बोलते हुए मौर्य ने कहा कि अगर राजनीति में रगड़ घिस कर के आए होते, तो शायद जमीनी मुद्दों पर बात करते हैं। मौर्य ने कहा कि पूरी भाजपा सरकार अराजकता के रास्ते पर चल रही है जनहित का कोई कार्य नहीं करती। योगी सरकार जनहित की मुद्दों की अनदेखी कर रही है। अपनी जनता पार्टी में स्कूल मर्जर को लेकर अपने आंदोलन को खत्म नहीं किया है। अपनी जनता पार्टी अगर सरकार कोई कूटनीति के तहत कुछ गलत करेंगी, तो उसका विरोध करेगी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
खून की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## आचार संहिता हटी, 11 हजार से ज्यादा नवनिर्वाचित प्रतिनिधि संभालेंगे ग्राम विकास की कमान

# उत्तराखंड में ग्रामीण विकास का नया अध्याय शुरू

» 66,418 पदों के लिए हुई थी चुनाव की अधिसूचना » 22,429 प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित
» 32,907 पद रिक्त रह गए थे » 11,082 पदों के लिए दो चरणों में हुआ था मतदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड के 12 जिलों में हुए त्रिस्तरीय पंचायत के सभी परिणाम आने के बाद जहा गावों के खेवनहारों के भाग्य का फैसला हो गया है, वहीं, राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी जिलों में लगाई गई आचार संहिता को निष्प्रभावी कर दिया है।

इस बार प्रदेश में पहली बार पंचायत चुनाव दो चरणों में 24 और 28 जुलाई को कराए गए थे। जिसकी मतगणना गुरुवार को शुरू हुई थी, जो शुक्रवार देर शाम जाकर पुरी हुई। शाम तक सभी जिलों से नतीजे जारी होने के बाद आचार संहिता को हटा दिया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग ने इस बार प्रधान के 7,499, सदस्य क्षेत्र पंचायत के 2,974, सदस्य जिला पंचायत के 358 और सदस्य ग्राम पंचायत के 55,587 पदों को मिलाकर कुल 66,418 पदों के लिए चुनाव की अधिसूचना जारी की थी। इनमें से 22,429 प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हो गए थे। 32,907 पद रिक्त रह गए थे। 11,082 पदों के लिए दो चरणों में मतदान कराया गया था। इनके सापेक्ष 32,580 मैदान में थे। शुक्रवार को जारी नतीजों के मुताबिक सदस्य जिला पंचायत के सभी 358 पदों का परिणाम जारी हो गया है, वहीं, ग्राम प्रधान के 7499 और क्षेत्र पंचायत सदस्य के 2974 में से 2972 पर विजय हुए प्रत्याशियों के नामों का ऐलान कर दिया गया है। अब भाजपा-कांग्रेस जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख बनाने के लिये जोड़-तोड़ में लग गई है।



### नेताओं की साख पर बड़ा सवाल

उत्तराखंड में हुए हालिया पंचायत चुनाव ने भाजपा के दिग्गजों की सियासी जमीन को हिला कर रख दिया है। इन चुनावों में पार्टी भले ही खुद मैदान में नहीं थी, लेकिन कई बड़े नेताओं के परिवारजन चुनावी समर में उतरे और जनता ने उन्हें नकार कर बड़ा राजनीतिक संकेत दे दिया। प्रदेश की राजनीति में यह नतीजे 'सत्ता की हनक' और 'जनता के फैसले' के बीच की दूरी को बखूबी बयां करते हैं। यह परिणाम भाजपा-कांग्रेस के लिए एक बड़ा राजनीतिक संदेश हैं।

### निर्दलीय निभाएंगे अहम भूमिका

**देहरादून।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की मतगणना के बाद अब जिला पंचायत अध्यक्ष को लेकर सुगबुगाहट तेज हो गई है। प्रदेश के कुल 358 में से 145 निर्दलीय प्रत्याशी जीत कर आये हैं, वहीं, कांग्रेस के 92, भाजपा के 121 अधिकृत प्रत्याशियों ने विजय प्राप्त की है। अब जिला पंचायत अध्यक्षों के पदों के लिये निर्दलीय अहम भूमिका निभाएंगे।

### जाने किस को कितनी सीटें मिलीं

जिला पंचायत की कुल सीटें-358
भाजपा समर्थित:- 121 जीते
कांग्रेस समर्थित:- 92 जीते
निर्दलीय:-145 जीते

## भाजपा ने पंचायत चुनाव में मिली शानदार जीत पर मनाया जश्न

- प्रदेश मुख्यालय में विधायकों, पदाधिकारियों और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान खिलाकर एक दूसरे को दी बधाई
- आतिशबाजी कर ढोल की थाप पर सभी लोगों ने जमकर किया नृत्य



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा प्रदेश मुख्यालय में शुक्रवार को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में पार्टी की शानदार जीत पर जमकर जश्न मनाया गया। इस दौरान प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार ने प्रचंड जीत पर खुशी जताते हुए, इसे कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का परिणाम बताया।

प्रदेश महामंत्री संगठन की मौजूदगी में पार्टी विधायकों, पदाधिकारियों और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान खिलाकर एक दूसरे को बधाई दी। प्रदेश भर से जिला पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य और ग्राम प्रधानों, वार्ड मेंबरों के पदों पर शानदार नतीजों के लिए खुशी जताई। जश्न के दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने आपस में मिष्ठान वितरित किया और आतिशबाजी की। वहीं ढोल की थाप पर सभी लोगों ने जमकर नृत्य किया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री अजेय कुमार ने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को पंचायत चुनावों में जीत के लिए बधाई दी। साथ ही इस जीत को शानदार बनाने के लिए अथक प्रयासों और मेहनत के लिए सभी कार्यकर्ताओं की प्रशंसा की। जश्न के दौरान विधायक खजान दास, सविता कपूर, सरकार में दायित्वधारी ज्योति गैरोला, श्रीमती विनोद उनियाल, डा आदित्य कुमार, प्रदेश कार्यालय सचिव कस्तूभानंद जोशी, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान, देहरादून महापौर सौरभ थपलियाल, सह मीडिया प्रभारी राजेंद्र नेगी, कमलेश रमन, सिद्धार्थ अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रीतम, आर्य व कुंजवाल बने चैंपियनों के चैंपियन: हरदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तरखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के वरिष्ट नेता हरीश रावत ने पंचायत चुनाव में पार्टी को मिली कामयाबी के बाद सोशल मीडिया में लिखा कि कांग्रेस के कई नेता चौंपियन बन कर उभरे हैं।

कहा कि पंचायती- राज- चुनाव के ज्यों-ज्यों नतीजे सामने आ रहे हैं तो कांग्रेस के कई लोग चैंपियनके तौर पर दिखाई दे रहे हैं। चकराता विधायक व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व स्पीकर गोविंद सिंह कुंजवाल स्पष्ट तौर पर चैंपियनों में भी चौंपियन दिखाई दे रहे हैं। टिहरी की तो पूरी जिला कांग्रेस चैंपियन दिखाई दे रही है, क्योंकि भाजपा को पीछे छोड़कर 15 सीटों पर सीधे-सीधे जो कांग्रेस समर्थित या कांग्रेस घोषित उम्मीदवार थे वह जीते हैं और खबरें उत्तरकाशी से भी उत्साहपूर्ण हैं, कई लोग ऐसे हैं जिन्होंने अपने-अपने प्रभाव क्षेत्र में तीन-तीन, चार-चार, 5-5 लोगों को विजयी बनाने का काम किया है, वह सब लोग मेरी नजर में चैंपियन हैं। मैं उन सब लोगों को बधाई भी देता हूं और कांग्रेस के इस कठिन समय में इतना परिश्रम करके कांग्रेसजनों को जिताने के लिए उनको बहुत-बहुत धन्यवाद भी देता हूं।

## पंचायत चुनावों के नतीजों से कांग्रेस में जश्न का माहौल

- कांग्रेस कार्यक्रर्ता 2027 की तैयारी में जुटें: माहरा
- प्रदेश मुख्यालय में मिष्ठान वितरण कर मनाई गई खुशिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड में संपन्न हुए पंचायत चुनावों में राजधानी देहरादून समेत प्रदेश भर में कांग्रेस उम्मीदवारों की जिला पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य व ग्राम प्रधानों पर मिली बड़ी जीत से उत्साहित कांग्रेस कार्यकर्ता ने शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में जम कर नारेबाजी की व मिष्ठान वितरण कर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना व महानगर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह गोगी ने एक दूसरे को व कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाई।

माहरा ने प्रदेश की जनता व पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश की जनता ने पंचायत चुनावों में सत्ताधारी भाजपा के नेताओं का घमंड व गुरूर तोड़ दिया, उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने इन चुनावों में सारी मर्यादाएं तोड़ कर राज्य निर्वाचन आयोग के कंधों पर बंदूक रख कर चुनाव जीतने का प्रयास किया, मगर राज्य की जनता ने बैलेट पेपर पर उनके खिलाफ अपनी नाराजगी प्रकट कर उनको सबक सिखा दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आगामी विधानसभा चुनावों में पार्टी को सत्ता में वापस लाने के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव नवीन जोशी, प्रदेश महामंत्री जगदीश धीमान, प्रदेश श्रम प्रकोष्ठ अध्यक्ष दिनेश कौशल, प्रदेश अध्यक्ष के मीडिया सलाहकार सरदार अमरजीत सिंह, प्रवक्ता गिरिराज किशोर हिंदवाण, प्रवक्ता डॉ. प्रतिमा सिंह, आनंद सिंह पुंडीर, विपुल नौटियाल, विशाल मौर्य, देवेंद्र सिंह, अनिल बस्नेत, विजय शाही, मोहन काला, फरमान अली, मदन मोहन कोहली व राम गोपाल वर्मा आदि उपस्थित रहे।



## प्रियंका नेगी बनीं सीएम धामी के गोद लिए गांव की प्रधान

- ग्राम सारकोट की नवनिर्वाचित युवा प्रधान को मुख्यमंत्रे ने दी बधाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** चमोली जिले में गैरसैंण के निकट सारकोट ग्राम पंचायत की नवनिर्वाचित प्रधान 21 वर्षीय प्रियंका नेगी को मुख्यमंत्री ने बधाई दी है। गैरसैंण का ये गांव मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा गोद लिया हुआ है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार सारकोट को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित कर रही है, अन्य जिलों में भी इसी तरह आदर्श ग्राम बनाए जाएंगे। जल्द ही सभी मुख्य विकास अधिकारी सारकोट का अध्ययन करने के लिए आएंगे।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को फोन पर प्रियंका नेगी को बधाई देते हुए कहा कि, जिस तरह सारकोट के ग्रामीणों ने एक पढ़ी लिखी युवा लड़की को अपना प्रधान चुना है, उसके लिए सभी ग्रामीण बधाई के पात्र हैं। मुख्यमंत्री ने प्रियंका से कहा कि अब हमें सारकोट को और विकसित करना है, गांव में कृषि, पशुपालन के साथ ही महिला स्वरोजगार से जुड़े सभी कार्य तेजी से आगे बढ़ाए जाएंगे। सरकार सारकोट को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित कर रही है। इसी की तर्ज पर अन्य जिलों में भी आदर्श ग्राम विकसित किए जाएंगे। जल्द सभी सीडीओ सारकोट के दौरे पर आएंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रियंका को देहरादून आने का भी निमंत्रण देते हुए, गांव के विकास पर मंथन करने का भी आश्वासन दिया। प्रियंका नेगी ने सारकोट को गोद लिए जाने के लिए का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, आदर्श ग्राम सारकोट में पहले के मुकाबले अब सभी जन सुविधाएं उपलब्ध हैं, गांव में कई विकास कार्य सम्पन्न हुए हैं। वो सरकार के सहयोग से गांव के विकास में योगदान देंगी।

> सारकोट को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित किया जा रहा है। हम सभी जिलों में ऐसे आदर्श ग्राम विकसित करेंगे। जहां रोजगार, स्वरोजगार के अवसरों साथ ही सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हों। इस बार के पंचायत चुनाव में कई युवा और पढ़े लिखे प्रतिनिधि निर्वाचित हुए हैं, जो त्रिस्तरीय पंचायतों के लिए एक शुभ संकेत है, सरकार पंचायतों को पूरा सहयोग प्रदान करेगी.. **पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री उत्तराखंड**

## जनता ने भाजपा को नकारा: माहरा

- 2027 में निश्चित रूप से कांग्रेस की सरकार बनेगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की कुनौतियों और निर्वाचन आयोग की कुरीतियों के विरोध में जनता ने मतदान किया है। हाईकोर्ट से सरकार और निर्वाचन आयोग की किरकिरी हो चुकी है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने शुक्रवार को राजीव भवन देहरादून में प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड पंचायत चुनावों में जिला पंचायत में कांग्रेस की बड़ी जीत हुई है। पार्टी के 198 अधिकृत प्रत्याशियों में से 138 ने जीत दर्ज की है। राजधानी देहरादून में 16 अधिकृत प्रत्याशियों में से 12 व ओपन सीटों में 4 कांग्रेस के जीत कर आये है। गढ़वाल व कुमाऊं दोनों मंडलों में कांग्रेस को बढ़त मिली है। बारह में से आठ से दस जिला पंचायत बोर्ड कांग्रेस बनाऐगी। माहरा ने मतदान के लिए राज्य की जनता का आभार जताया। उन्होंने कहा कि जनता ने कांग्रेस के पक्ष में भारी मतदान किया है। कांग्रेस को जनता ने स्पष्ट बहुमत दिया है। उन्होंने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का भी आभार जताया। भाजपा के वरिष्ठ नेता तो अपने ही बूथ पर हारे हैं, और हार के बावजूद भी भाजपा मिष्ठान वितरण कर रही है। कहा कि चुनाव में भाजपा ने बल और छल बल के आधार पर भाजपा ब्लॉक प्रमुख और जिला पंचायत अध्यक्ष बनाने में कामयाब होती है तो सीधा लोकतंत्र की हत्या होगी।




## पंचायत चुनाव: अप्रत्याशित परिणामों ने कई दिग्गजों को चौंकाया

### भाजपा के कई नेताओं के पारिवारिक सदस्य नहीं जीत पाए चुनाव

**एस. आलम अंसारी**

**देहरादून।** उत्तराखंड में हुए पंचायत चुनाव के परिणामों ने किसी को जश्न मनाने का मौका दिया है तो, कोई चारों खाने चित हुआ है। चुनाव परिणामों ने कई दिग्गजों को चौंकाते हुए उनके राजनीतिक मंसूबों को करारा झटका दिया है।

इन चुनावों में जनता ने कई बड़े दिग्गजों के उम्मीदवारों को शिकस्त झेलने के लिए मजबूर कर दिया। भाजपा के तीन वर्तमान विधायकों के उम्मीदवारों को जनता ने पंचायत चुनावों में नकारते हुए हार के लिए विवश कर दिया। भाजपा के लैंसडाउन विधायक दलीप रावत की पत्नी नीतू देवी ने पौड़ी गढ़वाल से जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ा। लेकिन नीतू पंचायत सदस्य का चुनाव ही नहीं जीत सकीं और 411 वोट से हार गईं। इसे खुद दलीप रावत के साथ ही भाजपा के लिए भी बहुत बड़ा झटका माना जा रहा है। 2027 के चुनाव में लैंसडाउन विधानसभा सीट से दलीप रावत की टिकट टिकट को लेकर क्या स्थिति रहेगी, यह देखना दिलचस्प होगा।

भाजपा को दूसरा बड़ा झटका अल्मोड़ा जिले में लगा है, यहां सल्ट विधानसभा सीट से भाजपा विधायक महेश जीना का बेटा पंचायत चुनाव हार गया। महेश जीना का बेटा करन जीना स्याल्दे की बबलिया क्षेत्र पंचायत सीट पर चुनाव हार बैठा। पंचायत चुनाव में पुत्र की यह हार महेश जीना के लिए 2027 के लिए खतरे की घंटी बजा सकती है। नैनीताल जिले में जिला पंचायत सदस्य सीट भवालीगांव से अनीता बेलवाल को बड़ी हार मिली है, उन्हें निर्दलीय उम्मीदवार लीला बिष्ट ने 4000 वोटों से हराया है। अनीता बेलवाल के पति भाजपा नेता मुकेश बेलवाल को सांसद अजय भट्ट का करीबी माना जाता है। भाजपा के भीमताल विधायक राम सिंह कैडा के परिवार से बीडीसी का चुनाव लड़ी उम्मीदवार को भी हार का मुंह देखना पड़ा है। पंचायत चुनाव के इन अप्रत्याशित परिणामों ने आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर भी दिग्गजों के सामने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।


### पति-पत्नी दोनों चुनाव हारे

अल्मोड़ा जिले में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष और उनकी पत्नी दोनों ही चुनाव हार गए । भैंसियाछाना ब्लॉक की नौगांव सीट से भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार राम 267 वोटों से चुनाव हार गए। चौंकाने वाली बात ये है कि पार्टी की सरकार और खुद मोर्चा का मंडल अध्यक्ष होने के बावजूद संतोष चुनाव हारकर तीसरे स्थान पर रह गए। संतोष कुमार राम की पत्नी पूजा देवी डूंगरलेख सीट से चुनाव हार गई।पूजा भी तीसरे स्थान पर रहीं। पंचायत चुनाव में दोनों पति-पत्नी को हार का सामना करना पड़ा।

भाजपा विधायक सरिता आर्या के पुत्र भी चुनाव हार गए। सरिता आर्या के पुत्र को कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार यशपाल आर्या ने 1200 मतों से शिकस्त दी है। सरिता आर्या 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुई थीं। उस समय सरिता कांग्रेस की महिला प्रदेश अध्यक्ष थीं। सरिता कांग्रेस से विधायकी का टिकट मांग रही थीं, लेकिन कांग्रेस ने उन्हें टिकट नहीं दिया तो उन्होंने बगावत कर दी थी। सरिता आर्या कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आईं और विधायक बन गईं, लेकिन अब पंचायत चुनाव में अपने पुत्र को जीत नहीं दिला पाई।कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आने के बाद से चमोली जिले के दिग्गज नेता राजेंद्र भंडारी की पत्नी निवर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष रजनी भंडारी पंचायत चुनाव बुरी तरह हारी हैं। रजनी भंडारी चमोली जिले के रानों वार्ड से मैदान में थीं, लेकिन उनको हार का सामना करना पड़ा। वहीं नैनीताल जिले में जिला पंचायत सदस्य पद पर भाजपा उम्मीदवार निवर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया को कड़ी शिकस्त मिली है। रामड़ी आनसिंह जैसी हॉट सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी डॉ छवि बोरा कांडपाल ने जीत हासिल कर बेला तोलिया को मैदान से बाहर कर दिया। नैनीताल जनपद में ही चोर गलियां आमखेड़ा जिला पंचायत

## पंचायत चुनाव में कांग्रेस को बड़ी सफलता मिली: काजी

**देहरादून।** मंगलौर से विधायक और कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव काजी निजामुद्दीन ने कहा कि उत्तराखंड पंचायत चुनाव में कांग्रेस को बड़ी सफलता मिली है। उन्होने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया है कि वे किसानों, युवाओं, महिलाओं और आम नागरिकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे। यह जीत उन सभी की है जिन्होंने कांग्रेस की नीतियों पर विश्वास जताया है। भाजपा सरकार के प्रति जनता में गहरा आक्रोश है।






# चुनावी रंजिश में मारपीट, 18 लोगों पर दर्ज कराया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** चुनावी रंजिश के कारण कुछ लोगों ने एक यवुक व उसे बचाने आये लोगों के साथ मारपीट कर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। गंगापुर गौसाई, कुण्डेश्वरी, निवासी जशनदीप सिंह पुत्र सलखन सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 30 जुलाई की रात लगभग 9:30 बजे वह ग्राम प्रधान रामनगर काशीपुर राजेश यादव के घर से आ रहा था, तभी तरसेम सिंह के घर के पास, ब्रेकर के पास उसने अपनी कार हल्की की, तभी तरसेम सिंह पुत्र जरनैल सिंह, विपुल चौधरी पुत्र कटार सिंह, भुपेन्द्र सिंह पुत्र अमर सिंह ने उसकी कार को रोक लिया और गाली-गलौच करने लगे। जशनदीप ने बताया कि विरोध करने पर उक्त लोग कहने लगे कि चुनाव में तू हमारा विरोध कर रहा था। आज हम तुझे बताते हैं, इतना कहते ही विपुल, तरसेम और भूपेन्द्र ने डंडे से कार के शीशे तोड़ने शुरु कर दिये। जैसे ही वह कार से बाहर निकल कर आया तो वहां पर हरजोत सिंह पुत्र तरसेम सिंह, शानू पुत्र चन्द्रपाल, आकाश पुत्र शम्भू, विशाल पुत्र गजराम, निखिल पुत्र गजराम, विकास पुत्र गजराम, अजय पुत्र रामप्रसाद, शिवम पुत्र वीरपाल, प्रियांशु पुत्र महावीर, हर्ष, सिम. रनजीत सिंह पुत्र अजमेर सिंह, अमन पुत्र वीरपाल, अंकित पुत्र राकेश, रवि पुत्र बाबूराम, अचिन पुत्र गजेन्द्र, रोहन पुत्र राम कमार ने एक राय होकर उसे घेर लिया और पीटने लगे। जशनदीप ने बताया कि विपुल ने जान से मारने की नीयत से उसके सिर पर डंडे से वार किया और अन्य सभी लोगो ने मिलकर उसके साथ मारपीट शुरु कर दी। शोर सुनकर वहां से गुजर रहे राम प्रसाद मुखर्जी, विमल, संदीप मुखर्जी, गणेश मुखर्जी आदि ने इन लोगों से उसे बचाने का प्रयास किया तब सभी लोगों ने उनके ऊपर भी हमला बोल दिया। जशनदीप ने बताया कि इतने में सुमित भी वहां आया और उसने भी बचाने का प्रयास किया तो ये लोग सुमित से जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर उससे भी मारपीट करने लगे। इतने में भूपेन्द्र ने अपनी अंटी से तमन्चा निकालकर उसके ऊपर जान से मारने की नीयत से फायर किया जिससे वह बाल-बाल बच गया। वहां पर काफी भीड़ इकठ्ठा हो गई और किसी ने पुलिस को फोन करने की बात कही तो यह लोग उसे व अन्य लोगों को आगे मिलने पर जान से मारने की धमकी देकर चले गये। जशनदीप ने बताया कि इस मारपीट में उसे व राम प्रसाद मुखर्जी, विमल, संदीप मुखर्जी, गणेश मुखर्जी को गम्भीर चोट आई थी। सबको सरकारी अस्पताल, काशीपुर ले जाया गया जिसमें राम प्रसाद मुखर्जी विमल, संदीप और गणेश की गम्भीर चोटों के कारण सरकारी अस्पताल काशीपुर से सुशीला तिवारी हल्द्वानी के लिये रेुर कर दिया गया। जशनदीप की तहरीर के आधार पर पुलिस ने उपरोक्त 18 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## महापौर ने किया विजयी जनप्रतिनिधियों का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में निर्वाचित हुए जनप्रतिनिधियों का आज नगर निगम कार्यालय में महापौर दीपक बाली ने स्वागत किया और उन्हें जीत की बधाई देते हुए उनके मंगलमय राजनीतिक जीवन की कामना की। विजयी जनप्रति. निधियों में प्रधान अंकुल सिंह ग्राम शिवलालपुर अमर झंडा, प्रधान रवि सिंह ग्राम धनौरी पट्टी, प्रधान अजय पाल ग्राम भोगपुर, प्रधान पायल चौधरी ग्राम कुंडेश्वरी, क्षेत्र पंचायत सदस्य गुरदास सिंह ग्राम राजपुरा रानी, क्षेत्र पंचायत सदस्य बिक्कर सिंह शिवलालपुर बघेलेवाला गिरधई शामिल हैं, जिनका मेयर दीपक बाली द्वारा स्वागत करते हुए उनसे आह्वान किया कि वह क्षेत्र के विकास में जुट जाएं। इस दौरान पूर्व ब्लाक प्रमुख गुरमुख सिंह, जसवीर सिंह सैनी, चौधरी समरपाल सिंह, मंडल महामंत्री जगवन्त सिंह पूर्व प्रधान, जयप्रकाश सिंह, गजराम सिंह, रतन सिंह, संजीव शर्मा, सतनाम सिंह, कुलदीप सिंह, नरेश सिंह, कुंवर सिंह, दर्शन रावत, कैप्टन पृथ्वी सिंह आदि भी मौजूद रहे।

## एक नजर....

### प्रो. विश्वनाथ की नियुक्ति पर हर्ष

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ कूटा ने राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चमोली के प्राचार्य प्रो. विश्वनाथ ख्याली के निदेशक उच्च शिक्षा उत्तराखंड बनने पर खुशी व्यक्त की है तथा डा. ख्याली को बधाई दी है। प्रो. ख्याली अंग्रेजी के प्रोफेसर हैं। कूटा की तरफ से प्रो. ललित तिवारी, डा. विजय कुमार, प्रो. नीलू लोदियाल, डा. दीपक कुमार, डा. संतोष कुमार, डा. पैनी जोशी, डा. उमंग सैनी, प्रो. अनिल बिष्ट, डा. रितेश साह, डा. युगल जोशी, डा. नगेंद्र शर्मा ने शुभकामनाएं दी हैं।

### विपिन जंतवाल ने दर्ज की जीत

**नैनीताल।** जिला पंचायत चुनाव में जंगलियागांव से जिला पंचायत सदस्य पर विपिन जंतवाल ने जीत हासिल की। इसके अलावा अमृतपुर जिला पंचायत सदस्य पद पर हेमा भट्ट ने जीत हासिल की तथा मेहरागांव जिला पंचायत सदस्य सीट पर जिशांत कुमार ने जीत हासिल की। इसके अलावा ज्योलीकोट जिला पंचायत सदस्य सीट पर देवकी बिष्ट ने जीत हासिल की है। सभी प्रत्याशियों ने अपने वोटर और समर्थकों का आभार व्यक्त किया है।

### आभा गर्खाल की वेतनमान में पदोन्नति

**पंतनगर।** विश्वविद्यालय में कार्यरत नियंत्रक आभा गर्खाल का विभागीय चयन समिति की संस्तुति के आधार पर अतिकाल वेतनमान (पे मैट्रिक्स) में पदोन्नति की गयी है। पदोन्नति के पश्चात आभा गर्खाल पुन: विश्वविद्यालय में नियंत्रक के पद पर अपने कार्यों का निर्वाहन करेंगी।

### विवि के विद्यार्थियों का नामी कम्पनी में चयन

**पंतनगर।** विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय में मैसर्स एडु-वर्सिटी कम्पनी द्वारा मूल्यांकन परीक्षण एवं साक्षात्कार के आधार पर विश्वविद्यालय के 6 विद्यार्थियों क्रमश: सुषमा एवं दिव्यांश जोशी (बी.टेक बायोटेक्नोलॉजी), सौमी मंडल (एमएससी एजी. मोलिक्यूलर बायोलाजी एण्ड बायोटेक्नोलाजी), निखिलेश सिंह बीटेक (एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग), संध्या राज (एम.टेक इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग) तथा समृद्धि जोशी (बीएससी ऑनर्स, एजी) का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के उपरान्त 8 लाख रुपये प्रतिवर्ष के साथ ही अन्य सुविधाएं देय होगी। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासों की सराहना की तथा चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। सेवायोजन एवं परामर्श निदेशक डा. एमएस नेगी और सह निदेशक डा. गीता पाठक ने भी सफल विद्यार्थियों को बधाई दीं व चयनित विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बताया कि पूर्व की भांति भविष्य में भी निदेषालय अन्य क्षेत्रों में भी विद्यार्थियों के सेवायोजन हेतु प्रयासरत रहेगा।

### रचना गांधी ने किया उत्तराखंड का नाम रोशन

**काशीपुर।** सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव में काशीपुर की बेटी रचना गांधी एडवोकेट ने एक्सीक्यूटिव मेम्बर का चुनाव जीतकर उत्तराखंड का नाम रोशन किया है। 2025-26 की कार्यकारिणी में दूसरी बार एक्सीक्यूटिव मेम्बर का चुनाव जीतने वाली रचना गांधी एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट में उत्तराखण्ड की पहली ऐसी अधिवक्ता हैं, जिन्होंने सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन में दूसरी बार एक्सीक्यूटिव मेम्बर का चुनाव जीता है। ज्ञातव्य है कि रचना गांधी सुप्रीम कोर्ट में एक दशक से अधिक समय से उत्तराखण्ड राज्य सरकार की पैनल अधिवक्ता हैं और सुप्रीम कोर्ट लीगल सर्विसेज कमेटी की भी पैनल अधिवक्ता हैं। वे सुप्रीम कोर्ट में सर्टिफाइड मीडियेटर भी हैं। काशीपुर के मौहल्ला पक्काकोट निवासी वरिष्ठ नेता स्व. मिथलेश गांधी की सुपुत्री रचना गांधी एडवोकेट को एक्सीक्यूटिव मेम्बर का चुनाव जीतने पर नगर के अधिवक्ताओं एवं गणमान्य व्यक्तियों ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### लायंस क्लब काशीपुर सिटी ने किया पौधारोपण

**काशीपुर।** लायंस क्लब काशीपुर सिटी द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत तीर्थ द्रोणा सागर पर काशीपुर डेवलपमेंट फोरम के सहयोग से वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया, जिसमें फलदार छायादार और फूलों के पौधे लगाए गए। इस मौके पर क्लब के सदस्यों के साथ-साथ केडीएफ अध्यक्ष राजीव घई और समाजसेवी चक्रेश जैन द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग दिया। इस मौके पर क्लब अध्यक्ष एमजेएफ लायन समर पाल सिंह ग्रेवाल, क्लब सचिव लायन जसवीर सिंह, क्लब कोषाध्यक्ष लायन स्वतंत्र कुमार मेहरोत्रा, एमजेएफ लायन सुखविंदर सिंह, पूर्व क्लब अध्यक्ष लायन जगतार सिंह ढिल्लों के अलावा लायंस क्लब काशीपुर सिटी के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

### गुलदार पकड़ने के लिए लगाए कैमरे

**बागेश्वर।** वन विभाग की टीम ने तीसरे दिन में पतौजा में रातभर गश्त की। गांव में चार ट्रैप कैमरे लगाए हैं। लोगों को भी जागरूक करने का काम वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा किया गया। बता दें कि तीन दिन पहले गुलदार ने यहां एक बुजुर्ग महिला पर जानलेवा हमला कर दिया था। उसके सिर पर 60 टांके लगे हैं। इसके बाद रेंजर दीप चंद्र जोशी के नेतृत्व में वन विभाग की टीम गांव में जमी है। रात को गश्त बढ़ा दी है। ट्रैप कैमरे लगाए हैं। यदि कैमरे में गुलदार की धमक दिखी तो उसके बाद पिंजड़ा लगाया जाएगा। इधर ग्रामीणों ने विभाग जल्द से जल्द गुलदार को पकड़ने की मांग की है। लोगों का कहना है कि उनका शाम होते ही घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। ऐसे में छोटे बच्चों के और परेशानी बढ़ गई है।

## पीएफ की जानकारी के लिए सेमिनार

**काशीपुर।** कुमायूँ गढ़वाल चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री द्वारा चैम्बर हाऊस में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की योजनाओं के बारे में जानकारी देने हेतु एक सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि रीजनल पीएफ कमिश्नर-।। कुमायूँ रेंज, सिद्धार्थ सिंह थे। मंच पर केजीसीसीआई अध्यक्ष पवन अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश कुमार मिढा, महासचिव नितिन अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष अंकित बंसल उपस्थित रहे। संचालन केजीसीसीआई के महासचिव नितिन अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए केजीसीसीआई अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने कहा कि 'निधि आपके निकट' कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की एक परिणामोन्मुखी पहल है, जिसके माध्यम से सरकार रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करने के लिए सार्थक प्रयास कर रही है। केजीसीसीआई के महासचिव नितिन अग्रवाल ने कहा कि यह कार्यक्रम हमारे लिए एक सुनहरा अवसर है, जिसमें हमें रीजनल पीएफ कमिश्नर। कुमायूँ रेंज सिद्धार्थ सिंह से सीधे संवाद करने और भविष्य निधि संगठन की योजनाओं, पहल एवं अनुपालनों की जानकारी प्राप्त करने का सौभाग्य मिलेगा। इसके बाद ईपीएफओ अधिकारी तरुण त्रिपाठी द्वारा स्लाइड प्रेजेंटेशन के माध्यम से महत्वपूर्ण बिंदुओं को विस्तारपूर्वक समझाया गया। इस अवसर पर विजय कुमार जिंदल, अनूप कुमार सिंह, संजीव तोमर, भास्कर शर्मा, विकास सिंह, विकास अग्रवाल, प्रवीन कुमार, बीएस सहरावत, शुभांगी दूबे, श्याम सिंह, पूजा, पीयूष रस्तोगी, मो. नारि अहमद, विक्रम सिंह, विनय मिश्रा, डीके वर्मा, सुरेन्द्र सिंह राणा, सुनील कुमार, संजय शर्मा, अतुल कुमार मिश्रा, आकाश गुप्ता, रमेश शर्मा, अरविन्द कुमार, विवेक कुमार थे।

## विनीत संगल बने नए अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** रोटरी क्लब काशीपुर ने अपना 37वां इंस्टॉलेशन समारोह दढियाल रोड स्थित रिसोर्ट में गत सायं धूमधाम से मनाया, जिसमें क्लब के सदस्यों, विशिष्ट अतिथियों एवं शहर के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर रोटेरियन विनीत संगल को 2025-2026 के लिए रोटरी क्लब काशीपुर का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उनके साथ वर्ष 2025-26 के लिए कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों का भी पदग्रहण हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सीए रोटेरियन राजन विद्यार्थी, विशिष्ट उपस्थिति रोटेरियन देवेन्द्र अग्रवाल, पवन अग्रवाल, रोटेरियन मोहन गुप्ता, चीफ डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी, कार्यक्रम में निवर्तमान अध्यक्ष रोटेरियन डॉ. पुनीत बंसल एवं सचिव रोटेरियन पारस मेहरोत्रा को उनके वर्ष भर के उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। नए अध्यक्ष एवं बोर्ड का स्वागत पूरे उत्साह के साथ हुआ। रोटरी क्लब काशीपुर, सेवा कार्यों की अपनी प्रतिबद्धता के साथ, आने वाले वर्ष को सामाजिक परिवर्तन एवं जनकल्याण के क्षेत्र में और भी प्रभावशाली बनाने के लिए तत्पर है।



## इंडियन ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन 3 से 10 अगस्त तक मनाएगी 'बोन एंड ज्वॉइंट' वीक




**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** इंडियन ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन प्रत्येक वर्ष 'बोन एंड ज्वॉइंट' वीक मानती है जो कि इस साल 3 से 10 अगस्त तक मनाया जा रहा है, जबकि बोन एंड ज्वॉइंट-डे 4 अगस्त को है। इंडियन ऑर्थोपेडिक सोसाइटी की स्थानीय शाखा के डॉक्टर्स इन सभी गाइडलाइन्स को मानते हुए इस सप्ताह उक्त वीक के अनुसार ही काम करेंगे। इस साल की थीम 'ओल्ड इज़ गोल्ड' है, जिसमें इंडियन ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के सभी मेंबर्स बुजुर्गो की कैसे मदद की जाए उस पर काम करेंगे। इस सप्ताह में डॉ. दर्पण गोविल, डॉ. त्रिभुवन अग्रवाल, डॉ. तरुण सोलंकी, डॉ. एके सिरोही 60 वर्ष से अधिक के मरीजों को आधी फीस पर देखेंगे। इसके अलावा, 4 अगस्त को सायं 5 बजे होटल प्रेमदीप में वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के साथ मिलकर एक प्रोग्राम किया जायेगा, जिसमें डॉ. तरुण, डॉ. त्रिभुवन एवं डॉ. दर्पण सभी बुजुर्गो को समझायेंगे कि कैसे गिरने से बचना है व कुछ जरुरतमंद बुजुर्गो को चलने की स्टिक देंगे। हढियों में कैल्शियम की जांच भी की जायेगी। इसी के तहत डॉ. त्रिभुवन भी 5 अगस्त को अपने सेंटर पर बीएमडी कर रहे हैं। प्रेस को उक्त जानकारी काशीपुर ऑर्थोपेडिक सोसाइटी के प्रेजिडेंट डॉ. दर्पण गोविल, सेक्रेटरी डॉ. तरुण सोलंकी, कोषाध्यक्ष डॉ. एके सिरोही, आईएमए प्रेजिडेंट डॉ. यशपाल रावत एवं आईएमए सेक्रेटरी डॉ. एके बंसल ने दी।

## स्कूली बसों की चैकिंग अभियान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** स्कूली बच्चों के आवागमन को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को परिवहन विभाग की ओर से विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई है। आगामी 03 अगस्त तक चलने वाले विशेष अभियान के तहत बुधवार को कुल 124 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। जिसमें 35 स्कूली वाहन शामिल रहे। आरटीओ अनीता चंद ने बताया कि अल्मोड़ा, बागेश्वर और पिथौरागढ़ के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में 1 से 3 अगस्त तक स्कूल वाहनों के विरुद्ध विशेष जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। अभियान के तहत स्कूल बसों में ओवरलोडिंग, सभी प्रपत्रों की जांच, चालक के लाइसेंस तथा स्कूल वाहन के मानक की जांच की जा रही है। बताया कि अल्मोड़ा में चले अभियान के दौरान 53 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। जिसमें बिना फिटनेस चल रहे स्कूली बस समेत 03 वाहनों को सीज किया गया। साथ ही ओवरलोड स्कूल बस समेत बिना मानक पूर्ण करे चल रही 04 अन्य स्कूल बसों के संचालकों पर भी कार्रवाई की गई। वहीं बागेश्वर में 17 स्कूली वाहनों समेत 21 तथा पिथौरागढ़ में 12 स्कूली वाहनों समेत 50 वाहन चालक यातायात नियमों का उल्लंघन करते मिले। जिनके खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। आरटीओ अनीता चंद ने बताया कि स्कूली बच्चों के आवागमन को सुरक्षित बनाने के लिए विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। बताया कि नियमों के उल्लंघन पर आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। टीम में एआरटीओ रश्मि भट्ट, एआरटीओ मुकेश चंद्र जोशी, टीटीओ अखिलेश चौहान आदि शामिल रहे।





## सभासदों ने बनाया संगठन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** नगर पालिका के सभासदों का संगठन बनाया गया। संगठन में सर्वसहमति से नवीन रावल को अध्यक्ष चुना गया। जबकि ललित मोहन तिवाड़ी सचिव चुने गए।स्थानीय एक होटल में नगर पालिका के सभी 11 सदस्यों की एक बैठक हुई। बैठक में सर्वसहमति से सदस्यों ने संगठन बनाया। वक्ताओं ने कहा कि संगठन बनाने का मुख्य उद्देश्य नगर के सभी वार्डो में एकजुट होकर समस्याओं का समाधान करना है। ताकि जनता के भरोसे पर नगर पालिका खरा उतर सके। इसी क्रम में सभी सभासदों ने सर्वसहमति से नवीन रावल को अध्यक्ष, कैलाश आर्या उपाध्यक्ष, ललित मोहन तिवाड़ी सचिव, नीमा जोशी महिला उपाध्यक्ष, नवीन आर्या कोषाध्यक्ष तथा प्रेम सिंह हरडिया को संरक्षक चुना गया। बैठक में सभी वक्ताओं ने एकजुट होकर नगर की समस्याओं दूर करने का संकल्प लिया। जिसके लिए सभी ने कहा उन्होंने चेयरमैन सुरेश खेतवाल का सहयोग लेने की बात कही। वही संगठन को मजबूत करने के लिए सभी सभासदों द्वारा प्रतिमाह 500 रुपए संगठन के कोष में जमा करने की सहमति बनी। इस मौके पर सभासद विक्की सुयाल, विजयपाल सिंह मटियानी प्रेम सिंह ज्योति पूना आदि मौजूद थे।



## धारी पंचायत चुनाव परिणाम घोषित



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**धारी।** धारी क्षेत्र में पंचायत चुनाव के परिणाम घोषित हो गए हैं। पहले चरण में ग्राम पंचायतों और क्षेत्र पंचायत सदस्य पदों पर कई उम्मीदवारों ने अपनी जीत दर्ज की है। ग्राम पंचायत परबड़ा में भगवती बिष्ट ने 401 मतों से जीत हासिल की। ग्राम पंचायत सुनकिया से कविता ने 165 मतों से विजय प्राप्त की। ग्राम पंचायत बुरांशी से अखिलेश सिंह ने 94 मतों से जीत दर्ज की। ग्राम पंचायत सुनकिया से पूर्णिमा डंगवाल ने 299 मतों से विजय प्राप्त की। ग्राम पंचायत कौल से गीत देवी ने 262 मतों से जीत हासिल की। ग्राम पंचायत चौखुटा से लक्ष्मी देवी ने 490 मतों से विजय प्राप्त की। ग्राम पंचायत कोकिला से गीता देवी ने 113 मतों से जीत दर्ज की। ग्राम पंचायत बूढ़ीबना से ममता ने 316 मतों से विजय प्राप्त की। ग्राम पंचायत गजार से शीतल बिष्ट ने 170 मतों से जीत हासिल की। क्षेत्र पंचायत सदस्यों में ग्राम सभा चोखूटा से जगत सिंह बिष्ट ने 458 मतों से जीत दर्ज की। ग्राम सभा गजार से ममता बिष्ट ने 318 मतों से विजय प्राप्त की। ग्राम सभा सुनकिया से चम्पा डंगवाल ने 345 मतों से जीत हासिल की। ग्राम सभा परबड़ा से बीना देवी ने 428 मतों से विजय प्राप्त की। ग्राम सभा बूढ़ीबना से गीता बिष्ट ने 506 मतों से जीत दर्ज की। अघरिया ग्राम सभा में रेखा आर्या ने प्रधान पद पर 465 मतों से जीत दर्ज की। इसके अलावा रेखा देवी ने क्षेत्र पंचायत सदस्य पद पर 417 मतों से विजय प्राप्त कर राजनीति में कदम रखा है। रेखा देवी हमेशा से ही सामाजिक कार्यों में सक्रिय रही हैं और लोगों की मदद करने में कभी पीछे नहीं हटीं।

## प्रेम आर्य की ऐतिहासिक जीत



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**शांतिपुरी।** जिला पंचायत क्षेत्र प्रताप. पुर, ब्लॉक रुद्रपुर से निर्वाचित प्रत्याशी प्रेम आर्य ने ढाई हजार से अधिक वोटों के अंतर से शानदार जीत हासिल की है। उनकी इस ऐतिहासिक जीत पर शांतिपुरी गोल गेट से लेकर उनके आवास तक ढोल-नगाड़ों के साथ जनसमूह ने फूलमालाओं से उनका भव्य स्वागत किया। विजयी उम्मीदवार प्रेम आर्य ने इस अवसर पर क्षेत्र की जनता और अपने समर्थकों का आभार जताते हुए कहा प्रतापपुर की महान जनता ने मुझ पर भरोसा जताया है, जिसके लिए मैं उनका हृदय से आभारी हूँ। पिछले कार्यकाल में जो कमियां रह गई थीं, उन्हें दूर करने का पूरा प्रयास किया जाएगा। प्रेम आर्य का यह चुनावी सफलता उनके परिवार के राजनी. तिक इतिहास को और मजबूती प्रदान करता है। उनकी धर्मपत्नी दीपा आर्य पूर्व में जिला पंचायत सदस्य रह चुकी हैं। इस बार आरक्षण के कारण प्रेम आर्य ने स्वयं चुनाव लड़ा और बड़े अंतर से जीत हासिल की। प्रतापपुर क्षेत्र की जनता ने लगातार छठी बार प्रेम आर्य के परिवार को अपना समर्थन दिया है। शांतिपुरी और जवाहर सहित पूरे पंचायत क्षेत्र की जनता ने हमेशा उन्हें आशीर्वाद दिया है, जो इस बार भी कायम रहा। इस दौरान डा. गणेश उपाध्याय, नारायण सिंह बिष्ट, राज. ेंद्र शर्मा, विनोद कोरंगा, बिशन सिंह कोरंगा, नरेश बिष्ट, गणेश तिवारी, प्रिंस कुंवर, चंचल कोरंगा, खड़क सिंह मेहता, कपिल धोनी, दीपक गडिया, इंद्रास, उमेश वर्मा सहित सैकड़ों समर्थक उपस्थित रहे।

## ताड़ीखेत में जीत के बाद मना जश्न

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**रानीखेत।** ताड़ीखेत ब्लॉक के दूरस्थ ग्राम पंचायत मेहलखंड में चारु चंद्र सिंह खाती ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी रघुवीर सिंह खाती को कड़े संघर्ष में 30 मतों से पराजित किया। उनकी इस जीत पर समस्त ग्राम वासियों ने हर्ष जताया और ग्राम में विजय जुलूस निकाला। जीत के बाद नवयुक्त प्रधान चारू चंद्र सिंह खाती ने कहा कि वह अपने क्षेत्र के विकास और समृद्धि के लिए निरंतर प्रयास करते रहेंगे। यहां भोपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह, राजीव चंद्र खाती, कृष्ण सिंह खाती, दलजीत सिंह, पुष्कर सिंह रावत, हरीश सिंह, पूरन सिंह खाती आदि मौजूद रहे। वहीं, मंगचौड़ा क्षेत्र पंचायत सदस्य सीट से बबली मेहरा, मंगचौड़ा ग्राम प्रधान सीट पर पूजा मेहरा, मकड़ौ क्षेत्र पंचायत सीट से रचना रावत और बधाण ग्राम प्रधान सीट पर बीना बोरा ने जीत दर्ज की है।



## एसएसजे परिसर पहुंचे आयुक्त दिव्यांगजन

**अल्मोड़ा।** आयुक्त दिव्यांगजन प्रो. हिमांशु शेखर झा शुक्रवार को सोबन सिंह जीना परिसर अल्मोड़ा पहुंचे। यहां पहुंचने पर परिसर निदेशक प्रो प्रवीण सिंह बिष्ट और शोध एवं प्रसार निदेशालय के निदेशक प्रो. जगत सिंह बिष्ट ने शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। बैठक के दौरान उन्होंने उत्तराखंड राज्य में दिव्यांगजन के हितार्थ संचालित योजना व परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अपनाए जाने वाले नवाचार, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, पुनर्वास सेवाएं, समावेशी शिक्षा और कौशल विकास आदि विषयों पर संवाद किया। उन्होंने बताया कि संवाद के दौरान पहाड़ की टोपोग्राफी को बाधारहित बनाने, दिव्यांग हेल्प डेस्क बनाने, पाठ्यक्रमों में आरक्षण, शैक्षिक एवं गैर शैक्षिक पदों पर प्रतिनिधित्व देने आदि पर चर्चा की।

## मारपीट के आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की उठाई मांग

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** नवनिर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्य से मारपीट का मामला सामने आया है। मामले में समर्थकों और अन्य ने कोतवाली का घेराव कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। गुरुवार रात सरसों क्षेत्र पंचायत सीट से जीत दर्ज करने वाले रोहन कुमार आर्या अपने समर्थकों के मतगणना स्थल से घर जा रहे थे। रास्ते में एक व्यक्ति और उसके साथियों ने लोहे के हथियार और डंडों से रोहन कुमार आर्या व उनके समर्थकों दिनेश चंद्र, नवीन बिष्ट, नंद लाल व अन्य लोगों के साथ मारपीट की। नव निर्वाचित रोहन कुमार आर्या समेत अन्य साथियों को काफी चोट आई हैं। कहना है कि आरोपियों ने मारपीट करने के साथ जातिसूचक शब्दों का भी प्रयोग किया। इस घटना को लेकर सफाई कर्मचारियों व लोगों का आक्रोश भड़क उठा। आक्रोशित सफाई कर्मचारी व लोग शुक्रवार को कोतवाली पहुंचकर घेराव किया। विरोध जताकर आरोपियों को गिरफ्तार करने और एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करने की मांग की। मामले को लेकर पुलिस को तहरीर सौंपी। यहां पूर्व दर्जा राज्य मंत्री एके सिंकदर पवार, राजपाल पवार, सुरेश चंद्र, प्रमोद पवार आदि मौजूद रहे। इधर, कोतवाल योगेश चंद्र उपाध्याय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।



## विक्टर मोहन जोशी इंटर कॉलेज में पोस्टर प्रतियोगिता

### छात्र-छात्रओं ने मानक क्लब के उद्देश्यों को समझा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** भारतीय मानक ब्यूरो के अन्तर्गत पीएमश्री विक्टर मोहन जोशी स्मारक राइका बागेश्वर में गठित मानक क्लब की गतिविधि पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में मानक क्लब के लगभग सभी छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस गतिविधि के माध्यम से बच्चों ने मानक क्लब के महत्व और उद्देश्यों को समझा। वक्ताओं ने बताया कि मानक क्लब का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को गुणवत्ता और विश्वसनीयता के बारे में जागरूक करना है जिससे वे अपने दैनिक जीवन में सुरक्षित और गुणवत्ता वाले उत्पादों का उपयोग कर सकें। बच्चों ने आईएसआई मार्क, हॉल मार्क और आर मार्क उत्पादों की पहचान के लिये सीएमएल नम्बर, एचयूआईडी नम्बर तथा सीआरएस नम्बर का प्रयोग करना सीखा। उन्होंने यह भी जाना कि बीआईएस केयर ऐप के द्वारा कैसे शिकायत दर्ज की जा सकती है तथा कैसे मानकों के बारे में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। प्रधानाचार्य दीप चन्द्र जोशी ने मानकों के माध्यम से विज्ञान को सीखना गतिविधि के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए कहा कि इससे छात्र-छात्राओं को विज्ञान और मानकों के बीच सम्बन्ध को समझने में मद्द करना, बच्चों को मानकों के महत्व व उपयोग के बारे में जानकारी देना तथा बच्चों को विज्ञान के माध्यम से समस्या समाधान कौशल विकसित करने में मद्द करना है। पोस्टर प्रतियोगिता में रोशनी आर्या, गीतांजली मेर, पीयूष मेर तथा सीता ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। जिन्हें क्रमश: 1000, 750, 500 तथा 250 रूपये का नकद पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर नेहा माजिला, पूनम धामी, कोमल राणा, सविता भौर्याल, महिपाल सिंह खेतवाल, सुशीला रावत, राजेश आगरी, हरीश रावल, मीरा देवी आदि लोग मौजूद थे।

## 18 से आंदोलन की चेतावनी

**अल्मोड़ा।** आशासकीय माध्यमिक शिक्षक संघ ने सेवानिवृत्त शिक्षकों को देयकों का भुगतान करने की मांग उठाई है। मामले को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर 18 अगस्त से आंदोलन में चले जाने की चेतावनी दी। ज्ञापन में कहा कि प्रभारी सीईओ गठित समिति ने सभी सदस्यों के अंतिम आहरित वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन देने पर सहमति और हस्ताक्षर किए। प्रभारी सीईओ अपने पद का दुरुप्रयोग कर शिक्षकों का उत्पीड़न कर रहे हैं। चेतावनी दी कि यदि 17 अगस्त तक पेंशन प्रकरणों का निस्तारण नहीं हुआ तो संगठन 18 अगस्त से प्रभारी सीईओ कार्यालय में प्रदर्शन शुरू करेगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। यहां ज्ञापन सौंपने वालों में आशासकीय माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष हीरा सिंह मेहरा समेत अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# लूडो में लाखों गंवाए, बीएससी की छात्रा ने फांसी लगाकर जान दी

## बरेली रोड की स्पेरो कालोनी की रहने वाली थी छात्रा, सुसाइड नोट बरामद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आनलाइन लूडो में लाखों रूपये हारने के बाद एक बीएससी की छात्रा ने कमरे में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और शव को फंदे से निकाल. कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कमरे से पुलिस को छात्रा द्वारा लिखा एक सुसाइड नोट बरामद हुआ जिसमें उसने मरने की वजह आनलाइन लूडो गेम का जिक्र करते हुए कहा कि वह गेम में करीब चार से पांच लाख रूपये हार चुकी है। इसलिए वह खुदखुशी कर रही है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार बरेली रोड निवासी 21 वर्षीय हर्षिता जोशी एमबीपीजी कालेज में बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा थी। जबकि उसके सके पिता प्रेमानंद जोशी जेल पुलिस अल्मोड़ा में तैनात हैं। बताया जा रहा कि हर्षिता आज शुक्रवार को घर पर अपनी मां व भाई के संग थी। दोपहर को हर्षिता का भाई व मां किसी काम से बाजार को चली गई थी और घर पर हर्षिता अकेली थी। जब वह थोड़ी देर बाद बाजार से काम खत्म कर घर वापस पहुंचे और कमरा खोल. कर अंदर जैसे ही प्रवेश किया तो हर्षिता को फंदे से लटका देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। घर से निकली चिखपुकार सुनकर आसपास के लोग भी एकत्र हो गए। जिसके बाद उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने हर्षिता को फंदे से उतारकर उसे सुशीला तिवारी लाया गया। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने जब घटनास्थल की छानबीन की तो पुलिस को कमरे से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ। बताया जा रहा कि पुलिस को मिले सुसाइड नोट में हर्षिता ने मरने से एक सुसाइड नोट लिखकर छोड़ा है जिसमें उसने मोबाइल पर आनला. इन लूडो गेम खेलने की बात कहीं और कहा कि लूडों में उसको पहले अच्छा मुनाफा हुआ फिर बाद में वह अपने माता पिता के चार पांच लाख हार चुकी है। उसने आगे अब से ऐसा कुछ नहीं होगा और हो सके तो मुझे माफ कर देना। इधर कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि शुक्रवार देर शाम पुलिस ने शव पोस्टमार्टम कराके शव परि. जनों को सौंप दिया है।

## संदिग्ध हालत में युवती की मौत

**हल्द्वानी।** सिडकुल में काम करने वाली एक युवती बेसुध हालत में एक फार्म हाउस के बाहर पड़ी हुई मिली जिसे 108 की मदद से सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां पर युवती ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार रंपुरा निवासी महिपाल की 21 वर्षीय पुत्री रोशनी रुद्रपुर स्थित एक सिडकुल में काम करती है। बताया जा रहा कि बीते गुरूवार को वह घर से डूयूटी के लिए निकाली थी। संदिग्ध परिस्थितियों में रोशनी बेसुध हालत में एक फार्म हाउस के बाहर पड़ी हुई। आनन फानन में लोगों ने तुरंत 108 की मदद से उपचार के लिए हल्द्वानी सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां रात्रि के दौरान युवती ने उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा कि युवती के संदिग्ध हालत में जहर खाने की बात आ रही है साथ ही युवती के शरीर में नाखूनों के नोंचने के भी निशान मिले है। शुक्रवार को पुलिस ने युवती का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया और इधर पुलिस ने रूद्रपुर पुलिस को भी इस घटना की सूचना दे दी।

## निश्चल बने उपाध्यक्ष

**हल्द्वानी।** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर ने युवा कारोबारी निश्चल जोशी को मंडलीय उपाध्यक्ष पद के लिए मनोनीत किया है। इस नियुक्ति को संगठन के वरिष्ठ नेतृत्व का भरपूर समर्थन मिला है। नवनियुक्त मंडलीय उपाध्यक्ष निश्चल जोशी ने इस जिम्मेदारी के लिए संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह मंडल के विकास और सदस्यों के हितों के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। जोशी के मनोनयन पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अनिल खंडेलवाल, प्रदेश प्रभारी जगमोहन चिलवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल भट्ट, प्रदेश महामंत्री राज. कुमार केसरवानी सहित मंडल अध्यक्ष हेमंत मेर और जिला अध्यक्ष राकेश बेलवाल, आफताब हुसैन, अजय कृष्ण गोयल, रवि गुप्ता, मनोज खुल्वे, नेत्र जोशी, बृजमोहन सिजवाली, मनीष अग्रवाल, अविनाश गुप्ता, विनय चौहान, युवा इकाई जिलाध्यक्ष नितिन खुल्वे ने बधाई दी।



# आठ माह की गर्भवती ने तोड़ा दम, दो अस्पतालों में नहीं मिला बेहतर उपचार

## निजी अस्पताल के बाद डा. सुशीला तिवारी में भेजा गया था

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सरकारी अस्पतालों में अक्सर इलाज की गुणवत्ता को लेकर आरोप-प्रत्यारोप लगते रहते हैं, लेकिन इस बार एक गर्भवती महिला की मौत ने सवाल खड़े कर दिए हैं। आठ महीने की गर्भवती महिला को इलाज के दौरान कोई विशेष राहत नहीं मिली, जिससे उसकी जान चली गई। महिला के परिजनों ने अस्पतालों पर बेहतर उपचार न देने का आरोप लगाया है। पंतनगर के पंत विहार कालोनी निवासी 29 वर्षीय स्वाति पांडे, जो कि आठ महीने की गर्भवती थी, अपने मायके में रह रही थी, जबकि उसके पति लुधियाना (पंजाब) में काम करते हैं। बताया जा रहा कि बीते गुरुवार शाम को स्वाति की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उसे तत्काल इलाज के लिए मुखानी



चौराहे स्थित एक निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहां कुछ देर उपचार के बाद उसकी हालत और बिगड़ गई। आनन फानन में उसे सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर किया गया। हालांकि वहां भर्ती होने में कुछ समय लगने पर और इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। परिजनों ने दोनों अस्पतालों पर आरोप लगाया कि उन्हें उचित इलाज नहीं मिला, जिससे महिला की जान चली गई। कोतवाली प्रभारी राजेश कुमार यादव ने बताया कि इस घटना की जांच की जा रही है। मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में शव का पोस्टमार्टम किया गया है, और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत की सही वजह का पता चल पाएगा। इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए, डा. अरुण जोशी, प्राचार्य, राजकीय मेडिकल कॉलेज ने कहा अस्पताल में आने वाले हर मरीज को बेहतर उपचार देने की पूरी कोशिश की जाती है। गर्भवती महिला की मौत के मामले में जानकारी मिली है और इसकी जांच कराई जाएगी।

# बाबा बूढ़ा अमरनाथ यात्रा पर जम्मू पहुंचे बजरंग दल के कार्यकर्ता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बजरंग दल के तत्वावधान में 29 जुलाई को उत्तराखंड से प्रस्थान करने वाले श्रद्धालुओं के जत्थे ने आज जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के मंडी सेक्टर स्थित बाबा बूढ़ा अमरनाथ चट्टानी के दर्शन कर जल अर्पित किया। यह यात्रा प्रांत मंत्री (गौरक्षा विभाग, विहिप) यशपाल राजहंस के नेतृत्व में आयोजित की गई, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया। यशपाल राजहंस और अंकित पाल ने संयुक्त रूप से बताया कि यह यात्रा पिछले 20 वर्षों से लगातार बजरंग दल के तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। 2005 में



पाकिस्तानी आतंकवादियों ने सावन के पावन माह में बाबा बूढ़ा अमरनाथ मंदिर के पूजारी की हत्या कर इस यात्रा को बाधित करने का प्रयास किया था। इसके बाद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और स्थानीय संगठनों के सहयोग से इसे पुनर्जीवित किया। इस वर्ष की यात्रा के दौरान उत्तराखंड महिला संघ, दुर्गा वाहिनी और मातृशक्ति द्वारा भेजी गई राखियों को मंदिर परिसर में तैनात भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों को बांधा गया। सैनिकों ने भावुक होकर बहनों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बजरंग दल के प्रांत सुरक्षा प्रमुख सौरभ बजरंगी, लद्दाख प्रांत संयोजक कार्तिक सुदन, पुंछ जिला अध्यक्ष निशू शर्मा, कुमाऊं संयोजक अंकित पाल, प्रांत परावर्तन प्रमुख वरुण वशिष्ठ सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। राखी बांधने वाली बहनों में लक्ष्मी, खुशी शर्मा, मुन्नी बिष्ट, जानकी बापला, सुरभि सिसोदिया आदि शामिल थीं।

## नोशनल इंक्रीमेंट न मिलने पर उपवास की चेतावनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड में 30 जून और 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को पेंशन की गणना में नोशनल इंक्रीमेंट का लाभ जनवरी 2006 से न देने पर पेंशनरों में नाराजगी है। सेवानिवृत्त सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी रमेश चंद्र पांडे ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर चेतावनी दी है कि अगर यह लाभ जनवरी 2006 से नहीं दिया जाता है तो वे 20 अगस्त से हल्द्वानी स्थित बुद्ध पार्क में 48 घंटे का मौन उपवास करेंगे। पांडे ने पत्र में बताया कि वे दिसम्बर 2021 में रिटायर हुए और पृथक उत्तराखण्ड राज्य प्राप्ति के आन्दोलन में भाग लिया था। उन्होंने सवाल उठाया कि जब यूपी और केंद्र सरकार ने यह लाभ जनवरी 2006 से देना शुरू कर दिया, तो उत्तराखण्ड सरकार इसे क्यों नहीं लागू कर रही है? भारत सरकार और उत्तर प्रदेश में यह लाभ 2006 से देने के आदेश जारी किए गए हैं, जबकि उत्तराखण्ड में यह लाभ अप्रैल 2023 से दिया जा रहा है। पांडे ने कहा कि राज्य सरकार को यूपी की तर्ज पर यह लाभ जनवरी 2006 से देना चाहिए।



## मोहम्मद रफी की याद में कार्यक्रम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हिन्दी सिनेमा के सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक मोहम्मद रफी की 45वीं पुण्यतिथि के अवसर पर रफी यूथ फैन्स क्लब हल्द्वानी ने एक शाम रफी के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम आजाद नगर हल्द्वानी में आयोजित हुआ, जिसमें रफी के गीतों के माध्यम से उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। क्लब के संस्थापक अध्यक्ष मोहम्मद नबी ने रफी साहब के चित्र पर गुलपोशी करते हुए कहा, रफी साहब को हमसे जुदा हुए 45 वर्ष हो गए हैं, लेकिन उनकी आवाज और गीत आज भी हमारे दिलों में जीवित हैं। उन्होंने यह भी बताया कि रफी ने 26,000 से अधिक गीत गाए और भारतीय सिनेमा में अपनी अमिट छाप छोड़ी। कार्यक्रम की शुरुआत देश के वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए रफी के प्रसिद्ध गीत ए मेरे वतन के लोगों से की गई। इसके बाद क्लब के सदस्य रफी साहब के यादगार गीतों का गायन करते रहे, जिसमें सलीम अहमद विक्की, मो. आमिर, मो. फाजिल, मो. नसीम वारसी और अन्य कलाकारों ने अपने सुरीले स्वर में रफी के गीतों को प्रस्तुत किया। साथ ही, कार्यक्रम में नशे से बचने, पॉलीथिन प्रदूषण मुक्त वातावरण, और स्वच्छता का संदेश भी दिया गया। रफी साहब के गीतों की सुंद. रता और विविधता ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया और यह आयोजन देर रात तक चलता रहा। कार्यक्रम में क्लब के अध्यक्ष मोहम्मद नबी, सलीम, नसीम, राशिद खान, मुजम्मिल हसन मौजूद रहे।

## उत्तराखंड की टीम पूल में शीर्ष पर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** चेन्नई में चल रही 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उत्तराखंड की टीम ने पूल ए में शीर्ष स्थान हासिल किया है। अंतिम लीग मुकाबले में बिहार के खिलाफ 3-3 की रोमांचक बराबरी के बाद उत्तराखंड को दो अंक मिले, जिससे वह अपने पूल में पहले स्थान पर रहा। उत्तराखंड की टीम ने इससे पहले त्रिपुरा और मिजोरम को कड़े मुकाबले में हराया था। टीम के कोच निलेश गुप्ता और रुपिन यादव के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने दमदार खेल का प्रदर्शन किया। हॉकी उत्तराखंड के महासचिव नरेंद्र सिंह बाफिला ने बताया कि राज्य की टीम अब राष्ट्रीय स्तर पर निरंतर बेहतर खेल रही है और भविष्य में भी ऐसी ही उम्मीदें हैं। उन्होंने बताया कि टीम में नितिन बोहरा, गोविंद सिंह, मनीष, अनमोल, अंकुर गुप्ता, गर्व आर्या, सौरभ, कृष्ण, दीप मंडल, विक्की बोहरा, ऋषभ बोहरा, गौरव भट्ट, अंकित, सौरभ टम्टा, विकास, प्रिंस भंडारी और दीक्षांत जोशी जैसे प्रतिभावान खिलाड़ी शामिल हैं। अब उत्तराखंड टीम अगले साल होने वाली राष्ट्रीय स्पर्धा के नॉकआउट चरण में दूसरे ग्रुप की शीर्ष टीमों के साथ भिड़ेगी।

# शिक्षा के लिए कल से 13 जिलों में प्रचार-प्रसार अभियान चलाएगा यूओयू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने विश्वविद्यालय सभागार में शुक्रवार को विश्वविद्यालय के सभी विद्या शाखाओं द्वारा तैयार प्रचार प्रसार सामग्री से संबंधित वीडियो का प्रस्तुतीकरण का अवलोकन किया तथा साथ ही तीन अगस्त से राज्य के 13 जनपदों में प्रचार प्रसार को लेकर होने वाले कार्यक्रमों की भी जानकारी लेते हुए समीक्षा की। बता दें कि प्रो. लोहनी ने विश्वविद्यालय में कार्यभार ग्रहण करते ही विश्वविद्यालय में छात्र संख्या को बढ़ाने पर जोर देने की बात की थी। उन्होंने कहा था कि विश्व. विद्यालय में संचालित प्रत्येक



पाठ्यक्रम की जानकारी राज्य के हर व्यक्ति तक पहुंचे जिसके लिए आज के समय में सोशल मीडिया बेहतर माध्यम है। विश्वविद्यालय के 14 विद्या शाखाओं में से 6 विद्या शाखाओं के वीडियो सर्वसम्मति से पास करके विश्वविद्यालय की वेबसाइट तथा विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर शेयर कर दिए गए है, बाकी शेष वीडियो कल सर्वसम्मति से पास करके अपलोड व शेयर किये जाएंगे।

## नतीजे 2027 का सेमीफाइनल: ललित जोशी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कल के चुनावी नतीजों पर बीजेपी की प्रत्याशियों की हार खासकर नैनीताल में जिलापंचायत में अधिकांश सीटो बीजेपी समर्थित नेताओं की हार पर कांग्रेस नेता ललित जोशी ने कहा कि इन नतीजों ने सरकार और बेलगाम नौकरशाही को जनता द्वारा आईना दिखाया गया है। उन्होंने कहा कि अगर पिछले निकाय चुनावो में धांधली न होती तो नतीजे और होते यह 2027 का सेमीफाइनल है। उन्होंने हल्द्वानी में नौकरशाही द्वारा बेतरतीब नोटिस बाटने और तोड़फोड़ को जोड़ते हुए कहा की आगामी विधानसभा में सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है जिसका जीता जागता उदाहरण यह चुनाव परिणाम है।



# प्रधान के बेटे पर गंभीर आरोप

## युवक ने आत्महत्या से पहले बनाया वीडियो

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**शांतिपुरी।** शांतिपुरी क्षेत्र नंबर 3/4 में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में प्रत्याशियों की हार-जीत को लेकर समर्थक ललित आर्या द्वारा आत्महत्या करने की घटना ने मृतक के मोबाइल से घटना से संबंधित वीडियो मिलने पर केस ने नया मोड़ ले लिया है। मरने से पहले बनाए अपने वीडियो में मृतक ललित आर्या ने यह खुलासा किया है कि उसने शांतिपुरी नंबर तीन चार की नव निर्वाचित ग्राम प्रधान बचुली देवी के चुनाव में उनके बेटे ललित बिष्ट के कहने पर केसीसी व ट्रेक्टर बेचकर लाखों रूपये खर्च किए थे। जिसे चुनाव जीतने के बाद प्रधान के बेटे ललित बिष्ट के वापस लौटाने से साफ इनकार करने पर उसे आत्महत्या का रास्ता अपनाना पड़ा है। जिसके लिए मृतक ने वीडियो में साफ तौर पर प्रधान के बेटे ललित बिष्ट को जिम्मेदार ठहराया है। इधर मृतक के इस वीडियो से परिजनों में भारी आक्रोश व्याप्त है। शुक्रवार को आक्रोशित परिजनों ने रूद्रपुर पोस्मार्टम हाउस से शव मिलने के बाद घर लौटने की बजाय पंतनगर कोतवाली में तहरीर देकर मृतक को न्याय व दोषियों को सजा दिलाने की मांग की है। जिसके बाद शाम करीब चार बजे मृतक का स्थानीय गोला नदी किनारे अंतिम संस्कार कर दिया है। वहीं, आरोपी प्रधान पुत्र ललित बिष्ट का कहना है कि चुनाव में पैसों के लेनदेन को लेकर मुझे पर लगाए गये सारे आरोप गलत एवं निराधार हैं। मृतक से मेरा न पहले और न चुनाव में कभी कोई वास्ता नहीं रहा है। यह केवल कास्टिंग वीडियो वायरल कर मुझे बदनाम करने की साजिश है। जिसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।



# शहर में हिंदू-मुस्लिम भाईचारा कायम रखने की अपील

## अंजुमन इस्लामिया ने कहा- नैनीताल में गलत का साथ कभी नहीं दिया जाएगा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में दो दिन पहले मुस्लिम युवक व हिंदू युवती के मामले को लेकर हुए विवाद को लेकर हिंदुवादी संगठनों ने सदर पर भड़काऊ टिप्पणी करने का आरा. ेप लगाया था, जिसको लेकर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने अंजुमन इस्लामिया के सदस्यों के साथ बैठक कर मामले में चर्चा कर शहर में हिंदू-मुस्लिम भाईचारा कायम रखने की अपील की।

वार्ता के दौरान सदस्यों ने भी कहा कि नैनीताल शहर में गलत का साथ किसी भी दशा में नहीं दिया जाएगा। बता दें कि बुधवार को एक मामले में



परिजनों ने अपनी युवती को मुस्लिम युवक के साथ देखा तो विवाद हिंदू मुस्लिम तक जा पहुंचा था। मामले में हिंदूवादी संगठन कार्यकर्ताओं के हस्तक्षेप से दर रात खूब हंगामा हुआ था। पुलिस ने किसी तरह मामला शांत किया ही था कि मुस्लिम समुदाय के सदर के कोतवाली पहुंचने और आपत्तिजनक टिप्पणी पर मामला फिर बिगड़ गया। देर रात तक हंगामा हुआ और अज्ञात लोगों ने मुस्लिम युवक के घर जाकर उसके पिता को भी पीट दिया, वहीं हिंदूवादी संगठन कार्यकर्ताओं की ओर से मौलाना के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। मामले में बीते वीरवार को विहिप तथा बजरंग दल के कई लोगों ने एसपी डा. जगद. ीश चंद्रा के साथ बैठक कर सदर से अपनी आपतिजनक टिप्पणी के लिए माफी मांगने की बात कही जिसको लेकर शुक्रवार को कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने अंजुमन इस्लामिया के सदस्यों के साथ वार्ता कर मामले में बात की, साथ ही आपसी भाईचार बनाए रखने की अपील भी की। जिसपर सदस्यों ने कहा कि वह गलत का कभी साथ नहीं देंगे और नैनीताल में हिंदू-मुस्लिम भाईचारा बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। इस दौरान हारून खान पममी, समीर अली व मो. सार समेत अन्य लोग मौजूद रहे। **वहीं,** नैनीताल कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत के मुताबिक मामले में सदर से फोन पर वार्ता हुई हैं कयों कि वह शहर से बाहर हैं, लेकिन मामले में अंजुमन इस्लामिया के सदस्यों से वार्ता हुई है। सदस्यों से शहर में हिंदू-मुस्लिम भाईचार कायम रखने की अपील की है, साथ ही भविष्य में भी किसी मामले में आपत्तिजनक टिप्पणी करने से बचने की बात कही है।

# स्टेशनों के विस्तारीकरण के लिए रेलवे को भूमि की ज़रूरत

## अतिक्रमण चिन्हित कर हटाया जाएगा, कार्यवाही के लिए विभागों की संयुक्त टीमों का गठन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अमृत भारत योजना के तहत हल्द्वानी और लालकुआं रेलवे स्टेशनों का विस्तारीकरण किया जाएगा। इसके लिए रेलवे को अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता है, जिस पर हुए अतिक्रमण का संयुक्त निरीक्षण कर उसे चिन्हित करते हुए सीमांकन करने की प्रक्रिया को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को जिलाधिकारी वंदना की अध्यक्षता में हल्द्वानी कैंप कार्यालय में संपन्न हुई। इस बैठक में प्रशासन, वन विभाग, रेलवे, पुलिस, विद्युत, जल संस्थान, खाद्य आदि विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि अमृत भारत योजना के तहत पहले चरण में हल्द्वानी रेलवे स्टेशन का विस्तार किया जाएगा। इसके लिए रेलवे भूमि से अवैध



अतिक्रमण को चिन्हित कर उसे विधिक रूप से हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

इस कार्य को लेकर रेलवे विभाग और संबंधित अधिकारियों की संयुक्त टीमें गठित की गई हैं। इन टीमों में रेलवे विभाग के अलावा राजस्व, वन विभाग, पुलिस, जल संस्थान, विद्युत, और पूर्ति विभाग के अधिकारी शामिल होंगे। इस सर्वे कार्य के समन्वय और पर्यवेक्षण के लिए प्रशासन ने उप जिला अधिकारी हल्द्वानी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसके अलावा, नगर आयुक्त नगर निगम हल्द्वानी, सिटी मजिस्ट्रेट हल्द्वानी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल द्वारा नामित पुलिस अधीक्षक, उप प्रभागीय वनाधिकारी, अधिशासी अभियंता जल संस्थान, विद्युत एवं जिला पूर्ति अधिकारी को जनपद स्तर पर सर्वे कार्य की मॉनिटरिंग के लिए नियुक्त किया गया है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि 3 अगस्त से सर्वे कार्य प्रारंभ किया जाए और इसे समयबद्ध एवं त्रुटिरहित तरीके से पूरा किया जाए। साथ ही, सर्वे के दौरान भूमि का सीमांकन करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि अवैध अतिक्रमण में बने भवनों के विद्युत और पेयजल संयोजन का परीक्षण किया जाए। इसके अलावा, आधार कार्ड, राशन कार्ड, निर्वाचन पहचान पत्र, आयुष्मान कार्ड जैसी सुविधाओं का भी सत्यापन किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि संयुक्त सर्वे के दौरान अतिक्रमण को चिन्हित करते हुए 15 दिन के अंदर उसका सीमांकन किया जाए। इसके बाद संबंधित विभागों को सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार 15 दिन का नोटिस जारी किया जाएगा, ताकि उसके बाद ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जा सके। जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिया कि गलत तरीके से बनाए गए राशन कार्डों को तत्काल निरस्त किया जाए। साथ ही, विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि सर्वे के दौरान विद्युत चोरी करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाए। जल संस्थान को भी निर्देश दिया गया कि अतिक्रमण वाली भूमि पर अवैध रूप से दिए गए पेयजल संयोजन को हटाया जाए और आवश्यक कार्रवाई की जाए। जिला. धिकारी ने कहा कि गलत तरीके से बनाए गए निर्वाचन पहचान पत्रों की भी जांच की जाए और संबंधित बीएलओ या सुपरवाइजर के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की जाए। साथ ही, आयुष्मान कार्ड और अन्य संबंधित दस्तावेजों की भी जांच की जाए। सर्वे कार्य के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी ने पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने रेलवे परियोजनाओं, इंदिरानगर नाला, शनि बाजार नाला कार्य, देवखड़ी नाला परियोजना सहित अन्य कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और अधिका. रियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में एसपी सिटी प्रकाश चन्द्र, प्रभागीय वनाधिकारी हिमांशु बागड़ी, सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल चौहान, नगर आयुक्त ऋचा सिंह, उप जिलाधिक. ारी राहुल शाह, रेलवे से आए इंजी. नियर सुबोध थपलियाल, गिरिजेश कुमार और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## पौधारोपण आंदोलन 392 दिन भी जारी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट-2025 को जारी करने को लेकर राज्य में किया जा रहा अनूठा पौधा रोपण आंदोलन शुक्रवार को 392 वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटकों को पौधारोपण कार्यक्रम से जोड़ने के तहत स्लोगन-देवभूमि में पर्यटक बनकर आईए -पौधारोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत उनके नेतृत्व में पलेटा स्थित धूसाखान शिव मंदिर परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया वहीं पूर्व में लगाए गए पौधों का संरक्षण किया गया। गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधा रोपण आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि नियमितीकरण नियमावली जारी न होने के कारण कई कर्मचारी संविदा में ही सेवानिवृत हो गए हैं।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।
**सम्पादक:** **एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक **आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## एक महिला और चार बच्चों के सुसाइट की सूचना से मचा हड़कंप

■ जांच में सुसाइड की खबर निकली महज एक अफवाह, पुलिस ने ली राहत की सांस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** बाजार चौकी पुलिस में उस वक्त हड़कंप मच गया। जब पुलिस को सूचना मिली कि गांधी पार्क में एक महिला अपने चार बच्चों के साथ बेसुध पड़ी है।

मानो जैसे जहर खाकर सुसाइड कर लिया हो। सूचना मिलते ही पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और आनन फानन में महिला व बच्चों को जिला अस्पताल ले गए। जहां होश आने पर पुलिस ने राहत की सांस ली। बाद में पता चला कि सुसाइड की खबर महज एक अफवाह थी।

बाजार चौकी प्रभारी जितेंद्र खत्री को शुक्रवार दोपहर बारह बजे सूचना मिलती है कि गांधी पार्क में एक महिला अपने चार बच्चों के साथ बेसुध पड़ी है और सभी की हालत नाजुक बनी हुई है। सूचना देने वाले ने यह भी बताया कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि महिला ने जहर खाया हो।

बस क्या था शीघ्र ही चौकी के पुलि स कर्मी मौके पर पहुंची। तो पाया कि महिला की हालत नाजुक है। बीमार जैसी प्रतीत हो रही थी। जिस पर पुलिस फौरन महिला व उसके बच्चों को साथ लेकर जिला अस्पताल पहुंची और उपचार कराया।

थोडी देर बाद महिला पूर्णतया होश में आई और पुलिस को बताया कि वह हल्द्वानी से आई है और पति शराब पीकर प्रताड़ित करता है।

उधर चौकी प्रभारी ने बताया कि महिला की हालत ठीक है और वह बीमार थी,जबकि बच्चे पूर्णतया ठीक थे। जहर खाने की सूचना महज अफवाह निकली।

# एलटी लाइन पर काम कर रहे विद्युत कर्मी को लगा करंट, मौत

■ विभाग के दफ्तर के सामने शव रख हाईवे पर लगाया जाम
■ ऊर्जा निगम पर लापरवाही का लगाया आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** एलटी लाइन की चपेट में आकर एक संविदा लाइनमैन की मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने ऊर्जा निगम पर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया। उन्होंने शव बिजली विभाग के दफ्तर के सामने रखकर हाईवे जाम कर दिया।

मोहल्ला जोशीयान निवासी सतीश कुमार जोशी(48) हैल्प सैल्फ ग्रुप कम्पनी के वैनर तले 10 साल से संविदा पर कार्यरत था । गुरुवार रात 9:30 बजे वह मोहल्ला गुजरातियान स्थित खेड़ा लक्ष्मीपुर वाले मोड पर पोल पर चढ़कर फॉल्ट सही कर रहा था। उन्होंने शटडाउन भी लिया था । एक कर्मचारी पोल के नीचे खड़ा था। तभी सतीश को करंट का झटका लगा और वह नीचे गिर गया। मोहल्ले वालों की मदद से उन्हें निजी नर्सिंग होम ले जाया गया,जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई अनिल जोशी ने बताया कि घटना के ढाई घंटे बाद भी अधिशासी अधिकारी ने परिजनों से कोई संपर्क नहीं किया और ना ही अपने एसडीओ का फोन उठाया। रात 11:00 बजे परिजनों ने हाईवे जाम लगा दिया। वे मृतक के एक परिजन को नौकरी देने, मुआवजा देने और प्रकरण की जांच करने की मांग पर अड़े रहे। रात 12:00 बजे का जसपुर तहसीलदार मौके पर पहुंची जहां जसपुर पूर्व विधायक डा. शैलेंद्र मोहन सिंघल के समक्ष जसपुर विद्युत एसडीओ सद्दाम अली ने फोन पर उच्चाधिकारियों से बात कर परिजनों की मांगे पूरी करने का लिखित आश्वासन दिया। तब जाकर उत्तेजित परिजन माने और जाम खोला। इस घटना से मौके पर काफी गहमागहमी का माहौल रहा। जाम खुलने से प्रशासन ने राहत की सांस ली।

## एक नजर

## मतगणना के दौरान एक मतगणना कर्मी हुआ बेहोश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** गुरुवार की देर रात्रि जसपुर बीएसवी इंटर कालेज में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की मतगणना में लगे एक कर्मी की अचानक तबियत बिगड़ गई। वह चक्कर खाकर कुर्सी से नीचे गिर गया। एंबुलेंस की सहायता से कर्मी को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया, जहां उपचार के पश्चात कर्मचारी को डाक्टर की सलाह पर घर भेज दिया गया।

प्राप्त जानकारी अनुसार नीरज भाकुनी बीएसबी इंटर कॉलेज स्थित मतगणना की टेबल पर मतों की गणना कर रहे थे, तभी अचानक दूसरे राउंड में उन्हें चक्कर आ गया और वह नीचे गिर गए इससे काम बाधित हो गया। रिजर्व स्टाफ को बुलाकर मतगणना कर्मी को स्वास्थ्य विभाग की टीम तुरंत एंबुलेंस में डालकर जसपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आई जहां उपचार के पश्चात सीएमएस डा. धीरेंद्र कुमार गहलोत की सलाह पर आराम करने घर भेज दिया गया।

## घर-घर तक पहुंचाया स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** नगर निगम रुद्रपुर द्वारा एक जुलाई से 31 जुलाई 2025 तक चलाए गए विशेष स्वच्छता जागरूकता अभियान 'सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ' का सफल समापन हो गया। इस माह भर चले अभियान के तहत शहर के विभिन्न वार्डों में स्वच्छता जागरूकता रैलियां, नुक्कड़ सभाएं, स्वच्छता शपथ और घर-घर जाकर संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए।

अभियान के दौरान नगर निगम की टीमों ने नागरिकों को साफ-सफाई के महत्व, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और घर के कचरे को गीला-सूखा अलग करने की विधि के बारे में जानकारी दी। महिलाओं और बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। इस पहल से कई क्षेत्रों में साफ-सफाई में उल्लेखनीय सुधार देखा गया। नगर आयुक्त ने बताया कि अभियान का उद्देश्य केवल सफाई तक सीमित नहीं, बल्कि लोगों की जीवनशैली में स्वच्छता को स्थायी रूप से शामिल करना था। यह कार्यक्रम 'स्वच्छ भारत मिशन' और 'कचरा मुक्त शहर' अभियान के तहत संचालित किया गया। नगर निगम रुद्रपुर आने वाले समय में भी इसी तरह के जन-जागरूकता कार्यक्रमों को जारी रखेगा ताकि शहर को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाया जा सके।

## गोवंशीय पशु काटकर खेत में फेंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** ग्राम दरऊ में शरारती तत्वों ने गोवंशीय पशु काटकर गन्ने के खेत में फेंक दिया। खेत स्वामी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। मो. राशिद पुत्र शफात अली निवासी ग्राम दरऊ मजरा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते गुरुवार शाम वह ग्राम मडय्यू स्थित अपने गन्ने के खेत में गया था। वहां उसने एक कटे हुए गोवंशीय पशु को पड़ा देखा। आरोप लगाया कि ग्राम दरऊ मजरा निवासी अजीम कुरैशी पुत्र जलीस अहमद व उसके दो- तीन अन्य साथियों ने उसे बदमान करने के लिए यह काम किया है। खेत स्वामी ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# ग्रामीण क्षेत्र में पूर्व विधायक ठुकराल का जादू बरकरार

■ सुषमा की जीत से ठुकराल को मिली ताकत
■ ठुकराल के आगे भाजपा नेताओं की रणनीति और हौंसले पस्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में खानपूर्व पूर्व जिला पंचायत सीट पर चुनाव परिणाम आने के बाद निर्दलीय प्रत्याशी सुषमा हाल्दार की एतिहासिक जीत ने रुद्रपुर के पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल को एक नई ऊर्जा के साथ ही राजनैतिक संजीवनी प्रदान की है। इस सीट को अपनी प्रतिष्ठा से जोड़कर ठुकराल अपनी पूरी टीम के साथ दिन रात इस क्षेत्र में चुनाव प्रचार में जुटे रहे। उन्होंने हर गांव में जाकर मतदाताओं को बार-बार समझाकर क्षेत्र के हित के लिए सुषमा हाल्दार के पक्ष में ही मतदान करने की अपील की। इस दौरान उन्हें न सिर्फ अपने समर्थकों वरन ग्राम वासियों का भी लगातार सहयोग मिलता रहा।

आखिरकार उनकी कड़ी मेहनत रंग लाई और सुषमा हाल्दार ने रिकार्ड 12525 मत हासिल कर भाजपा समर्थित प्रत्याशी अमिता विश्वास को एक तरफा मुकाबले में 7296 मतों से पराजित कर दिया। अमिता विश्वास को 5229 मत ही मिल सके। इसके अलावा इस सीट पर अन्य प्रत्याशियों रविता विश्वास को 1405, विशुका साना को 1219, पूजा सागर को 642 तथा कल्पना को 257 मत मिल सके। ठुकराल की कड़ी मेहनत के चलते इस सीट पर सुषमा हाल्दार को मिली जीत से वह लोग भी अब यह सोचने को मजबूर हो गये है जो ठुकराल का राजनैतिक कैरियर समाप्ति की ओर अग्रसर मान रहे थे।

गत विधानसभा चुनाव में भले ही निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में राज. कुमार ठुकराल पराजित हुए हों परंतु उन्होंने सिटी क्लब के चुनाव में अपने अनुज समाजसेवी संजय ठुकराल को कुशल राजनीति से रिकार्ड मतों से जीत दिलाई। इसके बाद वह खानपुर पूर्व की जिला पंचायत सीट से निर्दलीय प्रत्याशी सुषमा हाल्दार को विजयी बनाने में जुट गये और इसके लिए उन्होंने दिनरात काफी मेहनत भी की। जिसका सुखद परिणाम भी उन्हें मिला। अब राजनैतिक गलियारे मे उनके भविष्य को लेकर कई कयास लगने लगे हैं। कि वह अपने राजनैतिक भविष्य को और अधिक मजबूत करने के लिए कांग्रेस का दामन थामते हैं या एक बार फिर से भाजपा की झोली में बैठते हैं। वैसे निगम चुनाव में भाजपा नेताओं ने उनके साथ जो राजनैतिक खेल खेला। उसकी कसक ठुकराल के दिल में जरूर होगी। अब देखना है पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल अपना राजनैतिक भविष्य किस रास्ते से आगे बढ़ाते हैं।

## पूजा पांडे को शिक्षा शास्त्र में मिली पीएचडी की उपाधि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रुद्रपुर ब्लॉक के ग्राम भगवानपुर दानपुर निवासी पूजा पांडे ने मदरहुड यूनिवर्सिटी रुड़की से शिक्षाशास्त्र विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है।

पूजा का शोध कार्य यूनिवर्सिटी की वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. बबीता सिंह और सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी गदरपुर के शिक्षा विभागाध्यक्ष एवं प्राचार्य डॉ. संतोष त्रिपाठी के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

उन्होंने उधमसिंह नगर के वित्त पोषित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की कार्य संतुष्टि, सामाजिक व आर्थिक स्तर तथा पारिवारिक संबंधों का तुलनात्मक अध्ययन विषय पर शोध किया। पूजा की इस उपलब्धि पर उनके गांव एवं परिवार में हर्ष का माहौल है।

## लगातार तीसरी बार जनता की आवाज बनेंगे नईम प्रधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** राजपुर- 32 जिला पंचायत की सीट पर कांग्रेस के युवा योद्धा नईम अहमद ने अपने प्रतिद्वंदी विनीत कुमार चौहान को 72 वोटों से परास्त कर जिला पंचायत की सीट अपने नाम कर ली है।



राजपुर -32 की काउंटिंग के पश्चात कड़े मुकाबले में नईम प्रधान ने अपने प्रतिद्वंदी विनीत कुमार चौहान को लगभग 84 वोटों से शिकस्त दे दी थी, जिसमें नईम अहमद प्रधान को जिला पंचायत सदस्य घोषित होना ही शेष रह गया था, लेकिन उनके प्रतिद्वंदी निर्दलीय प्रत्याशी विनीत कुमार की मांग पर वोटों की पुन: रिकॉटिग की गई , जसमें कुछ समय तक दोनों पक्षों में गहमा गहमी का माहौल रहा, परंतु प्रशासन /शासन की कुशल नेतृत्व के चलते तुरंत उक्त मामले को संभाल लिया गया। विनीत कुमार चौहान की मांग पर पुन: वोटों की रिकॉटिग कराई गई, जिसमें नईम अहमद प्रधान के लगभग 12 वोट निरस्त कर दिए गए तथा पुन: 72 वोटों से नईम अहमद ने जिला पंचायत की सीट अपने नाम कर ली। जीत की घोषणा होते ही उनके समर्थकों में हर्ष का माहौल फैल गया मतगणना स्थल के बाहर बेसब्री से चुनाव परिणाम का इंतजार कर रहे उनके समर्थकों ने फूल मालाओं को डालकर उनका गर्म जोशी से स्वागत किया।

समाजसेवी नईम प्रधान पूर्व में गूलरगोजी ग्राम पंचायत से ग्राम प्रधान रह चुके हैं। एक बार उनकी पत्नी भी गूलरगोजी से ग्राम प्रधान रह चुकी हैं। लगातार तीसरी बार जनता की सेवा के दृष्टिगत जिला पंचायत सदस्य सीट पर उन्होंने कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार के रूप में जिला पंचायत सदस्य का नामांकन कराया था तथा भारी जन समर्थन के चलते उन्होंने 72 वोटों से जिला पंचायत की सीट अपने नाम कर ली। उनके गृह ग्राम गूलरगोजी पहुंचने पर ग्राम वासियों /जनप्रतिनिधियों व कांग्रेस विधायक आदेश कुमार चौहान ने फूल मालाएं डालकर उनका जोरदार स्वागत किया। मीडिया से बातचीत करने करते हुए नईम प्रधान ने बताया कि उनका एकमात्र उद्देश्य इस पद पर जाकर जनता का सेवक बनकर क्षेत्र का विकास करने की है उनके द्वारा क्षेत्रीय लोगों का आभार व्यक्त किया गया और भरोसा दिलाया गया कि वह क्षेत्र की जनता की सेवा के लिए 24 घंटे तैयार रहेंगे।

## 20 साल की उम्र में प्रधान बनीं इल्मा परवीन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** क्षेत्र के ग्राम राजपुर में मात्र 20 साल की उम्र में गांव की प्रधान चुने जाने पर ग्राम वासियों /जनप्रतिनिधियों ने इल्मा परवीन का जोरदार स्वागत किया। मौके पर लोगों ने मिठाइयां वितरण व आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इजहार किया।

ग्राम राजपुर के प्रधान पद पर चुनाव में 20 वर्षीय इल्मा परवीन ने अपनी प्रतिद्वंद्वी नूरजहां को 508 वोटों से परास्त कर एक बड़ी जीत दर्ज की है। उनकी जीत पर ग्रामीणों में हर्ष का माहौल पैदा हो गया। लोगों ने आतिशबाजी कर व एक दूसरे को मिठाई वितरण कर इल्मा परवीन के जीतने पर बधाइयां दीं।

इल्मा परवीन पार्वती देवी महाविद्यालय में बीए सेकंड ईयर की स्टूडेंट है। उनकी इस जीत पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। इल्मा परवीन के पिता शमीम अहमद



(दूधिया) एक सामाजिक व्यक्ति के साथ-साथ वर्षों से जन सेवा में लगे हुए हैं।

शमीम अहमद पूर्व में ग्राम सभा प्रधान का चुनाव मात्र चार वोटों से हार गए थे, जिसका सभी ग्राम वासियों को अफसोस था। इस बार राजपुर ग्राम पंचायत में महिला सीट रिजर्व होने पर उन्होंने अपनी शिक्षित बेटी इल्मा परवीन को चुनाव मैदान में उतारा था, जिसको लेकर गांव में उत्सुकता का माहौल था। उनकी जन सेवा को देखते हुए ग्राम वासियों ने इल्मा परवीन के पक्ष में भरपूर मतदान किया, जिसे उन्होंने फीका पार में प्रधान पद पर तीसरी सबसे बड़ी जीत हासिल करते हुए प्रधान पद पर जीत हासिल की।

इल्मा परवीन के पिता समाजसे.वी शमीम अहमद (दूधिया) द्वारा मीडिया को बताया गया कि गांव की जनता ने जिस भरोसे से उनकी बेटी को जन प्रतिनिधि नियुक्त किया है, वह उस पर पूरा-पूरा सही उतरने का प्रयास करेंगे। बस एक सेवक के रूप में जनता की सेवा करते रहेंगे। उन्होंने अपनी बेटी से भी उम्मीद की है कि वह जन भावनाओं के अनुरूप ही गांव में अधिक से अधिक विकास को प्राथमिकता दे, जिससे कि गांव का हर प्रकार से विकास हो सके।

## नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान से की जल भराव से निजात की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में विकासखंड खटीमा के ग्राम पंचायत खेलड़िया से पहली बार जनता के आशीर्वाद, प्यार और समर्थन से ग्राम प्रधान बनी बबीता देवी ने शुक्रवार को विजय जुलूस निकाला। इस दौरान उनके समर्थकों ने गाजे-बाजे के साथ आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया।

नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान बबीता देवी डोर-टू-डोर गांव की जनता से संपर्क कर जब उनका आभार व्यक्त कर रही थी तभी गांव की जनता ने रोड पर हुए जल भराव में नवनिर्वाचित प्रधान को पैदल घूमाकर दिखाया और उससे अवगत कराया। वहीं इस समस्या की जनता के तत्काल समाधान की मांग पर नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान ने रास्ते पर हुए जल भराव की समस्या से निजात दिलाने का आश्वासन दिया। साथ ही आभार व्यक्त करने हेतु संपर्क के दौरान गांव की हर समस्या के समाधान और गांव के चहुंमुखी विकास का भरोसा उन्होंने दिलाया। इस दौरान कार्तिक, अनुकूल, सुनिता विश्वास, कनक विश्वास, पिन्टूदास, समीर मजूमदार, सीमा विश्वास, समर, राकेश, शनि, राजन, गोरख नाथ, सोमनाथ, राम अवध, जय प्रकाश सहित सैकड़ों समर्थक मौजूद रहे।

## अमरूद के बाग में मिला राज मिस्त्री का शव

■ क्षेत्र फैली सनसनी, हत्या की आशंका



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** कलकत्ता चौकी क्षेत्र में एक राज मिस्त्री का शव उसके घर से थोड़ी दूर स्थित बाग में मिला, जिसकी हत्या किए जाने की आशंका व्यक्त की जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है तथा मृतक की पत्नी की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुक. दमा पंजीकृत कर जांच प्रारंभ कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कोलकाता चौकी के पास धारा फॉर्म निवासी पिंकी पत्नी कमलेश ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि वह अमरोली थाना बहता गोकुल जिला हरदोई उत्तर प्रदेश के रहने वाली है। उसका मायका धाधा फॉर्म में स्थित है। वह अपने मायके में अपने पति कमलेश के साथ रह रही है तथा उसका पति राजमिस्त्री का काम करता है। तहरीर में कहा गया है कि उसका पति खाना खाकर रात्रि 11 बजे शौच करने के लिए घर से निकाला था, किंतु देर रात तक वापस नहीं आया जिसको आसपास बहुत खोजा गया किंतु उनका पता नहीं चल पाया। सुबह खोजबीन करने के दौरान उसके पति कमलेश का शव घर के पीछे अमरूद के बाग में पड़ा मिला, जिसे उठाकर किच्छा अस्पताल लाया गया, जहां पर पुलिस द्वारा पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। परि. जनों ने शक जाहिर किया है कि राज मिस्त्री कमलेश की हत्या की गई है।

पिंकी ने पुलिस से गुहार लगाई गई है कि उसके पति की हत्या में शामिल हथियारों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए। वहीं सूत्रें के मुताबिक राज मिस्त्री की हत्या में शामिल हत्यारों के करीब पुलिस पहुंच चुकी है। पुलिस को हत्याकांड के अहम सुराग मिले हैं तथा कई लोगों को पूछताछ के लिए उठाया गया, जिनसे कड़ी पूछताछ की जा रही है जांच के उपरांत हत्या के कारणों का खुलासा किया जाएगा। अभी पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर पूछताछ कर रही है।

# लगातार 25 घंटे तक चली शांतिपूर्ण मतगणना

■ विजेता प्रत्याशियों को बांटे गए प्रमाण पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की मतगणना खटीमा कृषि मंडी परिसर में गुरुवार को सुबह आठ बजे से शुरू हुई जो शुक्रवार को सुबह 9 बजे संपन्न हुई। नौ चरणों में शांतिपूर्ण तरीके से लगातार 25 घंटे तक मतगणना चली। मतगणना के उपरांत निर्वाचन अधिकारियों ने सभी विजई ग्राम प्रधानों, बीडीसी सदस्यों व वार्ड सदस्यों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

खटीमा के 6 जिला पंचायत सीटो मे से चार सीटों पर भाजपा समर्थित प्रत्यासियों ने कब्जा जमाया जबकि एक सीट पर कांग्रेस और एक सीट पर निर्दलीय प्रत्यासी ने जीत हासिल की।

आपको बता दें कि खटीमा जिला पंचायत सीटो पर की सबसे ज्यादा वोटो से प्रतापपुर जिला पंचायत सीट से बीजेपी समर्थित प्रत्यासी अमनद. ीप कौर नामधारी ने लगभग साढ़े दस हजार मतों से विजय प्राप्त की।

वहीं मझोला जिला पंचायत सीट पर बीजेपी समर्थित प्रत्यासी अजय मोर्या, पहेनिया सीट पर संगीता राना, नगला तराई जिला पंचायत सीट पर सीएम पुष्कर धामी के भतीजे सागर सिंह धामी, बिगराबाग सीट पर कांग्रेस समर्थित प्रत्यासी हीरा मुडेला तथा गांगी सीट पर निर्दलीय प्रत्यासी रीता कफलिया ने विजय प्राप्त की।

खटीमा विकास खंड में 59 ग्राम प्रधानों, 40 बीडीसी तथा 6 जिला पंचायत सीटों पर कुल 609 प्रत्यासियों के भाग्य का फैसला मतगणना समाप्त होने के बाद चुनाव परिणाम मतगणना आने पर जारी हो गया।

इस दौरान जहां सभी विजई ग्राम प्रधानों, बीडीसी सदस्यों व वार्ड सदस्यों को प्रमाण पत्र निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतगणना स्थल पर ही जारी कर दिया गया। वहीं निर्वाचन अधिकारी द्वारा जिला पंचायत के छ: सदस्यों को जिला मुख्यालय से जीत का प्रमाण पत्र जारी करने की बात कही गई।



## जन सेवा केंद्र की धेखाधड़ी के विरोध लोगों ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुल्तानपुर पट्टी।** जन सेवा केंद्र की धोखा धड़ी के विरोध में शुक्रवार को पीड़ित व्यापारियों ने केंद्र के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। और आरोपी के खिलाफ पुलिस चौकी में तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की।नगर में एक फर्जी जनसेवा केंद्र संचालक ने लाखों रुपये की धोखाधड़ी कर कई व्यापारियों को चूना लगा दिया।नगर के वरिष्ठ व्यापारी अन्नू गुप्ता ने बताया कि पुरानी पुलिस चौकी के सामने, हाईवे किनारे एक युवक ने लगभग एक महीने पहले एक बैंक के नाम से जनसेवा केंद्र की शाखा खोली थी। स्थानीय दुकानदारों ने विश्वास जताते हुए राशन का सामान व लाइट का सामान एवं लॉन के नाम पर रकम वसूली ।




पीड़ित व्यापारियों में अन्नू गुप्ता ने 12,300, हरपाल सिंह ने 20,000, बॉबी कुमार ने 2,500, सोनू कुमार ने 16,500, लल्ला कुमार ने 15,000 ले लिए और इसके अलावा साहिल की बाइक भी आरोपी युवक साथ ले गया। और पट्टी कला निवासी एक अन्य व्यक्ति ने घ1.5 लाख की जमा की थी। लगभग एक महीने से जनसेवा केंद्र बंद है। जब व्यापारियों ने संचालक से संपर्क करने की कोशिश की तो उसका फोन लगातार बंद मिला। इसके बाद सभी पीड़ित शाखा बाजपुर के जनसेवा केंद्र मैनेजर से मिले। लेकिन उन्होंने इस केंद्र के अस्तित्व से ही इनकार कर दिया। शुक्रवार को व्यापारियों ने फर्जी केंद्र के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। और आरोपी के खिलाफ पुलिस में तहरीर सौंपी। व्यापारियों ने मांग की है। कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर उनके पैसों की वापसी सुनिश्चित की जाए।

## शिव मंदिर में श्रद्धालुओं ने किया भंडारे का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुल्तानपुर पट्टी।** सावन पर्व पर नगर के मोहल्ला टांडा बंजारा स्थित पुलिस चौकी परिसर में ओर शिव मंदिर में श्रद्धालुओं ने भंडारे का आयोजन किया । जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया । मंदिरों में पंडितों ने हवन पूजा कर विराजमान भगवानों को भोग लगाया। सेवा में रजनी शुक्ला, राज. कुमार शुक्ला, अरविंद कुमार, नोरतन सिंह, चंदू, आकाश, गुड्डू, सुरेश, रवि आदि थे।

**सूचना**

मेरे पति के सैन्य दस्तावेजों में मेरी पुत्री का नाम Ravina दर्ज हो रखा है, जो गलत है। सही नाम Ravina Fartyal है ।

**Smt- Kamla Devi Widow of Army Number 4192034Y NK (Late) Krishan Singh**
**ग्राम - मल्ला बापरू, P.O. बापरू, तहसील - बाराकोट ( चंपावत )**

**संबन्ध - विच्छेद**

सूचित किया जाता है कि मेरा छोटा पुत्र मोहम्मद इकबाल एवं उसकी पत्नी करीना पुत्री श्री सुबराती के बुरे आचरण के चलते घर में परिवार के सदस्यों से लड़ना झगड़ना उल्टी सीधी गाली गलौज कर उल्टे सीधे मामलों में फंसाने की आये दिन धमकी देते रहते हैं। उनके इस गलत आचरण के चलते मैं अपने पुत्र व पुत्रवधू को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। आज से इनका मेरे व मेरे परिवार के समस्त सदस्यों एवं रिश्तेदारों से कोई मतलब वास्ता नहीं है। आज से मेरी चल अचल सम्पत्ति से कोई वास्ता नहीं है। आज से अपने अच्छे बुरे कार्यो व लेन देन का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**लियाकत पुत्र श्री मरहूम सूखा निवासी - वार्ड नं.-8, इस्लामनगर तहसील व थाना खटीमा, जिला ऊधम सिंह नगर ( उत्तराखंड )**

# आठ परीक्षा केन्द्रों पर देंगे 3664 परीक्षार्थी परीक्षा

■ **उत्तराखण्ड अधीनस्थ चयन सेवा आयोग की परीक्षा को लेकर एडीएम ने ली बैठक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** आगामी तीन अगस्त रविवार को 11 बजे से 01 बजे तक उत्तराखण्ड अधीनस्थ चयन सेवा आयोग द्वारा आरक्षी जनपदीय पुलिस (पुरूष), आरक्षी पीएसी/आईआरबी (पुरूष) के पदों हेतु लिखित परीक्षा आयोजित होगी। परीक्षा को शान्तिपूर्ण तथा पारदर्शिता से सम्पन्न कराने हेतु जनपद में आठ परीक्षा केन्द्र बनाये गए है जिनमे 3664 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।



अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय ने जिला सभागार में केन्द्र व्यवस्थापकों, समन्वयको व सैक्टर मजिस्ट्रेटो की बैठक लेते हुए परीक्षा को शांतिपूर्ण, पारदर्शिता तथा निष्पक्षता से सम्पन्न कराने के निर्देश दिये। उन्होने बताया कि जनपद में 08 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। जिसमे आदर्श राजकीय बालिका इण्टर कालेज पंतनगर परीक्षा केन्द्र में 384 परीक्षार्थी, अमर इण्टरनेशन स्कूल भूरारानी रूद्रपरु में 432 परीक्षार्थी, आर्य कन्या इण्टर कालेज रूद्रपुर में 476 परीक्षार्थी, राजकीय बालि. का इण्टर कालेज फाजलपुर महरोला में 12 परीक्षार्थी, जनता इण्टर कालेज रूद्रपुर में 600 परीक्षार्थी, अटल उत्कर्ष एएनझा इण्टर कालेज रूद्रपुर में 480 परीक्षार्थी, रूद्रपुर इंस्ट्यूट ऑफ टैक्नॉलोजी भगवानपुर रूद्रपुर में 500 परीक्षार्थी व सरस्वती शिशु मंदिर इण्टर कालेज रूद्रपुर में 480 परीक्षार्थी परीक्षा देगें।

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा कार्य में कोई लाप. रवाही भी क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा की ड्यूटी बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है, निर्धारित समय पर अभ्यर्थियों का परीक्षा केंद्र में प्रवेश होना चाहिए, परीक्षा केंद्र में आवश्यक दिशा-निर्देशों का शतप्रतिशत अनुपालन करते हुए सीसी टीवी कैमरे की जद में प्रश्नपत्र रखे व खोले जाएं। उन्होंने निर्देश दिये कि परीक्षा का आयोजन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार ही करवाया जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था लगायी गयी है। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र के भीतर मोबाइल फोन तथा ब्लूटूथ डिवाइस, घड़ी या किसी भी अन्य प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल गैजेट ले जाने की अनुमति नहीं है। उन्होने कहा कि परीक्षा केन्द्रों में आयोग द्वारा लगाये गये जैमर को पहले ही अवश्य चौक कर लिया जाये कि काम कर रहा है या नही। परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा हेतु पर्याप्त पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। उन्होने कहा कि आयोग के निर्देशानुसार सभी परीक्षार्थियों की वायोमैट्रिक करायी जायेगी। उन्होने केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिये कि परीक्षा केन्द्र में कोई भी व्यक्ति बिना परिचय पत्र के न रहे इसका विशेष ध्यान रखे। उन्होने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि परीक्षा अवधी में निर्वाध्य विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करेगें। समस्त परीक्षा केन्द्रों में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहित की धारा 163 लागू रहेगी। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक डा. उत्तम सिंह नेगी, एसपी आरडी मठपाल, एसीएमओ डा. डीपी सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी हरेन्द्र मिश्रा, अधिशासी अभियंता विद्युत जसपुर जीएस कार्की, काशीपुर विवेक काण्डपाल, उप श्रमायुक्त केके गुप्ता, सहायक नगर आयुक्त संजय दत्त कापड़ी सहित आयोग के प्रतिनिधि, सैक्टर मजिस्ट्रेट, नोडल अधिकारी, केन्द्र व्यवस्थापक आदि उपस्थित थे।

## माता चिंतपूर्णी मंदिर से निकली भव्य कलश यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** माता चिंतपूर्णी मंदिर में सावन की अष्टमी के पावन अवसर पर एक दिन पूर्व एक भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा अनंत श्री विभूषित वैष्णवी शक्ति पीठाधीश्वरी मां हंसेश्वरी भारती महाराज पूज्यनीय स्वर्ग फार्म वाली देवी के स्थान से निक. ाली गई।



यात्रा का आरंभ मंदिर प्रांगण से हुआ और सोढ़ी कॉलोनी के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए पुन: मंदिर में संपन्न हुआ। कलश यात्रा में शामिल सुहागिन महिलाओं और कुमारी कन्याओं ने सिर पर कलश धारण किए, भक्तिमय भजनों और कीर्तनों के साथ वातावरण को भक्ति से सराबोर कर दिया। ढोल-नगाड़ों की गूंज ने यात्रा की शोभा में चार चांद लगा दिए। इस अवसर पर, मां दुर्गा की भव्य झांकी और पूज्यनीय स्वर्ग फार्म वाली देवी जी के स्वरूप ने शोभा यात्रा का नेतृत्व किया, जिससे भक्तों का उत्साह और भी बढ़ गया।विभिन्न स्थानों पर भक्तों ने कलश यात्रा का हार्दिक स्वागत किया और प्रसाद वितरण किया। इस शुभ अवसर पर मंदिर के महंत भजन प्रकाश अरोरा, श्याम खुराना, पंडित चंद्रहास उपाध्याय और उनका परिवार, हरिधाम मंदिर से महंत मनीष सलूजा, सतनाम सिंह, राजेश आनंद, राजीव ग्रोवर, अरविंद मिश्रा, जगदीश अरोड़ा, अनिल शर्मा, परविंदर सोढ़ी, जीतू, लक्ष्य शर्मा, कपिल, सन्नी, कविता सोढ़ी, कंचन, निशा, सुनीता, आशा अरोड़ा, सीमा शर्मा, कंचन, जया, सीमा राजदेव, निशा, गगन, मनु और अन्य सभी कॉलोनी वासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव सफल संपन्न होने पर अधिकारियों को डीएम ने दी बधाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी विनोद गोस्वामी ने त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2025 के सफल आयोजन के उपरांत आज विकास भवन सभागार में निर्वाचन ड्यूटी में संलग्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक ली और बधाई देकर आभार वयस्क किया।




उन्होंने वर्षाकालीन कठिन परिस्थितियों के बीच शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित रूप से निर्वाचन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई दी तथा उनके समर्पित टीमवर्क और दक्ष प्रबंधन की सराहना की। बैठक में जिलाधिकारी ने सुझाव दिया कि निर्वाचन ड्यूटी में तैनात कार्मिकों के अनुभवों का एक व्यवस्थित डेटा तैयार किया जाए, ताकि भविष्य के चुनावों में इन अनुभवों से सीख लेकर प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

साथ ही उन्होंने मुख्य कृषि अधिकारी अमरेन्द्र चौधरी को निर्देशित किया कि निर्वाचन ड्यूटी में संलग्न समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 'सर्टिफिकेट ऑफ एप्रिसिएशन' प्रदान कर सम्मानित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनपद ने कठिन परिस्थितियों में उत्कृष्ट टीमवर्क और प्रबंधन का प्रदर्शन किया है, जो प्रशंसनीय है। इस सफल आयोजन में मुख्य विकास अधिकारी डा. दीपक सैनी की भूमिका की भी विशेष सराहना की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने भी सभी को बधाई दी और आभार व्यक्त किया।

## आतंक के पर्याय बने बंदरों को पकड़ने का कार्य शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** मालधन चौड़ से क्षेत्र पंचायत सदस्य बसंती आर्य द्वारा जीतने के अगले ही दिन से मिशन मोड़ पर आ गई है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को मालधन चौड़ में आतंक के पर्याय बने बंदरों को पकड़ने का कार्य टीम द्वारा शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि देबी मंदिर मालधन चौड़ से इसकी शुरुआत की गई। जब तक सभी बंदरों को पकड़ा नहीं जायेगा तब तक टीम यही रहेगी। उन्होंने बताया कि बंदरों ने इन क्षेत्रों में आतंक मचा रखा है और ग्रामीण क्षेत्रों के लोग बहुत ज्यादा परेशान हैं।

## खेल-खेल में शांति से निपट गई पंचायती चुनाव की मतगणना

■ **पहली बार नहीं हुई कोई रिकाउंटिंग, नहीं आई विवाद एवं अविश्वास की नौबत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मॉडल जिले में इस दफा डीएम, एसपी एवं सीडीओ की षतिगड़ीष ने पंचायती चुनाव को ऐसे मॉडल तरीके से संपन्न कराया कि कहीं भी कोई विवाद, प्रक्रिया पर अविश्वास, पक्षपात की शिकायत नहीं आई। मतदान से जुड़े 2700 कर्मियों ने निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से खेल-खेल में ही पूरा चुनाव सबसे पहले निपटा दिया।



जिलाधिकारी मनीष कुमार ने अपनी शक्विक एक्शनश की कार्य संस्कृति के अनुसार हर जगह उनकी तथा सीडीओ डा. खाती की उपस्थिति से मतदान कर्मियों के हर कार्य में तेजी आती गई। इस दफा पहली बार सुबह 11 बजे मतदान पार्टियों को रवाना कर दिया गया था। 5 बजे तक पार्टियां अपने गंतव्य में पहुंच गई थी। इस चुनाव में पहली बार बैलेट बॉक्स जमा करने में कार्मिकों को मात्र 10 मिनट का समय लगा, जबकि इससे पूर्व तक मतदान कर्मियों को रातभर वहां खड़े रहना पड़ता था। इसी प्रकार मतगणना का कार्य भी सबसे जल्दी निपटाया गया। सबसे बड़े ब्लॉक चंपावत में भी यह कार्य 7:30 बजे तक निपट गया था। पहली बार कलेक्ट्रेट एवं विकास भवन के कार्मिकों की भी चुनाव में ड्यूटी लगाई गई थी। मौसम की नजाकत को देखते हुए बैलट बक्सों को तीन लेयर की सुरक्षा दी गई थी। मतदान पार्टियों को नदी पार कराने के लिए एनडीआरएफ के लोग पहले से ही मौजूद थे। आने-जाने में वर्षा होने पर रेनकोट, टॉर्च आदि की सुविधाएं दी गई थी। जहां बिजली नहीं थी वहां सोलर लाइट की व्यवस्था की गई थी।

महिला कार्मिकों को नजदीकी सुविधाजनक स्थानों में तैनात किया गया था, जहां उनकी सुविधा व सुरक्षा का पूरा इंतजाम था। जिलाधिकारी द्वारा हर स्थान में अपनी उपस्थिति देने से मतगणना के परिणाम प्रत्याशियों को तेजी से मिल रहे थे। काउंटिंग के बाद जैसे ही चक्र पूरा हो रहा था उसी के साथ बक्से ट्रेजरी में जमा करने के लिए सील किए जा रहे थे। जिलाधिकारी ने पहले ही मतदान कर्मियों को शराब पीने, पिलाने एवं मतदान से पूर्व किसी शराब पार्टी में भाग लेने की सख्त लहजे में चेतावनी दी थी, जिसमें इनका इकबाल ऐसा काम आया कि कहीं से भी ऐसी शिकायत नहीं आई। मतगणना स्थलों में भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। सबसे बड़ी बात यह थी की पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मियों को हर जगह शाल. ीनता के व्यवहार का परिचय देने के संस्कार दिए गए थे।

## तीनों सीटों पर भाजपा ने दर्ज की जीत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में जिला पंचायत चुनाव में तीनों सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की है।कांग्रेस को जिला पंचायत में हार का सामना करना पड़ा है।जिला पंचायत सदस्य के गुरुवार देर रात परिणाम आए।

चुनाव अधिकारी प्रिया सैनी ने बताया कि जिला पंचायत चिल्कीया सीट पर गुलफ्सा को 6364 और सीता देवी को 7979 वोट मिले।जिसमें सीता देवी ने 1615 वोटो से जीत दर्ज की है।जिला पंचायत सदस्य सावल्दे दीप चंद्र को 5949 वोट मिले जबकि प्रीतम आर्य 5776 वोट मिले।दीप चंद्र ने 170 वोटो से जीत दर्ज की है।जिला पंचायत सदस्य मालधन चौड़ सीट पर अनीता आर्य को 3490 और जबकि अनामिका टम्टा को 3175 वोट मिले।अनीता आर्य ने 315 वोटो से जीत दर्ज की है।बता दे कि रामनगर की तीनों जिला पंचायत सदस्य की सीटों पर भाजपा समर्थित प्रत्याक्षियों ने जीत दर्ज की है और तीनों कांग्रेस समर्थित प्रत्याक्षी को हार का सामना करना पड़ा है।



क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत की तीनों सीटों पर भाजपा समर्थित प्रत्याक्षियों जितने पर भाजपा के नेता और कार्यकर्ता गदगद नगर आ रहे हैं।

भाजपा प्रत्याशियों की जीत पर विधायक दीवान सिंह बिष्ट,भाजपा नगर अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह खाती, पूर्व ब्लॉक प्रमुख रेखा रावत, भाजपा नेता इंदर सिंह रावत,पूर्व मंत्री दिनेश मेहरा,पूर्व पालिकाध्यक्ष भगीरथ लाल चौधरी, भाजपा नेता शिशुपाल सिंह रावत,भाजपा नेता गणेश रावत,पूर्व राज्यमंत्री अमिता लोहनी, सभासद राहुल रावत,अजीज खान, मीडिया प्रभारी अशोक गुप्ता,शुभम उत्तम, मनोज पांडे, भावना भट्ट, सत्यप्रकाश शर्मा,रुचि गिरी शर्मा ,ममता गोस्वामी आदि भाजपाइयों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## अपने गांव को 'मॉडल अंबेडकर विलेज' बनाने के लिए ग्राम प्रधान बनी 22 वर्षीय छात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**लोहाघाट।** बराकोट ब्लाक अंतर्गत अंबेडकर गांव के लोगों ने इस दफा अपने गांव की कमान 22 वर्षीय ऐसी युवती को सौंपी है। जिसका इरादा गांव की तस्वीर और लोगों की तकदीर बदलने का है। इस युवा ग्राम प्रधान का हर व्यक्ति स्वागत कर रहा है। फार्मेसी डिप्लोमा प्राप्त एवं बीए की छात्रा बबीता का कहना है कि वह अपने गांव का जिले का एक ऐसा 'मॉडल अंबेडकर विलेज' की शक्ल देना चाहती है। जिसे अन्य गांव के लोग उसका अनुसरण कर सके।

बबीता का कहना है कि जब वह अन्य स्थानों में देखती हैं कि गांव समृद्ध होते जा रहे हैं, उन्हें इस बात का मलाल था कि उनका गांव क्यों? और किन कारणों से समृद्ध नहीं हो पा रहा है? जबकि पूरे गांव की आबादी अनुसूचित जाति के लोगों की है। बबीता का इरादा गांव के पारंपरिक उद्योग को आधुनिक ज्ञान विज्ञान से विकसित करने, सभी को शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, पेयजल, गांव के आंतरिक मार्गों का निर्माण, मौन पालन जैसे तमाम कार्य करना चाहती है। वह अपने गांव को इतना स्वच्छ रखना चाहती है कि दूर से ही उसकी चमक लोगों को आकर्षित कर सके। इस कार्य में वह विशेषज्ञों व अधिकारियों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त करेगी। जोत प्रकाश की इस उत्साहित बेटी बबीता को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा बधाई देते हुए कहा कि जब मैने सुना कि बबीता अपने गांव को ष्मॉडल अंबेडकर विलेजष बनाने के लिए ग्राम प्रधान बनी है, तो मेरी खुशी और उत्साह दोगुना हो गया। उन्होंने कहा आज ऐसे ही उत्साहित नौजवानों की आवश्यकता है जो ऊंची सोच के साथ अपने गांव को ऐसी शक्ल दे, जिसका उदाहरण लेकर अन्य गांव के लोग भी उसी राह पर चल सकें।

## मंजू देवी ने एक वोट से रची जीत की कहानी

**नई टिहरी।** जाखणीधार ब्लॉक की ग्राम पंचायत म्यूंडी में प्रधान पद का चुनाव बेहद रोचक मोड़ पर खत्म हुआ, जहां मंजू देवी ने केवल एक वोट के मामूली अंतर से जीत दर्ज कर ली। ढुंगमंदार पट्टी स्थित ग्राम पंचायत म्यूंडी में कुल 159 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिनमें से दो वोट अवैध घोषित किए गए। शेष 157 वैध मतों में से मंजू देवी को 79 और उनकी प्रतिद्वंद्वी नीलम देवी को 78 वोट प्राप्त हुए। परिणाम घोषित होते ही मंजू देवी की जीत की घोषणा हुई, जिससे गांव में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई। जीत के बाद नीलम देवी ने बड़े दिल का परिचय देते हुए मंजू देवी को शुभकामनाएं दीं और यह भरोसा भी जताया कि वे दोनों मिलकर गांव के विकास के लिए साथ काम करेंगी। लोकतंत्र की यह परिपक्वता ग्रामीण राजनीति में मिसाल बन गई। इसी प्रकार क्षेत्र पंचायत चौंदाणा में अंबिका पंवार को अपने प्रतिद्वंद्वी अल्का कुमाई से केवल 13 मतों से हार का सामना करना पड़ा। मामूली अंतर ने यहां भी मुकाबले को बेहद रोचक बना दिया। इसी तरह ढुंग क्षेत्र पंचायत सीट पर मीना देवी को आशा देवी से 13 मतों के अंतर से हार झेलनी पड़ी। इन दोनों ही परिणामों ने यह सिद्ध कर दिया कि पंचायत चुनावों में प्रत्येक वोट का महत्व कितना गहरा होता है। देवप्रयाग के जामटी जिला पंचायत सीट पर भी मुकाबला उतना ही रोमांचक रहा। यहां भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी प्रभात बिष्ट को निर्दलीय प्रत्याशी देवेंद्र भट्ट ने मात्र 11 मतों से पराजित कर दिया। हार से असंतुष्ट होकर प्रभात बिष्ट ने पुनर्मतगणना की मांग की, जिसके बाद मतों का अंतर घटकर सिर्फ 7 रह गया। यह परिणाम क्षेत्र की राजनीति में चर्चाओं का केंद्र बन गया है।इस बार के पंचायत चुनावों में कई सीटों पर जिस तरह बेहद कम अंतर से परिणाम सामने आए हैं। , उन्होंने न केवल प्रत्याशियों के लिए सबक छोड़ा है, बल्कि मतदाताओं को भी यह संदेश दिया है कि उनका एक-एक वोट निर्णायक हो सकता है। यह लोकतंत्र की बुनियाद को मजबूत करने वाली स्थिति है, जहां हर मत की गूंज सत्ता के गलियारों तक पहुंचती है।

## कांग्रेस-भाजपा के बीच रहा कड़ा मुकाबला, निर्दलीय ने मारी बाजी

**नई टिहरी।** विकासखंड प्रतापनगर में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के परिणामों ने राजनीतिक माहौल को गरमा दिया है। यहां जिला पंचायत की पांच सीटों पर हुए मुकाबले में भाजपा और कांग्रेस दो-दो सीटों पर विजयी रहीं, जबकि एक सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी ने सभी को चौंकाते हुए जीत दर्ज की। चुनावी नतीजे यह दर्शाते हैं कि क्षेत्र में दोनों प्रमुख दलों के बीच कांटे की टक्कर रही, वहीं जनता ने एक बार फिर अपने फैसले से राजनीतिक समीकरणों को नया मोड़ दे दिया है।

प्रतापनगर क्षेत्र की सबसे चर्चित और हॉट मानी जा रही मांजफ जिला पंचायत सीट पर कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी लक्ष्मी पंवार ने भाजपा को कड़ी टक्कर देते हुए जीत हासिल की। लक्ष्मी पंवार को कुल 2373 मत प्राप्त हुए, जबकि भाजपा समर्थित प्रत्याशी को 2144 मत मिले। यह जीत कांग्रेस के लिए न केवल रणनीतिक दृष्टिकोण से अहम रही, बल्कि स्थानीय स्तर पर जनसमर्थन की पुष्टि भी मानी जा रही है।

### एक नजर

## भाजपा समर्थित शहाना खातून मनिहार गोठ की बनीं प्रधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के परिणामों से भाजपा कार्यकर्ता गदगद हैं। यहां ग्राम पंचायत मनिहार गोठ में भाजपा पार्टी से ताल्लुक रखने वाले प्रत्याशी ने जीत दर्ज की है। भाजपा पृष्ठभूमि के मोहम्मद रफीक की धर्मपत्नी शहाना खातून ने कांग्रेस एवं अन्य दलों से समर्थित प्रत्याशी को करारी शिकस्त दी है। नवयुक्त ग्राम प्रधान शाहाना खातून ने 643 मत प्राप्त कर अंबिका बिष्ट को 150 मतों से हराकर भाजपा का इतिहास रच दिया।



गुरुवार को देर रात आए परिणाम से जहां भाजपा गदगद दिखी, वहीं अन्य दलों के कार्यालय में मायूसी दिखाई दी है। कई राजनीतिक दिग्गजों ने बताया कि अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमजद हुसैन के नेतृत्व में कुशल मैनेजमेंट के चलते मनिहारगोठ की हॉट सीट पर भाजपा पृष्ठभूमि के नेता ने जीत दर्ज की है। भाजपा कार्यकर्ताओं समेत तमाम मतदाताओं ने नवनियुक्त ग्राम प्रधान शहाना खातून को बधाइयां दी है। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता फखरुद्दीन अली, शाहिद अली, लियाकत हुसैन, फरियाद हुसैन, तनवीर हुसैन, रियासत हुसैन, रईस हुसैन, उदयभान, आयशा खातून, शाहजहां, शाहिद हुसैन, लतीफ हुसैन, नसरुद्दीन सहित तमाम लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

## रहनुमा बी ने जीत दर्ज कर रच दिया इतिहास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में बीडीसी पद पर जीत के बाद रहमुना बी पत्नी मखदूम हुसैन ने कहा मैंने कभी नहीं सोचा था कि इतनी बड़ी जिम्मेदारी मुझे मिलेगी, लेकिन मेरे पापा यानी ससुर सखावत हुसैन और चाचा एस रहमान की बदौलत ही यह अपार सफलता मुझे मिल पाई है। मेरे गांव वालों ने मुझ पर भरोसा किया और मैंने भी ठान लिया है कि अपने गांव लिए कुछ करूंगी। यह जीत मेरी नहीं मेरे गांव के लोगों की जीत है।



आपको बता दें ग्राम पंचायत मनिहार गोठ विचई से बीडीसी पद के लिए चार दावेदार मैदान में खड़े थे, लेकिन सभी अपनी जीत के दावे बराबर कर रहे थे। गुरुवार को परिणाम आने के बाद रहनुमा बी ने जीत दर्ज कर इतिहास रच दिया। उसने अपने प्रतिद्वंद्वी को 72 वोटों से हराकर करारी शिकस्त दी है। रहनुमा बी ने यह साबित कर दिया कि ना उम्र मायने रखती है और ना ही कोई सामाजिक बाधा अगर दिल में जुनून हो और कुछ कर गुजरने की चाहत हो तो मंजिल खुद चल कर आती है। इस मौके पर शहरोज हुसैन, जावेद हुसैन, मखदूम हुसैन, आसिफ हुसैन, चिंटू, फातिमा; हलीमन खातून, मुशाहिद, कासिम, समेत तमाम समर्थकों ने इनकी जीत पर इनको मुबारकबाद दी है।

## निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों को वितरित किए गए प्रमाण पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जनपद पिथौरागढ़ में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2025 की मतगणना प्रक्रिया 31 जुलाई को सुबह 8 बजे शुरू हुई, जो शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से मध्य रात्रि तक चली। मतगणना के उपरांत आज जिला पंचायत सभागार में प्रात: 10 बजे निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। प्रमाण पत्र रिटर्निंग अधिकारी डॉ. योगेश शर्मा द्वारा वितरित किए गए।



निर्वाचन की संपूर्ण प्रक्रिया जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी विनोद गोस्वामी के मार्गदर्शन में पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ सम्पन्न कराई गई। जिला प्रशासन द्वारा सभी चरणों में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित संचालन सुनिश्चित किया गया। जिलाधिकारी ने निर्वाचन ड्यूटी में लगे सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, पुलिस बल और सहयोगी संस्थाओं को सफल चुनाव आयोजन के लिए बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया।

## मॉडल जिले की तस्वीर बदलने के लिए मुख्यमंत्री को मिला ग्रामीणों का साथ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** मुख्यमंत्री के मॉडल जिले में पंचायती चुनाव में भाजपा को शानदार सफलता मिली है।पार्टी द्वारा हालांकि 15 सदस्यीय जिला पंचायत की 13 सीटों में प्रत्याशी अधिकृत किए गए थे। जिसमें दो सीटे रिक्त रखी गई थी। लेकिन चुनाव परिणाम में भाजपा जिला अध्यक्ष गोविंद सामंत 14 सीटों पर भाजपा के पक्ष में सदस्यों के होने का दावा कर रहे है। क्षेत्र पंचायत सदस्यो में अधिकांश भाजपा की संस्कृति में पले लोग भी विजई होकर आए हैं। जिससे चारों ब्लॉको में ब्लॉक प्रमुखों की कुर्सी में भाजपा कार्यकर्ताओं का बैठना तय माना जा रहा है।

मुख्यमंत्री श्री धामी की पहचान एक विकास पुरुष, धर्म रक्षक, संस्कृति एवं संस्कृत की रक्षक, युवाओं को दिशा देने वाले सच्चे साथी के रूप में होने से राजनीतिक दृष्टि से उनके सामने कांग्रेस के पनपने के दूर तक कोई आसार नहीं दिखाई दे रहे हैं। लेकिन उनके लिए चुनौती वह लोग बने हुए हैं,जो भाजपा में रहते हुए उसी को चूना लगा रहे हैं। हालांकि मुख्यमंत्री द्वारा मॉडल जिले में लोगों की तकदीर व जिले की तस्वीर बदलने के लिए जो प्रयास किया जा रहे हैं। उसे देखते हुए उन्होंने आमजनमानस ने दिल में अपना स्थान बनाया है। लेकिन समय रहते पार्टी को चूना लगाने वालों के लिए तो एक बार डीडीटी का छिड़काव किया जाना समय की जरूरत तो बनी हुई है। नए ग्रामीण जनप्रतिनिधियों को नई सोच के साथ ग्रामीण क्षेत्र के विकास करने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा तो उनका मार्गदर्शन किया जा रहा है। जिला प्रशासन भी उन्हें पंचायती राज का प्रशिक्षण देकर उन्हें उनके कर्तव्य व अधिकारों की जानकारी देने के साथ एक 'मॉडल विलेज' का निर्माण कैसे किया जाए? विकास कार्यों की डुप्लीकेसी को रोकने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम पंचायत की संपत्ति का लेखा-जोखा रखने, ग्राम सभा की पहली बैठक में ग्रामीणों की सत प्रतिशत उपस्थिति में गांव के विकास का रोड मैप तैयार करने, इन बैठकों में जिला स्तर के अधिकारियों व वीडियो की उपस्थिति, ग्राम पंचायत के भवनों को 'ग्रामीण मिनी सचिवालय' की ऐसी शक्ल देगे। जहां गांव के विकास से जुड़े सभी अधिकारी एक ही स्थान में 'गांव की समस्याओ का गांव में ही समाधान' कर सके आदि तमाम बिंदुओं पर होमवर्क शुरू हो गया।

# डीएसए मैदान में खेल कराने को हाईकोर्ट की हरी झंडी

## उच्च न्यायालय ने कहा– स्थानीय लोगों के लिए भी कोई पाबंदी न लगाए खेल विभाग



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने खेल विभाग के द्वारा नैनीताल के एकमात्र खेल मैदान डीएसए में स्थानीय खिलाड़ियों व स्थानीय टूर्नामेंट को प्रतिबंधित करने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश जी. नरेंद्र व न्यायमूर्ती आलोक महरा की खण्डपीठ ने फिलहाल स्थानीय टूर्नामेंट फुटबाल का लैडों लीग मैच चाहे कोई भी संस्था कराए उसे कराया जाए, साथ में कोर्ट ने यह भी कहा कि स्थानीय लोगों को मैदान में आने जाने तथा बच्चों व युवाओं को मैच का अभ्यास व सवेरे जॉगिंग करने पर खेल विभाग कोई पांबदी न लगाएं। खेल विभाग खेल के अनुसार ही ट्रेक का निर्माण करें। कोर्ट ने यह भी कहा कि शाररिक व्यायाम स्वस्थ्य जीवन की आधार शिला है चाहे व्यक्ति किसी उम्र का हो। कहा कि नैनीताल में स्वस्थ रहने का एक मात्र साधन है। अगर इसे स्थानीय लोगों के लिए बंद किया जाता है तो लोग सड़क पर वाक करेगे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। कोर्ट ने सुनवाई पर यह भी कहा कि खेल पहला है बाकि धार्मिक तथा राजनैतिक कार्य बाद में इसलिए खेल विभाग तथा नगर पालिका तथा राज्य सरकार आपस में बैठकर इस पर निर्णय लें, किस खेल को कब कराया जाना है उसकी रिपोर्ट पेश करें।

मामले के अनुसार अधिवक्ता उन्नति पंत ने जनहित याचिका दायर कर कहा कि जब से डीएसए मैदान खेल विभाग को गया तब से इस मैदान में स्थानीय लोगो को आवाजाही पर रोक लगा दी है। साथ में स्थानीय टूर्नामेंट करने पर भी रोक लगा दी जबकि इस मैदान में साल में 18 टूर्नामेंट होते हैं। केवल खेल विभाग ने सब को रद्द करते हुए अनुमति दी है। जनहित याचिका में कहा गया है कि स्थानीय लोगो तथा बच्चों को अभयास करने की अनुमति दी जाए। होने वाले लेन्डो लीग कराने की अनुमति दी जाय। साथ में वाक व अभयास करने वाले लोगो से कोई शुल्क न लिया जाय।

## जीएम यूपीसीएल विस्तार से रिपोर्ट पेश करें

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने बिजली की पावर लाइन को दुरस्त करते वक्त होने वाले दुर्घटनाओं के मामले पर सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ती आलोक महरा की खण्डपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 18 अगस्त की तिथि नियत करते हुए जीएम पावर कारपोरेशन को निर्देश दिए हैं कि इसमे वे अपना एक विस्तृत रिपोर्ट पेश करें साथ मे यह बताएं कि लाइन मैनो के हादसे के कया कारण है। किसकी वजह से ये हादसे हो रहे जिन कर्मचारियों से पावर कारपोरेशन काम ले रहा है क्या उन्हें प्रशिक्षण दिया गया। हादसे के शिकार लोगो के परिजनों को कितना मुआवजा दिया जा रहा है। अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। मामले की अगली सुनवाई हेतु 18 अगस्त की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार हरिद्वार निवासी कृष्णकांत ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि अगर किसी उपभोक्ता के घर में लाइट नहीं आती है तो वह सीधे लाईन मैन को फोन करता है। न कि पावर हाउस में। लाइन मैन उसे ठीक करने के लिए बिना शट डाउन करे लाइन को दुरस्त कर देता है। जनहित याचिका में कहा गया कि कोपोरेशन के द्वारा इस कार्य को करने के लिए ए कलास के ठेकेदार को ठेका दिया जाता है। जिसको ठेका दिया जाता है। उसके कर्मचारियों को इस कार्य को करने का पूर्ण अनुभव नहीं होता है। न ही उन्हें इस कार्य करने की ट्रेनिंग दी जा जाती है। न ही उनके पास पर्याप्त उपकरण होते है। इसलिए लाईनों को दुरस्त करने के लिए प्रशिक्षित कर्मचारियों को ही लगाया जाए। उनकी सुरक्षा का खास ध्यान दिया जाय। जनहित याचिका की सुनवाई आने से पहले बीते कल जसपुर में ऐसा ही एक मामला सामने आया। जिसमे लाईन मैन की ड्यूटी के दौरान मौत हो गयी थी। जिसपर कोर्ट ने पावर कारपोरेशन से कहा है कि मृत परिवार को 5 लाख का मुआवजा दें।

## कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत को नहीं मिली कोई राहत

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने वर्तमान कांग्रेस के नेता हरक सिंह रावत की याचिका जिसमें उनके द्वारा उनकी संपति कुर्क करने के ईडी आदेश को चुनौती देती पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एककलपीठ ने पूर्व में लगाई गई रोक को आगे बढ़ाते हुए अगली सुनवाई 21 अगस्त की तिथि नियत की है। तब तक कोर्ट ने बिपक्षी के द्वारा पेश किए गए शपथपत्र पर अपना प्रति उत्तर पेश करने के आदेश रावत को दिए है। अब मामले की अगली सुनवाई 21 अगस्त को होगी। ईडी ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत की पत्नी दीप्ति रावत ने साजिश के तहत देहरादून में मामूली कीमत पर रिहायशी रिहायसी क्षेत्र में बेशकीमती जमीन खरीदी है। जिसकी कीमत वर्तमान में करोड़ो रूपये की है। यही नही उनके द्वारा बतौर मंत्री रहते हुए नेशनल पार्को में भारी मात्रा में घोटाला किया हुआ है। उनपर आरोप है कि उन्होंने इसके अलावा अन्य घोटाले किये हैं। उच्च न्यायालय ने श्रीमती पूर्णा देवी मेमोरियल ट्रस्ट की करोड़ से अधिक कीमत की 101 बीघा जमीन के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जारी एक अनंतिम कुर्की आदेश पर सुनवाई की। जिसपर पर कोर्ट ने रोक पूर्व में लगा दीए जो कि केस दून इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज श्रीमती पूर्णा देवी मेमोरियल ट्रस्ट बनाम उत्तराखंड राज्य चल है। ईडी के अनुसार ट्रस्ट का नियंत्रण हरक सिंह रावत के परिवार सहित अन्य दोस्तों के पास हैए जो कांग्रेस नेता हैं और पहले भाजपा सरकार में मंत्री थे। हुई सुनवाई पर कोर्ट ने पूर्व के आदेश पर लगी रोक को आगे बढ़ाते हुए अगामी तिथि से पहले रावत से अपना प्रति उत्तर पेश करने को कहा है।

## स्टेटस रिपोर्ट दो हफ़्ते के भीतर कोर्ट में पेश करने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने राज्य के मुखय सचिव से सुप्रीम कोर्ट द्वारा पूर्व में जारी आदेश जिसमें शहरी क्षेत्रों में हुए वैध अवैध निर्माण व संपतियों से जुड़ी जानकारी के लिये पोर्टल बनाने व उसे सार्वजनिक करने को कहा गया था के अनुपालन की स्टेटस रिपोर्ट दो हफ्ते के भीतर कोर्ट में पेश करने के निर्देश दिए हैं। हाईकोर्ट ने इस आदेश की प्रति सचिव शहरी विकास, सचिव आवास सहित समस्त शहरी निकायों को भेजने के निर्देश भी दिए हैं। हाईकोर्ट ने अवैध निर्माण को शह देने तथा उनकी कंपाउंडिंग करने व अवैध फ्लैटों के खिलाफ कार्यवाही करने के मामले में फैसला सुरक्षित रखा है। ऋषिकेश में हो रहे अवैध निर्माण को लेकर दायर पंकज अग्रवाल व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए मुखय न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक महरा की खण्डपीठ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व में शहरी निकायों में स्थित संपतियों का पूरा ब्यौरा रखने के लिये पोर्टल बनाने व उसे सार्वजनिक करने के निर्देश दिए थे।

ताकि जनसामान्य को वैध व अवैध संपति की जानकारी रहे और वह पोर्टल से मिली जानकारी के अनुसार संपति का क्रय विक्रय कर सकें और निवेशकर्ता धोखाधड़ी से बच सकें। सुप्रीम कोर्ट के उक्त आदेश के अनुपालन की स्टेटस रिपोर्ट खण्डपीठ ने दो हफ्ते के भीतर देने के निर्देश मुख्य सचिव व अन्य को दिए गए हैं। याचिकाकर्ता के अनुसार ऋषिकेश में स्वीकृत मानचित्र के विपरीत जाकर कुछ लोगों द्वारा अवैध निर्माण किए जा रहे हैं। मसूरी देहराद.ून विकास प्राधिकरण ने इन अवैध निर्माणों को सील किया था। लेकिन कुछ समय बाद विकास प्राधिकरण के सहायक अभियंता ने उक्त सीलिंग से प्रतिबंध हटाकर अवैध निर्माण को कम्पाउंड करते हुए मानचित्र स्वीकृत कर दिया। याचिकाकर्ता का कहना है कि अवैध निर्माणों पर रोक लगाई जाए ताकि पर्यावरण को बचाया जा सके। याचिका में आगे यह भी कहा गया है कि अवैध निर्माण का कार्य ऋषिकेश में ही नही बल्कि देहरादून मसूरी में भी चल रहा है।

## पुलिस भर्ती मामला: सुनवाई अब 8 को

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाई कोर्ट ने प्रदेश में चल रही 2 हजार पदों पर पुलिस भर्ती प्रक्रिया के मामले में आयु सीमा में छूट दिए जाने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई की। आज हुई सुनवाई पर याचिकाकर्ता के द्वारा मामले की शीघ्र सुनवाई हेतु कोर्ट में मेंशन किया। लेकिन कोर्ट के पास मामले की सुनवाई हेतु समय कम रहने के कारण अगली सुनवाई हेतु 8 अगस्त की तिथि नियत की है। आज याचिकाकर्ता की तरफ से कोर्ट को अवगत कराया कि पूर्व में कोर्ट ने कोर्ट की बिना परमिशन के रिजल्ट खोलने पर रोक लगा दी थी। परन्तु कमीशन ने बिना कोर्ट की अनुमति लिए फिजिकल का रिजल्ट घोषित कर दिया। जो कि कोर्ट के आदेश की अवमानना है। जिसपर कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई हेतु 8 अगस्त की तिथि कर दी है।

## एक नजर....

### प्रत्याशियों पर जल्द निर्णय लेने की मांग

**बागेश्वर।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के जिलाध्यक्ष भगत डसीला ने शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। वार्ता में उन्होंने नगर निकाय व ग्रामीण क्षेत्रों में दो जगह नाम वाले प्रत्याशियों पर जल्द फैसला करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जब तक कोर्ट द्वारा उन प्रत्याशियों पर फैसला न लिया जाए तब तक उन्हें जिला पंचायत अध्यक्ष व ब्लाक प्रमुख के प्रत्याशी न बनाने साथ ही अध्यक्ष व ब्लाक प्रमुख प्रत्याशी को वोट देने से वंचित करने की मांग की गई। उन्होंने कहा कि त्रिस्तरीय राज्य चुनाव आयोग के नियमावली में दो स्थानों पर नाम होने वाले प्रत्याशियों को निरस्त माने जाने की बात स्पष्ट लिखी गई है। ऐसे में जिन प्रत्याशियों द्वारा नगर निकाय व ग्रामीण दोनों जगह नाम दर्ज किया गया है वे अपराध की श्रेणी में आते है। इसी क्रम में पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण ने कहा कि सरकार के सह पर निर्वाचन आयोग कार्य कर रहा है। जबकि नियावली में स्पष्ट रूप से इस सम्बन्ध में उल्लेख किया गया है। उन्होंने ऐसे प्रत्याशियों के खिलाफ अपने दस्तावेज छुपाने के जुर्म में कार्यवाही करने की बात कही। इस मौके पर ललित गिरी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### कपकोट ब्लॉक में रातभर होती रही बारिश

**बागेश्वर।** जिले में बारिश का दौर जारी है। गुरुवार की रातभर कपकोट ब्लॉक क्षेत्र में बारिश होती रही, जबकि बागेश्वर व गरुड़ में सूखा रहा। बारिश के कारण पांच सड़कों पर अभी भी यातायात ठप है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार बारिश से भानी हरसिंग्याबगड़, कपकोट-पिंडारी ग्लेशियर, रचीराबगड़-पोथिंग, बदियाकोट-बोरबलड़ा मोटर मार्ग बंद है। ग्रामीणों ने जल्द मार्ग खोलने की मांग जिला प्रशासन से की है। इधर शुक्रवार दिन भर जिले में चटक धूप खिली रही। देर शाम होते ही एक बार फिर बारिश ने उमस भरी गर्मी से राहत दिलाई। हालांकि नगर क्षेत्र में बारिश अधिक देर तक नहीं टिकी, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में हल्की बारिश होती रही।

### एसएसजे परिसर में मनाई गई प्रेम चंद की जयंती

**अल्मोड़ा।** सोबन सिंह जीना परिसर के के इतिहास संस्कृति व पुरातत्त्व विभाग में शुक्रवार को प्रेम चंद की जयंती मनाई गई। इस दौरान उनके संघर्षों व जीवन पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि प्रेम चंद ने लेखन से समाज की कुरीतियों पर प्रहार किय। कार्यक्रम में कला संकायाध्यक्ष प्रो. एएस अधिकारी ने प्रेम चंद की जीवनी के बारे में बताया। कहा कि प्रेम चंद के काल में देश में स्वतंत्रता की लहर दौड़ रही थी। इसने युवा प्रेमचंद को गहराई से प्रभावित किया। प्रेम चंद ने जाति भेदभाव, लैंगिक असमानता, बाल विवाह और दहेज प्रथा जैसी ज्वलंत समस्याओं को अपनी कहानियों और उपन्यासों का विषय बनाया और समाज की कुरी. तियों पर करारा प्रहार किया। उनका प्रसिद्ध उपन्यास 'गोदान' जमींदारों और साहूकारों की ओर से किए गए किसानों के शोषण का जीवंत चित्रण करता है। वह एक मनोवैज्ञानिक की तरह अपने सभी पात्रों की मनोस्थिति व भावनाओं को समझते थे। यहां प्रो. एचसी जोशी, डा. गोकुल देउपा, डा. प्रेमा खाती, डा. लक्ष्मी वर्मा, डा. शालिनी आदि रहे।

### सेनानिर्वित होकर लौटने पर किया भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**शांतिपुरी।** शांतिपुरी नंबर दो भरतपुर डाम निवासी भारतीय सेना के नए पेंशनर सुबेदार सतीश चंद्र जोशी का ौज से सकुशल पेंशन आने व पूर्व सैनिक संगठन की सदस्यता लेने पर पूर्व सैनिकों ने जोरदार स्वागत किया। आर्मी मेडिकल कोर के सुबेदार सतीश चंद्र जोशी 31 जुलाई 2025 को अपने रेजिमेंटल सेंटर लखनऊ से रिटार्य होकर घर लौटे। शुक्रवार प्रातरू नौ बजे सैनिक संगठन ने उन्हें सैनिक स्मारक स्थल शांतिपुरी नंबर एक से अगवानी कर ढोल नगाड़ों के साथ जलूश की सकल में सैनिक मिलन केन्द्र शांतिपुरी नंबर दो लेकर आए। जहां पूर्व सैनिकों व नवनिर्वाचित जनप्रति. निधियों ने उनका स्वागत किया। सेवानिवृत सुबेदार जोशी ने पूर्व सैनिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह अपना शेष जीवन अपने पारिवारिक जिम्मेदारियों के साथ-साथ सैनिक परिवारों के समस्याओं के निवारण एवं संगठन की मजबूती को समर्पित करेंगे। स्वागत करने वालों में संगठन अध्यक्ष दिग्मबर प्रसाद जोशी, नव निवार्चित प्रधान कविता तिवारी, से.नि. कैप्टन भुवन चंद्र जोशी, देवेन्द्र सिंह कोरंगा, पूर्व मण्डी अध्यक्ष कमलेन्द्र सेमवाल आदि लोग मौजूद रहे।

### तीन जनहित याचिकाओं पर एकसाथ सुनवाई

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने नैनीताल जिले के बुधलाकोट ग्रामसभा, ऊधम सिंह नगर के कई ग्राम सभाओं व बड़कोट उत्तरकाशी नगर पालिका में बाहरी लोगों का नाम पंचायत चुनाव की वोटर लिस्ट में शामिल करने के खिलाफ दायर तीन जनहित याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश जी. नरेंद्र और न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की ने तीनों को निस्तारित करते हुए कहा कि अब चुनाव संपन्न हो चुके हैं अगर किसी वोटर या प्रत्याशी को इससे दिक्कत है तो वे दुबारा से चुनाव याचिका दायर कर सकते हैं, वहीं राज्य चुनाव आयोग ने कोर्ट में अपना पक्ष रखते हुए कहा कि आयोग ने याचिकाकर्ता की शिकायत पर वोटर लिस्ट का अवलोकन कर लिया है जिन वोटरों के नाम वोटर लिस्ट में गलत थे तब जाँच के बाद उन्हें हटा दिया गया है साथ में यह भी कहा कि जिनके नाम बिना सत्यापन के वोटर लिस्ट में बीडीओ के द्वारा शामिल किया गया। उस वीडियो को सस्पेंड कर दिया है यही कार्यवाही बड़कोट उत्तरकाशी में भी चल रही है।

## सांसद अजय भट्ट ने पंचायत चुनाव में विजयी जनप्रतिनिधियों को दी शुभकामनाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड में हाल ही में संपन्न हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के परिणामों के बाद नैनीताल-उधम.



सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद एवं पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट ने जनादेश प्राप्त करने वाले सभी नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। श्री भट्ट ने अपने संदेश में कहा कि, आप सभी ने जनता के विश्वास और आशीर्वाद से यह महत्वपूर्ण दायित्व प्राप्त किया है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप जन आकांक्षाओं का सम्मान करते हुए अपने क्षेत्र के समग्र विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। उन्होंने आगे कहा कि ग्राम स्तर पर सशक्त नेतृत्व, आत्मनिर्भरता, समृद्धि और सतत विकास की कल्पना को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। श्री भट्ट ने सभी नवनिर्वाचित प्रति. निधियों के उज्ज्वल, पारदर्शी और जनसेवा से परिपूर्ण कार्यकाल की मंगलकामनाएं भी दीं। पंचायतीराज व्यवस्था को लोकतंत्र की नींव बताते हुए उन्होंने विश्वास जताया कि यह जनप्रतिनिधि अपने कर्म, निष्ठा और समर्पण से ग्रामीण भारत की तस्वीर बदलने में अग्रणी भूमिका निभाएंगे।

## बिरला में आर्ट्स फेस्ट शुरू

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित बिरला विद्या मंदिर नैनीताल में शुक्रवार से तीन दिवसीय आईपीएससी विजुअल आर्ट्स फेस्ट 2025 शुरु हो गया है। बता दें कि इस वार्षिक कला महोत्सव में देश भर के 22 प्रतिष्ठित विद्यालयों के प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं जो अपनी कला के अनूठे रंग बिखेरेंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल शर्मा ने इस फेस्ट के महत्व और विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह आयोजन कला के विभिन्न रूपों को प्रोत्साहित करने और छात्रों के सृजनात्मक प्रतिभा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। तीन दिनों तक चलने वाले इस फेस्ट में कुल आठ विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें कार्टूनिंग, कले मॉडलिंग, डूडलिंग, यूबिस्ट पोर्ट्रेट, कोलाज मेकिंग, आर्ट इंस्टालेशन, सेमीओ टेक्स्ट, प्लास्टर ऑफ पेरिस रिलीफ वर्क और आर्ट ड्रामा शामिल हैं। आज के दिन डूडलिंग, क्ले मॉडलिंग, क्यूबिस्ट पोर्ट्रेट और कार्टूनिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के सूत्रधार प्रणब मुखर्जी ने सभी उपस्थितों को संबोधित करते हुए फेस्ट की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कला के महत्व पर विचार साझा किए और प्रतिभागियों के सवालों के विस्तार से जवाब दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे महोत्सव न केवल छात्रों को अपनी कला को समझने और विकसित करने का मंच प्रदान करते हैं बल्कि सांस्कृतिक विविधता और सौहार्द्र को भी बढ़ावा देते हैं। प्रधानाचार्य श्री शर्मा ने बताया कि फेस्ट का भव्य उद्घाटन समारोह आगामी 2 अगस्त (आज) को आयोजित किया जाएगा।

## भारतीय नौ सेना में कमांडिंग ऑफिसर पद पर मृदुल शाह की तैनाती

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल में 5 यूके नेवल यूनिट एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर पद पर कैप्टन (भारतीय नौ सेना) मृदुल शाह की तैनाती हो गयी है। उन्होंने अपना कार्यभार भी ग्रहण कर लिया है। खास बात यह है कि कैप्टन शाह नैनीताल शहर के पूर्व छात्र भी रहे हैं, अब उन्हें उसी नगर में स्थित नेवल एनसीसी यूनिट का नेतृत्व करने का मौका मिल गया है। बता दें अभी तक इस पद पर कैप्टन चंदर विजय नेगी पदासीन थे लेकिन उनकी सेवानिवृति के बाद अब कैप्टन मृदुल शाह की तैनाती कर दी गयी है। पदभार संभालने के बाद कैप्टन शाह ने कहा कि एनसीसी कैडेट्स के प्रशिक्षण और उनके सर्वांगीण विकास के लिए वे पूरी तरह



से प्रतिबद्धता से कार्य करेंगे। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि यूनिट में अधिक से अधिक सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी ताकि कैडेट्स को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण मिल सके। बता दें कैप्टन मृदुल शाह की नियुक्ति से यूनिट को न केवल अनुभवी नेतृत्व प्राप्त हुआ है बल्कि यह भी एक प्रेरणास्पद उदाहरण है कि एक स्थानीय छात्र अब उसी नगर में नौसेना एनसीसी यूनिट का नेतृत्व कर रहा है यह पूरे नैनीताल के लिए गौरव की बात है। कैप्टन मृदुल शाह का जन्म नैनीताल में हुआ और उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा नगर के प्रतिष्ठित सनवाल स्कूल में प्राप्त की। इसके बाद वह शिमला चले गए जहाँ से उन्होंने स्कूली शिक्षा पूरी की। उन्होंने नेशनल डिफेंस अकादमी (एनडीए) के 84वें कोर्स के साथ रक्षा सेवा में कदम रखा और 1 जुलाई 1994 को भारतीय नौसेना में कमीशन प्राप्त किया। उन्होंने मिसाइल और गनरी (तोपखाना) में विशेषज्ञता हासिल की और कई अग्रिम पंक्ति के युद्धपोतों पर सेवा दी है साथ ही वे नौसेना मुख्यालय नई दिल्ली में भी महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत रह चुके हैं।

## तीन दिनी कार्यशाला सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि नैनीताल के माता जिया रानी महिला अध्ययन केंद्र में चल रहे तीन दिवसीय कार्यशाला का शुक्रवार को समापन हो गया। समापन मौके पर मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने कार्यशाला को अत्यंत ही महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्यशालाओं से विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ता है और वह अपने स्किल के माध्यम से आत्मनिर्भर होने के लिए नई क्षेत्र की खोज कर सकते हैं। कार्यशाला के तीसरे दिन यानी शुक्रवार को प्रतिभागियों को रंगवाली पिछोड़ा बनाना सिखाया। कार्यशाला में विभिन्न स्कूलों के बच्चों के साथ-साथ विभिन्न सहायता समूह की महिलाओं ने और घरेलू महिलाओं साथ साथ विभिन्न शोधार्थियों ने और विद्यार्थियों ने भी प्रशिक्षण प्राप्त किया तथा कार्यशाला में प्रतिभागियों ने अपने विचार रखे। डा. महिका ने इस तरह की कार्यशाला को बहुत ही सफल बताया और कहा इससे हमें बहुत कुछ सीखने का मौका मिला है। दीपा पुनेरा हल्द्वानी, पुष्पा बिष्ट जय गोलू महिला स्वयं सहायता समूह, रश्मि शिराला देवरानी जेठानी स्वयं सहायता समूह, आध्या जायसवाल, राजेश्वरी महिला स्वयं सहायता समूह, कनिष्का समेत राष्ट्रीय शहीद सैनिक स्मारक विद्यापीठ, साक्षी आर्या मोहनलाल शाह बालिका विद्या मंदिर, करन सिंह भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय आदि लोगों ने अपना फीडबैक दिया। इससे पूर्व कार्यशाला में केंद्र की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा ने सभी का स्वागत किया अभिनंदन किया और महिला अध्ययन केंद्र की प्राथमिकताओं से अवगत कराते हुए भविष्य में भी इसी तरह की कार्यशाला की आयोजन की बात रखी।

## पार्षदों से शहर के डवलपमेंट का डीएम ने लिया फीडबैक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शुक्रवार को जिलाधिकारी वंदना ने शहर के वार्डो की समस्याओं को लेकर पार्षदों से चर्चा की और नगर के विकास के लिए उनका फीडबैक भी लिया। बैठक में पार्षदों ने अपने-अपने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को उनके समक्ष रखा और उनके समाधान की बात रखी। जिला. धिकारी वंदना ने अपने कैंप कार्यालय में वार्ड एक से वार्ड बीस तक के पार्षदों के साथ शहर के विकास व उनके क्षेत्र की समस्याओं को लेकर बैठक की। इस दौरान पार्षदों ने अपने वार्डो की समस्याओं को उनके समक्ष रखा। जिलाधिकारी ने सभी पार्षदों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का एक निर्धारित समय के अंतर्गत प्राथमिकता समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी में



वर्तमान में विभिन्न विकास कार्य गतिमान है जिसमें एडीबी अंतर्गत सीवरेज निर्माण, पेयजल लाईन निर्माण, सड़क चौड़ीकरण, ड्रेनेज सिस्टम, आदि कार्य प्रमुख है जिन कारण सड़क मार्ग में को खोदा गया है जिन मार्गो मैं लाइन डालने का कार्य पूर्ण हो गया है उन्हें ठीक भी कराया जा रहा है उन्होंने अवगत कराया की मानसून के बाद इन सड़क मार्ग में हॉट मिक्स का कार्य कर सड़क को ठीक कर लिया जाएगा। डीएम ने कहा कि हल्द्वानी नगर को एक स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने हेतु सभी जनप्रतिनिधियों एवं विभाग आपसी समन्वय एवं तालमेल के साथ कार्य करेंगे तो निश्चित रूप से हम हल्द्वानी को एक सुविधायुक्त शहर के रूप में विकसित कर पाएंगे। जिलाधिकारी ने इस दौरान नगर आयुक्त को हल्द्वानी नगर में एक विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही वार्डवार समस्याओं के समाधान जिसमें मुख्य रूप से विद्युत, पेयजल, सीवरेज, सड़क मार्ग आदि से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित विभागों की एक टीम गठित की जाएगी जो पार्षद के साथ वार्ड का भ्रमण कर, उनका समाधान करेगी। समस्याओं के समाधान होने पर पार्षद द्वारा एक प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराया जाएगा की समस्या का समाधान हो गया है। इस संबंध में जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त तथा उपजिलाधिकारी हल्द्वानी को एक सप्ताह के भीतर टीमों का गठन कर वार्ड वार रोस्टर तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में पार्षदों द्वारा मुख्य रूप से क्षेत्र में पेयजल, जल भराव, सीवरेज लाइन निर्माण, स्ट्रीट लाइट लगाए जाने, सड़क सुधारीकरण किए जाने, नशे में घूमने वाले अराजक तत्वों से निजात दिलाए जाने हेतु नियमित पुलिस गस्त कराए जाने, छुट्टी के समय विद्यालयों के आसपास पुलिस की गस्त कराए जाने सहित सार्वजनिक स्थानों से अतिक्रमण हटाए जाने सहित अनेक समस्याएं जिलाधिकारी के सम्मुख रखी। जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि इन समस्याओं का समाधान एक निश्चित अवधि के अंतर्गत किया जाएगा इसे तो विभागों को जिम्मेदारी दी जाएगी उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान विभागों द्वारा प्राथमिकता से किया जाएगा। बैठक में नगर आयुक्त ऋचा सिंह, उप जिलाधिकारी हल्द्वानी राहुल शाह सहित हल्द्वानी नगर के वार्ड 1 से वार्ड 20 तक के पार्षद नगर, निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

## विजय पताका फहराने वाले प्रत्याशियों को मिले प्रमाणपत्र

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिला पंचायत चुनाव जीतने के बाद जिला पंचायत से शुक्रवार की सुबह दस बजे से आरओ डा. धीरज जोशी व उनकी टीम कार्यालय में प्रमाण पत्र बांटने के लिए जुटी रही। आरओ ने बताया कि सायं पांच बजे तक 19 प्रत्याशियों ने प्रमाणपत्र प्राप्त किए। शेष आठ सदस्य शनिवार को प्रमाणपत्र लेंगे। कई सदस्यों ने प्रमाण पत्र के लिए पूछताछ भी की।

इस मौके पर राजेश कुमार, डीसी पंत, आशीष भारद्वाज, सुनील, रवि आदि रहे। ककोड़ गांव से डीगर मेवाड़ी, वडौन मीना देवी, ओखलकांडा मल्ला प्रमोद सिंह, ढोलीगांव बहादुर सिंह, डिनी तल्ली पूनम, सरना रेखा देवी, चौखुटा दीप सिंह बिष्ट, गहना ज्योति आर्य, चापड़ तरुण कुमार शर्मा, भवाली गांव यशपाल, गैबुआ अनवर कम्पोज, तलिया हेम चंद्र, गुलजारपुर की





अनिता, चोरगलिया लीला देवी, रामडी आनसिंह छवि कांडपाल, जग्गीवंगर दीपा चंदौला, जगलीया गांव विपिन सिंह, मेहरा गांव जिशांत कुमार, ज्योलीकोट देवकी देवी, अमृतपुर हेमा भट्ट।

### डा. हरीश बिष्ट का ज़ोरदार स्वागत

**नैनीताल।** भीमताल विकास खंड के निवर्तमान प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट के क्षेत्र पंचायत सदस्य चुने जाने पर उनके समर्थकों ने उनके आवास में पहुंचकर फूल मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान डा. बिष्ट ने सभी मतदाताओं के साथ ही समर्थकों का विशेष आभार जताया। उन्होंने कहा कि उन्हें मतदाताओं ने जो जिम्मेदारी सौपी है उसे वह पूरा करने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। डा. बिष्ट ने अपने प्रतिद्वंदी हिमांशु बिष्ट को हराया था। डा. बिष्ट ने 162 मतों से गेठिया प्रथम से क्षेत्र पंचायत सदस्य का चुनाव जीता। उन्होंने गेठिया प्रथम की क्षेत्रीय जनता का आभार व्यक्त किया है। दूसरी ओर अब डा. बिष्ट जीतने के बाद एक बार फिर से भीमताल ब्लॉक प्रमुख बनने की तैयारी में जुट गए हैं। डा. बिष्ट के मुताबिक क्षेत्र पंचायत सदस्य उनको भारी संख्या में समर्थन दे रहे हैं।



## श्रीलंका टापू पहुंचे दीपेंद्र कोश्यारी

### ग्रामीणों की समस्याएं सुनी, निराकरण का दिया आश्वासन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**लालकुआं।** वरिष्ठ भाजपा नेता दीपेंद्र कोश्यारी पार्टी पदाधिकारी के साथ गौला नदी को पार कर



दीपेंद्र कोश्यारी बिंदुखत्ता के दूरस्थ क्षेत्र श्रीलंका टापू पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उचित समाधान का आश्वासन दिया। शुक्रवार को वरिष्ठ भाजपा नेता दीपेंद्र कोश्यारी पार्टी पदाधिकारी के साथ गौला नदी को पार कर श्रीलंका टापू पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बरसात के सीजन में ग्रामीणों के दुख दर्द को जाना और उनकी समस्याएं सुनी। श्री कोश्यारी ने इस दौरान ग्रामीणों की प्रत्येक समस्या को गंभीरता के साथ निराकरण का आश्वासन दिया। साथ ही सर्पदंश पीड़ित महिला पूजा देवी और उनके परिवार से मिले और हर संभव मदद का भरोसा दिया। तत्पश्चात वापसी में कुछ दिन पूर्व दिवंगत हुई भागीरथी देवी उम्र 103 वर्ष के परिवार वालों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष नवीन पपोला, सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मण सिंह मेहता, भाजपा नेता बॉबी संभल, कमल जोशी, सौरभ चुफाल, रोहन चौधरी, किशोर नेगी, चंचल सिंह धामी समेत तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

# काउंटी चैंपियनशिप में साई-चहल का पंजा



- **डरहन ने पहली में 153 व दूसरी में 344 रन बनाए थे, जबकि सरी ने 322 और पांच विकेट पर 176 रन बनाकर मैच जीता**

**लंदन, वार्ता।** भारत के बाएं हाथ के स्पिनर साई किशोर और यजुवेंद्र चहल ने काउंटी चैंपियनशिप में अपनी-अपनी टीमों के लिए बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पांच-पांच विकेट झटके। साई किशोर के पंजे की बदौलत सरी ने डरहम को पांच विकेट से हराकर काउंटी चैंपियनशिप खिबात जीतने की दिशा में एक बड़ा कदम बढ़ा लिया है। इस मैच के दौरान सरी के लिए खेल रहे साई किशोर ने दूसरी पारी में 72 रन देकर पांच विकेट झटके, जबकि सैम करन ने भी 40 रन बनाकर लक्ष्य का पीछा करने में मदद की। डरहम ने पहली पारी में 153 और दूसरी में 344 रन बनाए थे, जबकि सरी ने 322 और पांच विकेट पर 176 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। साई किशोर ने पहली पारी में भी दो विकेट लिए थे। इस जीत से सरी को 21 अंक मिले, जिससे डिविजन-वन की अंक तालिका में शीर्ष पर है और उसकी पकड़ भी मजबूत हो गई है और वे लगातार चौथा खिताब जीतने की ओर बढ़ रहे हैं। वहीं डरहम को सिर्फ तीन अंक मिले, जिससे उनके रेलिगेशन की लचता का विषय बनी हुई है। डरहम की दूसरी पारी में ग्राहम क्लार्क (42) और कोडी यूसुफ (43) ने 71 रन की अहम साझेदारी की, जिससे उनकी बढ़त 136 तक पहुंच गई। लेकिन लंच के बाद साई किशोर और सैम करन की धारदार गेंदबाजी ने डरहम के आखिरी चार विकेट 33 रन देकर उनकी को समेट दिया। इसके बाद सरी को 176 रन का लक्ष्य मिला, जिसे उसने डॉम सिबली ने 35 रन, कप्तान रोरी बर्न्स (24) और रियान पटेल (28) ने भी उपयोगी सहयोग के बाद लक्ष्य की ओर तजी करन और डैन लॉरेंस (नाबाद 32) ने दिखाई। जब लक्ष्य मात्र नौ रन दूर था, तब करन लॉन्ग ऑन पर कैच हुए और अगले ही ओवर में बेन फोक्स भी बोल्ड हो गए, लेकिन जॉर्डन क्लार्क ने पहली ही गेंद को कवर के पार दो रन के लिए खेलकर सरी की जीत पक्की कर दी। यह साई किशोर का सरी के लिए इस सीजन का आखिरी मैच था और उन्होंने इसे अपने पंजे के साथ यादगार बना दिया। चहल की भी बेहतरीन गेंदबाजी की। वहीं नॉर्थैम्पटन शायर की ओर से खेल रहे भारतीय लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने इस सीजन का पहला पंजा झटका, जिससे उनकी टीम को डर्बीशायर के खिलाफ पहली पारी में 173 रनों की बढ़त मिली। दूसरी पारी में भी वह अब तक दो विकेट झटक चुके हैं और उनकी टीम अंतिम दिन पारी की जीत हासिल करने की कोशिश करेगी। ऑलराउंडर जस्टिन ब्रॉड और रॉब की शानदार शतकीय पारियों की बदौलत युज़्वेंद्र की टीम ने डर्बीशायर की पहली पारी के 377 रनों के जवाब में नौ विकेट पर 550 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया। ब्रॉड ने 171 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें 18 चौके और एक छक्का शामिल था। यह उनका इस महीने का दूसरा 150 से अधिक का स्कोर है। वहीं कीओघ ने नाबाद 125 रन बनाए। दोनों ने सातवें विकेट के लिए 208 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी की, जो डर्बीशायर के खिलाफ नॉर्थैम्पटनशायर की सातवें विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। इससे पहले चहल ने पहली पारी में 118 रन देकर 6 विकेट लिए थे और डर्बीशायर की टीम 377 रनों पर ऑलआउट हो गई। इस पारी में मार्टिन एंडरसन ने 105 रन बनाए। डर्बीशायर की दूसरी पारी की शुरुआत भी बेहद खराब रही। केवल 52 रन पर ही उनके 4 विकेट गिर चुके हैं और वे अब भी 121 रन पीछे हैं।

# ऐटकिंसन-टंग ने भारत को 224 रन पर समेटा

- **गस ऐटकिंसन ने पांच विकेट और जॉश टंग ने तीन विकेट लेकर भारतीय टीम को सस्ते में आउट किया**

**लंदन, वार्ता।** गस ऐटकिंसन (पांच विकेट) और जॉश टंग (तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर इंग्लैंड ने पांचवें टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को पहले सत्र में भारतीय टीम को पहली पारी में 224 रन के स्कोर पर समेट दिया। भारत की पारी 224 रनों पर सिमट गई है,

इस मैच में ना स्टोक्स थे और वोक्स भी चोटिल होने की वजह से आगे गेंदबाजी नहीं कर पाएंगे, फिर भी यह प्रदर्शन दिखाता है कि इंग्लैंड कितना तैयार है। अब जैसा पिच बर्ताव कर रही है उसको देखकर लग रहा है कि भारतीय गेंदबाज भी अगर पांच मीटर के करीब गें. दबाजी करेंगे तो उनको सफलता जरूर मिलेगी। अब देखना होगा कि भारतीय गेंदबाज कैसे जवाब देते हैं। भारत के कल के छह विकेट पर 204 रन से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में स्कोर में 14 रन का इजाफा हुआ था कि जॉश टंग ने करूण नायर 109 गेंदों में (57) को पगबाधा आउटकर भारत को सातवां झटका दिया। अगले ही ओवर में गस ऐटकिंसन ने वॉशिंगटन सुंदर (26) को अपना शिकार बना लिया। इसके बाद गस ऐटकिंसन ने मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा को बिना खाता खोले पवेलियन भेज कर भारतीय पारी का 224 के स्कोर पर अंत कर दिया। भारत ने अपने शेष चार विकेट आज मात्र 20 रन जोड्कर गंवा दिए। इंग्लैंड की ओर से गस ऐटकिंसन ने 33 रन पर पांच और जॉश टंग ने 57 रन पर तीन विकेट लिए।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### यूएई, पाक और अफगानिस्तान के बीच टी-20 त्रिकोणीय सीरीज 29 अगस्त से

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान इस महीने के अंत में 29 अगस्त से शारजाह में शुरू होने वाली टी20 अंतर्राष्ट्रीय त्रिकोणीय श्रृंखला में अफगानिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात से भिड़ेगा। यह टूर्नामेंट सितंबर में एशिया कप से पहले होगा, क्योंकि उपमहाद्वीप की टीमें अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी कर रही हैं। शुरुआती मुकाबले में पाकिस्तान का सामना पिछले साल के टी20 विश्व कप सेमीफाइनलिस्ट अफगानिस्तान से होगा। तीनों टीमें दो-दो बार आमने-सामने होंगी, और शीर्ष दो टीमें 7 सितंबर को होने वाले फाइनल में पहुंचेंगी।

### एक रोमांचक नया अध्याय: 'शेर' के तहत हमारी खेल पहचानों का एकीकरण

**मोहाली, वार्ता।** हम अपनी खेल यात्रा में एक निर्णायक मील का पत्थर साझा करते हुए बेहद उत्साहित हैं क्योंकि पंजाब एफसी, हमारी हॉकी, टेनिस और गोल्फ अकादमियों के साथ, एक शक्तिशाली प्रतीक, 'शेर' के तहत एकजुट हुए हैं।

पंजाब की महान योद्धा भावना और शक्ति एवं वीरता के चिरस्थायी मूल्यों से प्रेरित, शेर प्रतिभाओं को निखारने और भविष्य के लिए तैयार एथलीटों को आकार देने के हमारे जुनून का प्रतिनिधित्व करता है। यह एकीकृत पहचान एथलीटों को प्रेरित करने, समुदायों को जोड़ने और पंजाब और भारत को खेल उत्कृष्टता की ओर ले जाने की हमारी प्रतिबद्धता को पुष्ट करती है।

# पाक ने विंडीज को 14 रनों से हराया

- **सैम अयूब ने 58 रन बनाकर दो विकेट भी चटकाए**




**लॉडरहिल, वार्ता।** सैम अयूब (58 रन और दो विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने पहले टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 14 रनों से हरा दिया है।

इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली है। 179 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज के लिए जॉनसन चार्ल्स और जेवेल एंड्रयू की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले पहले विकेट के लिए 72 रन जोड़े। 12वें ओवर में मोहम्मद नवाज ने जेवेल एंड्रयू 33 गेदों में (35) को आउट कर पाकिस्तान को पहली सफलता दिलाई। इसी ओवर की चौथी गेंद पर नवाज ने जॉनसन चार्ल्स (35) को और अगली ही गेंद पर गुडाकेश मोती (शून्य) भी अपना शिकार बनाकर वेस्टइंडीज को तिहरा झटका दिया। अगले ओवर में सैम अयूब ने कप्तान शाई होप (दो) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। शरफेन रदरफोर्ड (11) भी सैम अयूब का शिकार बने। रोमारियो शेफर्ड 12 रन बनाकर आउट हुये। एक समय वेस्टइंडीज ने 16-1 ओवर में 110 रन पर अपने सात विकेट गंवा दिए थे। ऐसे संकट के समय जेसन होल्डर और शमार जोसेफ की जोड़ी ने पारी को संभाला और आतिशी बल्लेबाजी का प्रदर्शन भी किया लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। वेस्टइंडीज की टीम निर्धारित 20 ओवरों में 164 रन ही बना सकी और 14 रन से मुकाबला हार गई। जेस होल्डर ने 12 गेंदों में चार छक्कों की मदद से नाबाद 30 रनों की पारी खेली। वहीं शमार जोसेफ ने 12 गेंदों में दो छक्के और एक चौका लगाते हुए नाबाद 21 रन बनाये। पाकिस्तान की ओर से मोहम्मद नवाज ने तीन और सैम अयूब ने दो विकेट लिए। शाहीन शाह अफरीदी और सुफियान मकीम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले वेस्टइंडीज ने गुरुवार रात खेले गये मुकाबले में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान ने सैम अयूब (58), हसन नवाज (24), फहीम अशरफ (15), साहिब. जादा फरहान (14) और कप्तान आगा सलमान (नाबाद 11) रनों की पारियों के सहयोग से निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 178 रनों का स्कोर खड़ा किया। वेस्टइंडीज की ओर से शमार जोसेफ ने तीन विकेट लिए।

# वोक्स ओवल टेस्ट से बाहर




- **वोक्स को भारत की पहली पारी के 57वें ओवर में क्षेत्ररक्षण करते समय लगी थी कंधे में चोट**

**लंदन, वार्ता।** क्रिस वोक्स ओवल में पहले दिन लगाए गए डाइव के दौरान अजीब तरह से जमीन पर गिरने के बाद अपने बाएं कंधे में चोट लगा बैठे जिसके बाद वह बाकी मैच से बाहर हो गए हैं।

इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को दूसरे दिन के खेल से पहले एक बयान में कहा कि इस समय, इस चोट के कारण वह आगे टेस्ट मैच में भाग नहीं ले पाएंगे। वोक्स को भारत की पहली पारी के 57वें ओवर में क्षेत्ररक्षण करते समय चोट लगी थी। उन्होंने मिड-ऑफ से गेंद का पीछा किया और डाइव लगाकर गेंद को वापस रस्सियों के अंदर खींच लिया। लेकिन वह अजीब तरह से जमीन पर गिरे और तुरंत ही अपना बायां कंधा पकड़े हुए दिखाई दिए। इंग्लैंड, जो पहले से ही इस मैच में बेन स्टोक्स और जोफ्रा आर्चर की सेवाओं से वंचित है, के पास अब केवल तीन तेज गेंदबाज़ी विकल्प होंगे-जोश टंग, गस एटकिंसन और जेमी ओवरटन। लेकिन उन्होंने भारत को पहली पारी में 224 रन पर समेट दिया। वोक्स, जिन्होंने सभी पांचों टेस्ट मैचों में हिस्सा लिया है, पूरी सीरीज में इंग्लैंड के लिए एक बेहतरीन गें. दबाज़ रहे हैं। उन्होंने 181 ओवर फेंके - दोनों टीमों में किसी और से ज्यादा और 11 विकेट लिए।

## भारत के युवा मुक्केबाज अंडर-19 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपना अभियान शुरू करेंगे

- **पहले दिन चार युवा एथलीट देश का प्रतिनिधित्व करेंगे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की जूनियर मुक्केबाजी टीम आज बैंकॉक में अंडर-19 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में अपने अभियान की शुरुआत करेगी, जिसके पहले दिन चार युवा एथलीट देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ेगा, ये उभरते सितारे एशिया के कुछ सबसे कठिन प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अपने साहस और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं। सुबह 9:30 बजे भारतीय समय पर निर्धारित सत्र में सुमन कुमारी का मुकाबला महिला लाइट फ्लाईवेट (48 किग्रा) वर्ग में चीनी ताइपे की मेंग-सिन चेंग से हुआ, जिसमें भारतीय मुक्केबाज विजयी रहीं। इसके अलावा, आकाश बधवार पुरुष फ्लाईवेट (50 किग्रा) वर्ग में लरग में उतरेंगे, जहां उनका सामना उज्बेकिस्तान के ओडिलशोह खलीमोव जैसे मजबूत प्रतिद्वंद्वी से होगा। शाम के सत्र में भारतीय समयानुसार शाम 4:30 बजे मुकाबला जारी रहेगा, जहां सारथी सैनी लाइट मिडिलवेट (70 किग्रा) वर्ग में चीन के हाओशेंग झांग से भिड़ेंगे। बाद में, लोकेश लाइट हैवीवेट (80 किग्रा) वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे, जहां उनका मुकाबला उज्बेकिस्तान के नोरबेक अब्दुल्लाएव से होगा। ये मुक. ाबले चैंपियनशिप में भारत के लिए एक महत्वपूर्ण शुरुआत हैं, जहां प्रत्येक एथलीट भविष्य के गौरव का वादा लेकर आया है।

### इंडियन सुपरक्रॉस रेसिंग लीग ने सीजन 2 के कैलेंडर की तारीखों की पुष्टि की

**मुंबई, वार्ता।** इंडियन सुपरक्रॉस रेसिंग लीग (आईएसआरएल) ने फेडरेशन ऑफ मोटर स्पोर्ट्स क्लब्स ऑफ इंडिया (एफएमएससीआई ) के सहयोग से, सीजन 2 के रेसिंग कैलेंडर की आधिकारिक पुष्टि कर दी है, जिससे भारत के सबसे रोमांचक स्टेडियम-आधारित मोटरस्पोर्ट शो की वापसी हो रही है।

तीन राउंड में 30,000 से ज्यादा लाइव दर्शकों और 11-50 मिलियन से ज्यादा प्रसारण और डिजिटल दर्शकों के साथ रिकॉर्ड तोड़ पहले सीजन के बाद, आईएसआरएल देश भर के मोटरस्पोर्ट प्रेमियों के लिए एक बड़ा,ज्यादा साहसिक और ज्यादा इमर्सिव अनुभव प्रदान करने के लिए वापस आ गया है।

## कैप्टन्स कप 2025 में देश के बेहतरीन फाइटर्स करेंगे आमना-सामना

**कोलकाता, वार्ता।** जंग का मैदान तैयार है और देश के कोने-कोने से आए योद्धा भारत के सबसे रोमांचक मार्शल आर्ट्स टूर्नामेंट-चौथे ट्रान्ज़िएंट कैप्टन्स कप 2025-के लिए कमर कस चुके हैं, जो 15 से 17 अगस्त तक सिल्वर पॉइंट स्कूल, कोलकाता में आयोजित होने जा रहा है। नेशनल कॉम्बैट स्पोर्ट्स फेडरेशन (एनसीएसएफ) द्वारा माइक्स मार्शल आर्ट्स के सहयोग से आयोजित इस संस्करण में इस बार पहले से कहीं अधिक ऊर्जा, प्रतिभा और दृढ़ निश्चय देखने को मिलेगा। मुंबई से असम, दार्जि. लिंग से बैरकपुर तक, देशभर की 12 दमदार टीमें कोलकाता में एकत्र होंगी और किकबॉलक्सग, क्योकुशिन कराटे और ब्राजीलियन जिउ-जित्सु जैसी विविध कॉम्बैट शैलियों में मुकाबला करेंगी। भाग लेने वाले प्रमुख एकेडमी में शामिल हैं - कॉम्बैटन्ट स्पोर्ट्स अकादमी (मुंबई), अन्बुज कॉम्बैट(दार्जिलिंग), राइनो (असम), ग्लैडिएटर अकादमी (बैरकपुर)। वहीं, कोलकाता की ओर से माइक्स मार्शल आर्ट्स, अल्फा फिटनेस एंड सेल्फ डिफेंस, बैटलबोर्न वॉरियर स्पोर्ट्स, द कॉम्बैट जिम, क्रैटोज कॉम्बैट, फिटक्लब कॉम्बैट और ओयामा डोजो जैसे प्रतिष्ठित क्लब अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं।

# भारतीय टीमों ने लंदन 2026 विश्व टेटे चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया

- **चार क्षेत्रीय चैंपियनों ने डब्ल्यूटीटीसी के लिए सीधे क्वालीफाई किया जो अंतर्राष्ट्रीय कैलेंडर के सबसे बड़े आयोजनों में से एक है**

**कोलकाता, वार्ता।** भारत की पुरुष और महिला टेबल टेनिस टीमों ने काठमांडू के राष्ट्रीय टेबल टेनिस केंद्र में आयोजित 2025 दक्षिण एशिया क्षेत्रीय चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन के बाद, लंदन में 2026 विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीटीसी) के लिए अपनी जगह पक्की कर ली है। प्रत्येक लिंग के लिए केवल 16 प्रतिष्ठित एशियाई कोटा स्थान उपलब्ध होने के कारण, दांव बहुत ऊंचा था। मध्य एशिया, दक्षिण एशिया, दक्षिण-पूर्व एशिया और पश्चिम एशिया के चार क्षेत्रीय चैंपियनों ने डब्ल्यूटीटीसी के लिए सीधे क्वालीफाई किया, जो अंतर्राष्ट्रीय कैलेंडर के सबसे प्रतिष्ठित आयोजनों में से एक है। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) ने आज कहा कि भारतीय टीमों ने अपनी गहराई और दबदबे का प्रदर्शन करते हुए, अपनी जगह पक्की करने में कोई गलती नहीं की। दोनों भारतीय टीमें पांच देशों के राउंड-रॉबिन प्रारूप में अपराजित रहीं, जिससे दक्षिण एशियाई क्षेत्र में उनकी श्रेष्ठता और पुष्ट हुई। पुरुष टीम - जिसमें आकाश पाल, रोनित भांजा, अनिर्बान घोष, पी-बी- अभिनंद और दिव्यांश श्रीवास्तव शामिल थे - ने बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल और मालदीव को समान 3-0 से हराकर शानदार फॉर्म और रण नीतिक का परिचय दिया। इसी तरह, कृत्तिका, सेलेनादीप्ति, तनीषा, सयाली व सिंड्रेला के नेतृत्व वाली महिला टीम ने भी उतना ही प्रभावशाली प्रदर्शन किया।




## जसप्रीत बुमराह पांचवें टेस्ट के लिए टीम से रिलीज

**लंदन, वार्ता।** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के पांचवें टेस्ट के लिए भारतीय टीम से रिलीज कर दिया गया है। श्रृंखला का पांचवां और अंतिम टेस्ट लंदन के केनिंग्टन ओवल में चल रहा है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी । बुम. राह को उनके कार्य प्रबंधन को देखते हुए सीरीज के तीन टेस्टों में ही खेलाया गया। वह पहले, तीसरे और चौथे टेस्ट में ही खेले । पांचवें टेस्ट के लिए भारत की अपडेटेड टीम: शुभमन गिल (कप्तान), केएल राहुल (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेट कीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, कुलदीप यादव, अंशुल कंबोज, अर्शदीप सिंह, एन जगदीशन (विकेट कीपर)।

## एआईएफएफ ने बनाया खालिद जमील को भारतीय टीम का मुख्य कोच



- **एआईएफएफ के पुरुष कोच ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित खालिद जमील को बहुमत के आधार पर चुना**

**नई दिल्ली, वार्ता।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की कार्यकारी समिति (ईसी) ने खालिद जमील को सीनियर पुरुष भारतीय राष्ट्रीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है।

महासंघ की तकनीकी समिति (टीसी) की सिफारिश पर आज बुलाई गई वर्चुअल बैठक में विस्तृत चर्चा के बाद खालिद जमील को सीनियर पुरुष भारतीय राष्ट्रीय टीम का मुख्य कोच बनाये जाने का फैसला लिया गया। बैठक में एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे, उपाध्यक्ष एनए हारिस, कोषाध्यक्ष किपा अजय, कार्यकारी और तकनीकी समितियों के सदस्यों, दोनों द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता कोच बिमल घोष और अरमांडो कोलासो और ध्यानचंद पुरस्कार विजेता शब्बीर अली की उपस्थिति में, एआईएफएफ के तकनीकी निदेशक सैयद साबिर पाशा और राष्ट्रीय टीम के निदेशक सुब्रत पॉल ने राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के चयन के लिए खालिद जमील, स्टीफन कॉन्स्टेंटाइन और स्टीफन टारकोविच के नामों का प्रस्ताव रखा। इस दौरान हुई चर्चा में सदस्यों ने तीनों नामों पर विचार करने के बाद लगातार दो बार (2023-24 और 2024-25) में एआईएफएफ के पुरुष कोच ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित खालिद जमील को बहुमत के आधार पर कोच बनाया गया। भारत को इस महीने के आखिर में सीएएफए नेशंस कप 2025 में भाग लेना है, जिसके बाद अक्टूबर में सिंगापुर के खिलाफ लगातार दो एएफसी एशियन कप फाइनल राउंड क्वालीफायर मैच खेलने हैं।

## लैंकशायर क्लब ने पाक फैन से माफी मांगी

**मैनचेस्टर, वार्ता।** लैंकशायर काउंटी क्लब ने मैनचेस्टर टेस्ट के अंतिम दिन एक फैन को पाकिस्तान टीम की जर्सी पहनने के कारण बाहर निकाले जाने की घटना के लिए माफी मांगी है।

फारूक नजर नामक इस फैन ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें स्टेडियम का एक सुरक्षा कर्मी उन्हें पाकिस्तान की पारंपरिक वनडे जर्सी को हटाने को कह रहा था। जब नजर ने इससे इनकार किया, तो उन्हें पुलिस की मदद से स्टेडियम से बाहर कर दिया गया।

लैंकशायर की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि सुरक्षा टीम और पुलिस अधिका. रियों द्वारा स्टेडियम छोड़ने को कहे जाने पर उस फैन ने स्टाफ के प्रति अनुचित व्यवहार किया। क्लब ने घटना के लिए खेद प्रकट किया और कहा कि वे भविष्य में ऐसी परिस्थितियों से निपटने की प्रक्रिया की समीक्षा करेगा। हालांकि, क्लब ने यह भी स्पष्ट किया कि इस निर्णय के पीछे एक दिन पहले की एक घटना थी, जब भारतीय और पाकिस्तानी फैंस के बीच झड़प की स्थिति बन गई। उस शनिवार को कुछ दर्शकों ने पाकिस्तान का राष्ट्रीय झंडा लहराया था, जिससे पास के भारतीय समर्थकों में असंतोष फैल गया।

### सिविल लाइन व गंगनहर कोतवाली पुलिस ने पकड़े अंतर्राज्यीय वाहन चोर

# चोरी की 16 बाइकों के साथ चार गिरफ्तार

❖गंगनहर पुलिस ने नाबालिग आरोपी की निशानदेही पर बरामद की चार मोटरसाइकिलें
❖सिविल लाइन कोतवाली पुलिस ने तीन युवकों को दबोचकर बरामद की बारह बाइकें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सिविल लाईन व गंगनहर कोतवाली पुलिस ने अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह के नाबालिग सहित चार लोगों को पकड कर उनकी निशानदेही पर 16 चोरी की मोटर साईकिलें बरामद की हैं जिसमें से सिविल लाईन कोतवाली पुलिस ने 3 युवकों को दबोचकर उनकी निशानदेही पर अगल अलग जगह से चोरी की गयी 11 बाईक बरामद की है। तो गंगनहर कोतवाली पुलिस ने भी एक नाबालिग युवक को दबोचकर उसकी निशानदेही पर चोरी की की पांच बाईकें बरामद की हैं।

एसपी देहात शेखर चंद सुयाल ने कोतवाली रूडकी में पत्रकारों ाके जानकारी देते हुए बताया कि शहर के अलग-अलग जगह से बाइक चोरी में नाबालिग समेत चार युवकों का हाथ था। सिविल लाईन कोतवाली पुलिस ने बारह से अधिक चोरी की मोटर साइकिल बरामद की है। तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जबकि चौथे आरोपी नाबालिग को बाल सुधार गृह भेजा है। अवगत करा दें कि शहर में पिछले कुछ सप्ताहों से बाइक चोरी की एक के बाद एक घटना हो रही थी। पुलिस ने रुड़की और गंगनहर कोतवाली में बाइक चोरी के पांच मुकदमे दर्ज किए थे। मुकदमे दर्ज होने के बाद पुलिस ने मुखबिर और



घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कमरों की मदद ली थी। शुक्रवार को पुलिस ने बाइक चोरी की घटनाओं का खुलासा किया। एसपी देहात शेखर चंद सुयाल ने बताया कि रुड़की कोतवाली पुलिस ने चोरी की ग्यारह बाइक बरामद की है। जो जिला हरिद्वार, मुजफ्फरनगर और सहारनपुर से चोरी हुई थी। दिनेश कुमार निवासी गांव कीरतपुर कुईया थाना कुंवाये जिला शाहजहांपुर, प्रदीप कुमार निवासी गांव मुंडलाना कोतवाली मंगलौर और नदीम निवासी गांव सफरपुर कोतवाली गंगनहर को गिरफ्तार किया है। जबकि दूसरी ओर गंगनहर कोतवाली पुलिस ने चोरी की तीन बाइक समेत पांच वाहन बरामद किए हैं। इस चोरी में एक नाबालिग को कोर्ट की पेशी के बाद बाल सुधार गृह भेजा है। पुलिस टीम में रुड़की कोतवाली इंस्पेक्टर मनी भूषण श्रीवास्तव, गंगनहर कोतवाली इंस्पेक्टर आरके सकलानी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक लोकपाल परमार, उप निरीक्षक नवीन कुमार, करुणा रोंकली, मनीष कवि, ध्वजवीर सिंह, एएस पवार, हेड कांस्टेबल नूर हसन, इसरार, ब्रजकिशोर, प्रवीन, वीरेश खत्री, भूपेंद्र, सुरेश तोमर और अजय बिष्ट शामिल रहे।

# सोशल मीडिया पर अश्लीलता फैलाने वाला यूट्यूबर गिरफ्तार

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** सोशल मीडिया के माध्यम से समाज में अश्लीलता फैलाने पर स्थानीय यूट्यूबर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को कोर्ट में पेश कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार युवाओं में शार्टकट रास्ते से फेम और पैसा कमाने की होड़ मची है। नियमों को ताक पर रखकर युवा इस वक्त सोशल मीडिया पर असामाजिक कंटेंट बनाने से भी बाज नहीं आ रहे हैं। हरिद्वार पुलिस सोशल मीडिया पर अश्लील कंटेंट या जानलेवा स्टंट करने पर सख्त रुख अपना रही है। शुक्रवार को पुलिस ने एक तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर शहर के यूट्यूबर को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि इंस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब पर अश्लील कंटेंट पोस्ट कर समाज में अश्लीलता फैलाई जा रही थी। जबकि सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो से समाज में विरोध भी पैदा हो रहा था। जिसके बाद पुलिस ने अमजद निवासी मकलपुर चुंगी के पास स्थित शेर कोठी सिविल लाइंस को गिरफ्तार कर बाद आरोपी को कोर्ट में पेश कर दिया गया है।

# पुलिस का साइबर ठग को मुंहतोड़ जवाब सीनियर सिटीजन के छह लाख वापस दिलाए

❖साइबर सेल रुड़की में पहुंची थी छह लाख की डिजिटल अरेस्ट की शिकायत

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** पुलिस ने रुड़की में साइबर ठग को मुंह जवाब देकर नजीर पेश की है। सीनियर सिटीजन ने साइबर सेल को तहे दिल से धन्यवाद किया है।

24 जून को सीनियर सिटीजन जनार्दन स्वरूप निवासी हरमिलाप धर्मशाला साकेत कॉलोनी ने साइबर सेल को शिकायत कर बताया था कि उन्हें साइबर ठग ने डिजिटल अरेस्ट कर छह लाख रुपये ठग लिए हैं। जिसके बाद पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी थी। शुक्रवार को पुलिस ने सीनियर सिटीजन के डिजिटल अरेस्ट में गवाए हुए छह लाख रुपये वापस कराए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोबाल ने कहा कि अपनी दक्षता और मेहनत का नमूना पेश कर साइबर सेल रुड़की ने सराहनीय काम किया है। उन्होंने बताया कि यदि कोई भी व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार होता है तो बिना वक्त गवाए साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तुरंत शिकायत दर्ज कराए। साइबर फ्रॉड रकम रिकवरी में साइबर सेल रुड़की प्रभारी संजय पूनिया, हेड कांस्टेबल ओसाफ खान और हेमा धस्माना शामिल रही।

### दो वर्षीय बच्ची की संदिग्ध हालत में मौत के बाद डीएम के आदेश पर

# कब्र से निकाला शव, पोस्टमार्टम से खुलेगा मौत का सच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के गोपालपुर गांव में दो दिन पहले संदिग्ध हालत में हुई दो वर्षीय मासूम बच्ची की मौत के मामले में अब डीएम के आदेश पर बच्ची के सब को कब्र से बाहर निकाल कर पुलिस ने पीएम को भिजवाया है ताकि बच्चों की मौत का सच आमजन के सामने आ चुके । पुलिस की कार्यवाही के बाद क्षेत्र मे हैरानी के साथ चर्चा हो रही है।

मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के गोपालपुर गांव में शुक्रवार की सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब तहसीलदार और पुलिस टीम की मौजूदगी में एक कब्र खोदी गई और मासूम बच्ची का शव बाहर निकाला गया। यह कार्रवाई जिलाधिकारी हरिद्वार के निर्देश पर की गई। दरअसल, गोपालपुर गांव के मूल निवासी एक परिवार बीते कुछ समय से गायत्री इन्क्लेव में रह रहा है। परिवार की दो वर्षीय बच्ची की संदिग्ध परिस्थितियों में मंगलवार को मौत हो गई थी, जिसके बाद परिजनों ने उसे गांव के ही कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया था। लेकिन मामला तब पेचीदा हो गया जब बच्ची की मां को सीसीटीवी फुटेज में पड़ोस के युवक की हरकतें संदिग्ध प्रतीत हुईं। बच्ची की मां ने गहराते संदेह के चलते जिलाधिकारी व



कोतवाली पुलिस को पत्र लिखकर हत्या की आशंका जताई और पोस्टमार्टम की मांग की।

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने तहसीलदार विकास अवस्थी को पुलिस बल के साथ मौके पर भेजा। शुक्रवार सुबह गोपालपुर गांव पहुंचकर कब्र को खोला गया और बच्ची का शव निकालकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। ग्राम प्रधान पति जगदेव नौटियाल ने कहा, "तहसीलदार की मौजूदगी में शव को निकाला गया है, अब परिवार को न्याय मिलना चाहिए।" वहीं तहसीलदार विकास अवस्थी ने पुष्टि करते हुए बताया कि यह कार्रवाई डीएम के आदेश पर की गई और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों से पर्दा उठ सकेगा। स्थानीय लोगों के अनुसार, जिस तरह से सीसीटीवी में संदिग्ध गतिविधियां देखी गईं, उससे इलाके में आशंका और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। अब सभी की निगाहें पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर टिकी हैं, जो इस रहस्यमयी मौत की परतें खोलेगी।

# तीन होम गार्ड को रिटायरमेंट पर ढोल बाजे के साथ दी विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** कोतवाली में तीन होम गार्ड् का रिटायरमेंट हुआ है जिनका ढोल बाजे के साथ स्वागत किया गया। रिटायरमेंट होने वाले होम गार्ड्स ने कहा कि हमने सरकार की सेवा की है हम आज महसूस कर रहे हैं कि आज हम अपने सभी आदमियों के बीच से विदा हो रहे हैं। उन्होंने कहा हमने बहुत उतार चढ़ाव देखे और बहुत ही अधिकारियों के नेतृत्व मैं और उनके आदेश पर काम किया हमें कभी भी यह महसूस अधिकारियों के द्वारा नहीं होने दिया गया कि हम उनके आदेश नहीं मान रहे हैं। उन्होंने कहा आज हमें यह महसूस हो रहा है कि आज हम



अपने घर से अपने साथियों से अपने अधिकारियों से दूर हो रहे हैं उन्होंने सभी अधिकारियों का अपने साथियों का धन्यवाद किया और कहा कि जिस तरह से हमने होमगार्ड की नौकरी को सही और ईमानदारी के तरीके से निभाया है। इसी तरह से सभी को अपने फर्ज निभाना चाहिए उनके साथ सैकड़ो होमगार्ड मौजूद रहे जिन्होंने उनका फूल माला फल और मिष्ठान से स्वागत किया।

# पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक आरोपी दबोचा

**शाह टाइम संवाददाता**

**भगवानपुर।** हरिद्वार पुलिस ने अवैध शराब के साथ 01आरोपी को धर दबोचा है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 48 पैकेट देशी शराब टैट्रा बरामद की है।

जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री/तस्करी की रोकथाम हेतु निर्देशित किया गया था। जिस पर प्रभारी निरीक्षक थाना भगवानपुर द्वारा चौकी प्रभारी /हल्का प्रभारी/बीट कर्म0गणों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये है। जिसके अनुपालन में दिनांक 31/7/2025 को भगवानपुर पुलिस द्वारा 48 पैकेट देशी शराब टैट्रा पैक माल्टा मसालेदार देशी शराब के साथ आरोपी जाहिद पुत्र वहीद निवासी सिकन्दरपुर थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार को ग्राम सिकन्दरपुर से पकड़ा गया। जिसके विरुद्ध थाना भगवानपुर पर 60 आब0 अधि0 के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। आरोपी जाहिद को पकडने वाली पुलिस टीम का विवरण हे0कानि0 गीतम सिंह, का0 संजीव यादव आदि शामिल रहे।

# अचार सॉस और जूस का प्रशिक्षण लेकर बन सकते हैं आप आत्मनिर्भर

❖रुड़की ब्लॉक में स्थित है स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण केंद्र

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** यदि आप खुद का बिजनेस करने या खाद्य पदार्थ बनाने के शौकीन है तो आप रुड़की ब्लॉक के प्रशिक्षण केंद्र का सहारा ले सकते हैं। यहां आपको पंद्रह रुपये के रजिस्ट्रेशन से प्रशिक्षण केंद्र में एंट्री मिल जाएगी। प्रशिक्षण केंद्र से ट्रेनिंग पूरी होने के बाद आपको विभाग से सर्टिफिकेट भी मिल पाएगा। इच्छुक छात्र, महिला समूह आदि आधार कार्ड देकर प्रशिक्षण केंद्र में एंट्री कर सकते हैं। प्रशिक्षण केंद्र में आप अचार, जूस टमाटर सॉस, शरबत, जूस और जैम आदि अपने घर के लिए बनवा भी सकते हैं। सरकार आत्मनिर्भर, स्टार्टअप और स्वरोजगार योजना से लोगों को आर्थिक मजबूत बनाने पर जोर दे रही है। ताकि लोगों की आर्थिक स्थिति मजबूत होने पर वह आत्मनिर्भर बन सके। खासकर युवाओं को विकसित भारत का हिस्सा बनाने के लिए सरकार प्रोत्साहित कर रही है। ऐसे में यदि आप खुद का बिजनेस शुरू करना चाहते हैं या अचार, सॉस, प्यूरी, शरबत जूस और जैम आदि बनाने के शौकीन है तो आप रुड़की ब्लॉक स्थित फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र का सहारा ले सकते हैं। यहाँ आपको दस दिन की ट्रेनिंग दी जाएगी। जिसमें दस दिन खाद्य पदार्थों को बनाने की विधि आप सीख पाएंगे। खाद्य पर्यवेक्षक बाबूराम के मुताबिक यहां कटहल, आम, नींबू, मिर्च, आंवला, गाजर, मूली, शलजम, मुरब्बा, सेब आदि का अचार बनाना सीख सकते हैं। जबकि टमाटर, सॉस, टमाटर, शरबत, जूस और जैम आदि पदार्थ का भी प्रशिक्षण लिया जा सकता है। छात्र और महिला समूह आदि को दस दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# तहसील प्रशासन ने कब्जा मुक्त कराई सरकारी चकरोड

**शाह टाइम संवाददाता**

**लक्सर।** क्षेत्र के बसेड़ी खादर में सरकारी चकरोड पर 2018 से अवैध तरीके से कब्जा किया हुआ था जिसको आज चकबंदी तहसील एवं पुलिस के अधिकारियों के द्वारा कब्जा मुक्त कर दिया गया है बसेड़ी खादर से पूर्व प्रधान इस्लाम ने बताया कि हमारे पिताजी के द्वारा 2018 में चकरोड पर अवैध तरीके से कब्जा किया हुआ था जिसकी तहसील में दरख्वास्त दी थी तहसील में तत्काल लेखपाल द्वारा अपनी रिपोर्ट में भी अवैध कब्जा दर्शाया गया था उसके बाद भी अवैध कब्जा करने वालों ने चकरोड से कब्जा नहीं हटाया था उस के बाद मेरे द्वारा तहसील दिवस में दर्जनों प्रार्थना पत्र दिए गए जिस पर पहले तो संबंधित अधिकारी चुप रहे उसके बाद जब एसडीएम लक्सर ने चकबंदी वालों से स्पष्टीकरण मांगा उससे सभी तहसील के कर्मचारी एवं चकबंदी के कर्मचारी घबरा गए उसके बाद आज सहायक चकबंदी अधिकारी वाई नारायण दुबे के नेतृत्व में सुबह से अवैध कब्जा किए हुए व्यक्ति का इंतजार करते रहे उसे चार बार चकबंदी विभाग से पत्र भी भेजा गया उसके बाद भी अवैध कब्जा करने वाला मौके पर नहीं आया आज सभी संबंधित अधिकारियों के द्वारा चकरोड को खाली कर दिया गया।

# सट्टे की खाईबाड़ी में एक युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** पुलिस ने सट्टे की खाईबाड़ी में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उससे 1250 रुपये और सट्टा पर्ची बरामद हुई है।

रुड़की कोतवाली इंस्पेक्टर मनी भूषण श्रीवास्तव ने बताया कि बीती रात कांस्टेबल इतेंद्र ध्यान और कमल सिंह ने खुशनसीब निवासी रामपुर चुंगी निकट चारमीनार मस्जिद कोतवाली रुड़की को सट्टे की खाईबाड़ी में गिरफ्तार किया है। तलाशी में 1250 रुपये और सट्टा पर्ची बरामद हुई है।

# मेला अस्पताल के संयुक्त निदेशक से फलैट के नाम पर धोखाधड़ी

**रुड़की।** मेला अस्पताल के संयुक्त निदेशक से उत्तर प्रदेश में फ्लैट दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। इस मामले में उप निरीक्षक चंद्र मोहन सिंह मुकदमे की जांच करेंगे।

मिली जानकारी के अनुसार रुड़की कोतवाली को डॉ. विवेक तिवारी ने तहरीर देकर बताया कि वह मेला चिकित्सालय हरिद्वार में संयुक्त निदेशक के पद पर कार्यरत है। 2022 में रुड़की में रह रहे थे। तब उन्हें विनीत सिंह निवासी सिविल लाइंस ने लखनऊ में फ्लैट दिलाने का आश्वासन दिलाया था। जिसके बाद संतोष मोदी निवासी सेक्टर 5 साईं मंदिर रोड गोमती नगर लखनऊ को 4.44 लाख की रकम दी थी। आरोप है कि तब से आज तक न तो लखनऊ में फ्लैट मिला है और न ही रकम वापस हुई है। इंस्पेक्टर मनी भूषण श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस ने विनीत सिंह उर्फ मिंशु निवासी सिविल लाइन और संतोष मोदी निवासी लखनऊ के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है।

# गोवंश संरक्षण टीम ने अवैध कटान करते दो पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** पुलिस और गोवंश सरंक्षण स्क्वायड की टीम ने अवैध तरीके से भैस वंशीय का क्रूरतापूर्ण  कटान करने के आरोप में दो लोगो को गिरफ्तार किया हैं।आरोपी ईनाम और अख्तर के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया हैं। पिरान कलियर थाना प्रभारी रविंद्र कुमार  ने बताया कि कलियर पुलिस और गोवंश सरंक्षण स्क्वायड टीम के एसआई शरद सिंह टीम के साथ कलियर में गो तस्करी में चौकिंग कर रहे थे।इस दौरान कलियर वार्ड एक से दो लोंगो को 65 किलोग्राम भैंस वंशीय पशु का मांस और उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया।बरामद पशु मांस और उपकरणों के बारे में कोई वेध लाइसेंस नही दिखा पाए। पुलिस दोनो आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर लिया हैं।

# आम के 14 हरे-भरे पेड़ों पर चली आरी

**बुग्गावाला।** बुग्गावाला थाना क्षेत्र के तेलपुरा गांव में गुरुवार रात वन माफियाओं ने पर्यावरण को एक और करारा झटका देते हुए आम के 14 हरे-भरे पेड़ों पर आरी चला दी। ग्रामीणों से मिली सूचना के आधार पर वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और कटे हुए पेड़ों को अपने कब्जे में ले लिया। वही उद्यान विभाग तेलपुरा के इंचार्ज अशोक चौधरी ने बताया कि मामले में संबंधित ठेकेदार और खेत मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इमली खेड़ा से

# डायरिया रोको अभियान की हुई शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** डायरिया रोको अभियान का शुभारंभ शुक्रवार को इमलीखेड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से नगर पंचायत अध्यक्ष मनोज कुमार सैनी ,चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर राव अकरम ने किया। यह अभियान आगामी 30 सितंबर तक चलेगा। इस दौरान गठित टीमें घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करेंगी।

इमलीखेड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर राव अकरम ने कहा कि शून्य से 5 साल तक के बच्चों को डायरिया से सुरक्षित बनाना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता में शामिल है। यह अभियान दो माह तक चलेगा। इस अभियान में पांच साल तक के बच्चों को ओ आर एस के पैकेट और जिंक की गोलियां प्रदान की जाएगी।और डायरिया के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा।उन्होंने बताया कि बच्चे को दिन भर में तीन या तीन से अधिक बार दस्त हों तो समझना चाहिए कि बच्चा डायरिया से ग्रसित है तो उन्हें ओआरएस का घोल और जिंक समय समय पर देना चाहिए ताकि शरीर में पानी की कमी न होने पाए। 6 माह तक बच्चों को मां का दूध जरूर पिलाए।उन्होंने बताया कि इमलीखेड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ब्रेस्टफीडिंग कॉर्नर लगाया गया है।जिससे महिलाओं को इसका लाभ मिलेगा।नगर पंचायत अध्यक्ष



मनोज सैनी ने कहा कि बच्चें हमारे देश का भविष्य है।हमारे बच्चें स्वस्थ होंगे तो हमारा देश भी स्वस्थ होगा और हमारा देश आगे बढ़ेगा।इस मौके पर फार्मेसी अधिकारी ब्रिजेश कुमार,अरविंद कुमार,मनीष कुमार, रविंद्र कुमार, विजय शर्मा, सुधा सैनी, शुभलता राठी आदि मौजूद रहें।

# नायब तहसीलदार ने हबीबपुर नवादा में सरकारी जमीन से अवैध कब्जे हटवाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** सीएम पोर्टल पर शिकायत के बाद हबीबपुर नवादा गांव में एसडीएम के आदेश पर भगवानपुर तहसीलदार अनिल गुप्ता ने टीम के साथ पहुंचकर पैमाइश के बाद अवैध गढ़ों को हटवाया।

जानकारी के अनुसार नायब तहसीलदार अनिल गुप्ता ने बताया कि उपजिला अधिकारी एवं श्रीमान तहसीलदार भगवानपुर के आदेश के अनुपालन में ग्राम हबीबपुर नवादा  खाद के गद्दे की भूमि परअवैध कब्जेदार सरजीत पुत्र हृदय राम सीएम पोर्टल पर शिकायतकर्ता मनीष पाल जिसमें चकबंदी विभाग एवं राजस्व विभाग के पटवारी के द्वारा पूर्व में रिपोर्ट प्रेषित की गई थी कि खाद्य के गढ़ों पर अवैध कब्जा पाया गया जिसको आज दिनांक को राजस्व टीम चकबंदी की टीम तथा पुलिस बल की सहायता से पक्की नींव एवं मिट्टी भराव को जेसीबी की सहायता से हटाया गया मौके पर अवैध कब्जेदार तथा ग्रामीण एवं पुलिस चौकी इमली खेड़ा से पुलिस बल चकबंदी से पटवारी मनोज आदि एवं राजस्व विभाग से राजस्व निरीक्षक ओम



प्रकाश पटवारी कुमारी टीना जोशी एवं सनम राठौर तथा कानून को राजस्व निरीक्षक ओम प्रकाश  मौके पर उपस्थित रहे।

# टैरिफ के मायने

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर टैरिफ की घोषणा तब की है, जब भारत–अमरीका द्विपक्षीय व्यापार समझौते की बातचीत अंतिम चरण में है। अगस्त में अंतरिम समझौते के सामने आने की भी संभावनाएं हैं। बुनियादी पेंच कृषि, डेयरी, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों, इलेक्ट्रिक वाहन, वाइन आदि को लेकर फंसा है। भारत अपने किसानों, पशुपालकों, छोटे व्यापारियों, उद्यमों के हितों के मद्देनजर यह क्षेत्र व्यापार के लिए पूरी तरह खोलना नहीं चाहता अथवा शुल्क को कम करने को भी तैयार नहीं है, लेकिन अमेरिका आमादा है कि उसे भी इन क्षेत्रों में कारोबार करने की अनुमति दी जाए।

अमेरिकी टैरिफ से भारत की अर्थव्यवस्था पर कितने और क्या प्रभाव पड़ेंगे, उसकी समीक्षा सरकार ने शुरू कर दी है। बहरहाल अमरीकी रुख में कई विरोधाभास रहते हैं। राष्ट्रपति ट्रंप एक ओर भारत और प्रधानमंत्री मोदी को दोस्त और रणनीतिक साझेदार कहते नहीं थकते। दूसरी ओर व्यापार समझौते के विमर्श के बावजूद 25 फीसदी टैरिफ थोपने का बयान दिया है। आखिर भारत के लिए अमेरिका के किस किरदार को स्वीकार किया जाए? बीते वित्त वर्ष के दौरान दोनों देशों के बीच 131.84 अरब डॉलर का कारोबार किया गया।

अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। 2024–25 में भारत ने 7.51 लाख करोड़ रुपए का निर्यात किया और अमेरिका से 3.52 लाख करोड़ रुपए का आयात किया। भारत मुनाफे की स्थिति में है। दरअसल अमेरिका सबसे ज्यादा रूस के साथ भारत के तेल और हथियारों के व्यापार पर बहुत चिढ़ता है। राष्ट्रपति ट्रंप का बार–बार कहना है कि भारत के साथ अमेरिका का कारोबार कम हुआ है। भारत दुनिया में सबसे ज्यादा टैरिफ लगाता है। अमेरिका उसे संतुलित करना चाहता है। भारत रूस से कच्चा तेल 15–20 डॉलर प्रति बैरल की छूट पर खरीदता है। नतीजतन 2023 में 10 अरब डॉलर की बचत हुई। 2024 में भारत ने करीब 43 फीसदी तेल रूस से खरीदा। रूस से ही हर साल 2–3 अरब डॉलर के रक्षा उपकरण भारत खरीदता है। बीते 10 साल में जरूरत का 70 फीसदी सामान रूस से ही खरीदा गया, जबकि 2008 के बाद अमेरिका से 24 अरब डॉलर के रक्षा–सौदे हुए।

बहरहाल अमेरिकी टैरिफ से भारत का निर्यात जरूर प्रभावित होगा। सबसे अधिक प्रभावित फार्मा क्षेत्र होगा, जो 8.1 अरब डॉलर का निर्यात करता है। अमेरिका 40 फीसदी जेनेरिक दवाएं भारत से ही लेता है। 2025 में निर्यात 85,000 करोड़ रुपए रहा। इसके अलावा, टेलीकॉम उपकरण, हीरे, रत्न, कीमती पत्थर, सोना और जेवरात, कपड़े, लोहा और इस्पात, ऑटो कंपोनेंट, इलेक्ट्रॉनिक्स, पेट्रो केमिकल, ऑर्गेनिक केमिकल आदि का अरबों डॉलर में निर्यात अमेरिका को किया जाता है। 2024–25 में भारत ने 86.51 अरब डॉलर का निर्यात किया और 45.33 अरब डॉलर का आयात अमेरिका से किया। विशेषज्ञों के आकलन हैं कि टैरिफ से निर्यात में 7 अरब डॉलर सालाना की गिरावट आ सकती है। भारतीय मुद्रा रुपया बुधवार को ही अपने सर्वकालिक निचले स्तर पर आ गया।

## नई फुटवियर-लेदर नीति से मिलेगा प्रोत्साहन



सरकार फुटवियर, लेदर और नॉन–लेदर विनिर्माण के क्षेत्र को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने की दिशा में ठोस कदम उठाने के लिये तैयार है। उत्तर प्रदेश को इस क्षेत्र में वैश्विक पहचान दिलाने की अपार संभावनाएं हैं। राज्य के पारंपरिक कौशल, प्रशिक्षित श्रमबल, कच्चे माल की प्रचुरता और आगरा, कानपुर व उन्नाव जैसे सशक्त औद्योगिक केंद्रों की मौजूदगी को देखते हुए एक समग्र, व्यावहारिक और परिणामोन्मुखी नीति का निर्माण आवश्यक हो गया है। नीति में स्पष्ट रूप से यह परिभाषित किया जाए कि प्रदेश के कौन–से क्षेत्र इस उद्योग के लिए सबसे उपयुक्त हैं, यदि उत्पादन, डिज़ाइन, अनुसंधान और प्रशिक्षण को एकीकृत किया जाए तो यह क्षेत्र न केवल बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित कर सकता है, लाखों युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध करा सकता है। **योगी आदित्यनाथ, सीएम यूपी**

# एशिया की बिसात पर चीन की घेराबंदी, लंदन और तेल अवीव का बड़ा दांव



वाहिद नसीम



काकेशस से उठती चिंगारी और एशिया का सुलगता नक्शाजिस आग का धुआं काकेशस से उठ रहा है, उसकी चिंगारियां अब पूरे एशिया को भस्म करने की ओर हैं। अयातुल्ला खामेनेई के वरिष्ठ सलाहकार अली अकबर वेलायती की चेतावनी सिर्फ ईरान की चिंता नहीं, बल्कि एक भू–राजनीतिक रेड अलर्ट है। जंगेजुर गलियारा केवल एक भौगोलिक परियोजना नहीं, बल्कि प्रतिरोधी धुरी ईरान, रूस और चीन को तोड़ने की एक सोची–समझी योजना है, जिसके पीछे वॉशिंगटन की CIA, लंदन की MI6 और तेलअवीव के थिंक टैंक मिलकर चालें चल रहे हैं।

दक्षिण–पूर्व एशिया में पश्चिम की चालबाजी और चीन को यूक्रेन–रूस जैसे जाल में फंसाने की साजिश थाईलैंड और कंबोडिया की सीमाओं पर तनाव का खेल, म्यांमार में रंगीन क्रांति की पुनरावृत्ति की तैयारी और ताइवान को यूक्रेन की तरह प्रतिरोध की प्रयोगशाला बनाने की कवायद इसी बिसात का हिस्सा हैं।

ऑस्ट्रेलिया, जापान, भारत और दक्षिण कोरियाकृए सभी देश एक अघोषित एशियाई नेटो के सदस्य की तरह प्रयोग किए जा रहे हैं, लेकिन इस जाल का असली बुनकर कौन है? तेलअवीव और लंदन की पुरानी जोड़ी एक सदी पुरानी चाल की वापसी जिस तरह सौ साल पहले ऑटोमन साम्राज्य को तोड़ा गया था, आज वैसी ही कूटनीतिक शतरंज एशिया में बिछाई जा रही है। लंदन का MI6 और तेल अवीव की सैन्य लॉबी चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव BRI को रो.कने के लिए सीमा–रेखाओं को युद्ध क्षेत्र में बदलने की कोशिश कर रही हैं और बदल भी रही हैं। हर समुद्री रूट, हर कूटनीतिक शिखर सम्मेलन, एक नया मोर्चा बनाने की के सडयंत्र जारी है।

**यूरोप की जर्जर होती सैन्य और ऊर्जा रीढ़**

यूक्रेन युद्ध ने यूरोप की सामरिक और आर्थिक रीढ़ की कमजोरियां उजागर कर दी हैं। अमेरिका और यूरोप द्वारा भेजे गए हथियारों की रूस द्वारा तबाही, यूरोपीय हथियार भंडारों के घटते शस्त्रगार, कारखानों की डिमांड पूरी ना कर पाने की स्थिति और ऊर्जा आपूर्ति में रूसी कटौती ने पश्चिमी देशों को गहरे संकट में डाल दिया है। महंगाई बेलगाम है, जनमानस असंतुष्ट है और राजनीतिक स्थिरता अब एक सपना बनती जा रही है। इस बीच, नाटो की रणनीतियां खोखली गीदड़ भबकी साबित होती जा रही हैं।

**भारत की डगमगाती विदेश नीति और घरेलू दुविधा**

भारत की डगमगाती विदेश नीति और घरेलू दुविधा भारत इस भूचाल के बीच वसुधैव कुटुम्बकम की बात करता है, लेकिन उसकी पश्चिम–प्रस्त विदेश नीति और घरेलू राजनीतिक प्राथमिकताओं के बीच तालमेल अब दूर की कोड़ी बन चूका है। पश्चिम से सामरिक करीबी का चुनावी लाभ और निर्यात निर्भरता दूसरी ओर रूस–चीन से किफायती संसाधनों पर निर्भरता ने भारत को एक असमंजस की स्थिति में ला खड़ा किया है। ट्रंप की धमकियों और चीन की सतर्क निगाहों के बीच भारत की सामरिक निष्पक्षता की नीति अब भारी दबाव में दिखाई देने लगी है।

**ट्रंप 2.0–विश्व नेतृत्व नहीं, वैश्विक अस्थिरता का इंजीनियर**

ट्रंप की भू–आर्थिक रणनीति का केंद्र अब यूरोप नहीं, बल्कि ब्राजील, भारत और ैम्छ देशों पर है। ब्रिक्स को कमजोर करना और रूस–चीन को अलग–थलग करना अमेरिका की प्राथमिकता है। लेकिन यह रणनीति अब खुद अमेरिका के लिए ही उलझन बनती जा रही है। Mi6 CIA और तेलअवीव द्वारा पालपोस कर तैयार किए गए घोड़े बग्गी में जुड़ने की स्तिथि खो चुके हैं।

**भारत की उधार की अर्थव्यवस्था**

भारत ने कोई वैकल्पिक अर्थव्यवस्था की तैयारी नहीं की? रूस से भारत को सस्ता तेल मिल रहा है, चीन से सस्ता अर्ध–तैयार माल। यह गठजोड़ भारत की घरेलू मांग और निर्यात की रीढ़ बन चुका है। लेकिन यह सिर्फ आर्थिक समीकरण नहीं, बल्कि अस्थाई राहत मात्र है जो डोमेस्टिक राजनी.ति में विपक्ष को चुनावी जवाब तो हो सकता है मगर भारत की आत्मनिर्भरता के लिए बहुत बड़ा छलावा भी है जो दूरगामी आर्थिक निति के विकल्प कम कर सकता है। चीन के आगे झुकने को मजबूर कर सकता है। पिछले 11 वर्षों में रूस ने बार–बार अनुभव किया है कि भारत का झुकाव पश्चिम की ओर है और पूर्व की तरह सशक्त नहीं बल्कि अवसरवादी हो चला है। परिणामस्वरूप, वह चीन के साथ मिलकर अपने दुसरे सहयोगियों को हाई–स्पीड हाइपरसोनिक हथियार दे रहा है, जो युद्ध की तैयारी से अधिक एक मनोवैज्ञानिक संकेत है कि 'हम अब पश्चिम की भाषा में जवाब देंगे।'

**बिखरती पश्चिमी बिसात और उलझे हुए सहयोगी**

पश्चिम द्वारा बिछाई गई बिसात अब स्वयं में ही उलझती जा रही है। पारंपरिक सहयोगीकृजैसे फ्रांस, जर्मनी और इटली, अब आर्थिक और सैन्य रूप से थक चुके हैं। वे अपने निर्णयों में ही सहमति असहमती के खेल में फस चुके हैं और नीतियों में दिशाहीन दिखाई देने लगे हैं और नए रणनीतिक साझेदार जैसे भारत ताइवान भी घरेलु राजनितिक रोड मेप सत्ता की मजबूती वाली धार्मिक जंजीर की कड़ियों के टांके। ऐसा प्रतीत होता है कि जिस अवसर्वदिता को पश्चिम ने वैश्विक व्यवस्था कहा था, वही अब अपने ही वजन से चरमराने लगी है। सभ्यताओं के भविष्य की रणभूमि अब एशिया की बिसात केवल शक्ति संतुलन की लड़ाई नहीं, बल्कि सभ्यताओं के भविष्य का रण बन चुकी है। भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती है, जिसे गंभीरता से समझे बिना रास्ते और जटिल हो सकते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्व की राजनी.तिक कुटनीतिक मामलों पर गहरी और बारिक पकड़ रखते हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ब्रेकअप से टूट गए, फिर से खुद को संभालें

**कुछ योग आसन आपके दिल को फिर से खोलने में मदद कर सकते हैं। जैसे ऊंट मुद्रा, सेतु बंध मुद्रा और भुजंग मुद्रा। यह आसन आपकी छाती को खोलते हैं और मन की भावनाओं को बाहर निक.ालने में मदद करते हैं। सूर्य नमस्कार से शुरुआत करें और फिर दोनों हाथों को दिल के पास श्अंजलि मुद्राश में जोडें और कुछ गहरी सांसें लें। इससे आपके अंदर शांति और ऊर्जा दोनों आएगी। प्रकृति से जुड़ने के लिए पहाड़ों पर घुम कर आएं प्रकृति में बहुत शक्ति है। हरेभरे पेड, ठंडी हवा, बारिश की बूंदें और पक्षियों की आवाज, ए सब दिल को सुकून देते हैं। रोज कुछ समय बाहर बिताएं। टहलते हुए तीन गहरी सांसें लें और महसूस करें कि हर सांस के साथ हरा रंग आपके दिल में भर रहा है। यह छोटा सा अभ्यास भी आप में जीने की इच्छा जगा देगा।**



ब्रेकअप का दर्द असहनीय हो सकता है, ऐसा लगता है जैसे जिंदगी थम सी गई हो और आगे बढने की सारी उम्मीदें खत्म हो गई हों। यह सच है कि किसी खास इंसान का जाना एक गहरा जख्म दे जाता है, लेकिन याद रखें, एक व्यक्ति के चले जाने से आपकी पूरी जिंदगी खत्म नहीं होती। जैसे हर इंसान एक नए मौके का हकदार होता है, वैसे ही आप भी एक नई शुरुआत के काबिल हैं। ब्रेकअप के बाद आगे बढना मुश्किल जरूर है, लेकिन नामुमकिन नहीं। आइए जानते हैं कि कैसे आप खुद को टूटे हुए रिश्ते की अंधेरी गलियों से बाहर निकालकर फिर से रोशनी की ओर ले जा सकते हैं।

1. **स्वीकार करें कि आप टूट चुके हैं और खुद को ठीक करने की कोशिश करें**

दिल टूटना आसान नहीं होता। पहला कदम है अपनी भावनाओं को स्वीकार करना और कहना, श्हां, मुझे दुख हुआ है।श कभीकभी हम अपना दर्द छिपा लेते हैं, लेकिन इससे वह और गहरा हो जाता है। यह जरूरी है कि आप जो महसूस कर रहे हैं, उसे महसूस करें, चाहे वह उदासी हो, गुस्सा हो या उलझन। रोने का दिल करें तो रोएं, दिल में जो भी चल रहा है उसे लिखें, लेकिन खुद से झूठ न बोलें। दर्द को स्वीकार करना ही असली हिम्मत है और ठीक होने की शुरुआत है।

2. **खुद को दोष देने की बजाय खुद से प्यार करें**

ब्रेकअप के बाद, हमारे मन में अक्सर सवाल आते हैं कि क्या मैंने कोई गलती की?, क्या मैं काफी अच्छा नहीं था? ऐसे विचार आपको और भी ज्यादा दुखी कर सकते हैं। इसके बजाय, सोचें कि अगर आपका कोई करीबी दोस्त इस दौर से गुजर रहा होता, तो आप क्या कहते। अब खुद से भी यही बातें कहें। प्यार में कुछ गलत हुआ, यह आपकी गलती नहीं है। खुद को कोसना बंद करें, खुद के प्रति दयालु बनें और धीरेधीरे फिर से मुस्कुराना सीखें।

3. **खुद से फिर से प्यार करना शुरू करें**

ब्रेकअप के बाद जिंदगी बिखर सकती है, लेकिन यही वो समय है जब आप अपने लिए खडे हो सकते हैं। खुद से जुडें, ऐसे काम करें जिनसे आपको अच्छा महसूस हो, चाहे वो किताब पढना हो, टहलने जाना हो, या अकेले में चाय पीना ही क्यों न हो। याद रखें, जब तक आप खुद से प्यार नहीं करेंगे, आप किसी और से भी ठीक से प्यार नहीं कर पाएंगे।

4. **समझें कि अपने दिल की बात कहना कोई कमजोरी नहीं है**

अपनी भावनाओं को दबाना अच्छा विचार नहीं है। इससे आपका दिल भारी हो जाता है और धीरे–धीरे आपकी ऊर्जा खत्म हो जाती है। अगर बोलना, लिखना, गाना या चिल्लाना मुश्किल हो रहा है तो अपनी भावनाओं को रचनात्मक तरीकों से व्यक्त करें। आप चित्रकारी, संगीत, नृत्य या डायरी लिखने का सहारा ले सकते हैं। रोजाना बस 10 मिनट निकालकर जो भी आपके मन में आए उसे महसूस करें, यह खुद से प्यार करने का एक तरीका है।

5. **माफ करें और दिल का बोझ हल्का करने की कोशिश करें**

किसी को माफ करना मुश्किल है, लेकिन जरूरी भी है। दूसरों को माफ करने का मतलब खुद को हल्का करना और अपने दिल का बोझ उतारना है। अगर आप माफ नहीं करते, तो आपके अंदर ही अंदर गुस्सा और उदासी जमा हो जाती है, जो आपको आगे बढने से रोक सकती है।

आपके दिल को फिर से प्यार की जरूरत है, इसीलिए आगे बढ़ने से पहले उसे पुराने दर्द से आजाद करना जरूरी है। नए रिश्तों को धीरेधीरे अपनाएं, जल्दबाजी न करें। सही लोग सही समय पर मिल जाएंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# चीन पर काफी निर्भर है देश का इलेक्ट्रॉनिक उद्योग

भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, और इसमें इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग का एक महत्वपूर्ण योगदान है। लेकिन यह उद्योग पूरी तरह से आत्मनिर्भर नहीं है। भारत में कई ऐसे इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद हैं जिन्हें देश में बनाया नहीं जाता बल्कि केवल असेंबल किया जाता है। इनमें प्रमुख रूप से मोबाइल फोन, टेलीविजन, लैपटॉप, टैबलेट, स्मार्टवॉच, इयरबड्स, होम अप्लायंसेज और अन्य स्मार्ट डिवाइसेज शामिल हैं। ये उत्पाद मुख्यत: चीन से आयात किए जाते हैं, और भारतीय कंपनियां या फैक्ट्रियां इन्हें स्थानीय स्तर पर केवल असेंबल करती हैं। भारत सरकार ने 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसे अभियानों को आगे बढ़ाने का प्रयास किया है, लेकिन कुछ उत्पादों और तकनीकों के मामले में देश अब भी चीन पर निर्भर है, और इनका घरेलू निर्माण व्यवहारिक या आर्थिक रूप से अभी संभव नहीं हो पाया है।

मोबाइल फोन निर्माण भारत में सबसे तेजी से बढ़ता हुआ क्षेत्र है। भारत आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल बाजार है, लेकिन इसकी बड़ी मात्रा चीन से आयातित पार्ट्स पर निर्भर है। Xiaomi, Realme, Oppo, Vivo और OnePlus जैसी कंपनियां भारतीय बाजार में अग्रणी हैं। इन कंपनियों के अधिकांश पार्ट्स जैसे कि डिस्प्ले पैनल, कैमरा मॉड्यूल, चिपसेट, बैटरी, प्रिंटेड सर्किट बोर्ड और अन्य मुख्य घटक चीन या ताइवान से आते हैं। भारत में Foxconn] Dixon Technologies और Lava जैसी कंपनियां असेंबली का कार्य करती हैं, लेकिन उनके पास पूरी तरह से एंड–टू–एंड मैन्युफैक्चरिंग की तकनीक या क्षमता नहीं है। उदाहरणस्वरूप, Apple ने अपने कुछ iPhone मॉडल्स की असेंबली भारत में शुरू की है, लेकिन उनके मुख्य घटक चीन, जापान और कोरिया से आते हैं। Apple की सप्लाई चेन का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा अब भी चीन और एशियाई देशों से जुड़ा हुआ है। भारत की असेंबली यूनिट्स जैसे Foxconn (चेन्नई), Pegatron और Wistron केवल आईफोन का बाहरी ढांचा बनाते हैं, लेकिन उनका प्रोसेसर या OLED डिस्प्ले जैसी एडवांस टेक्नोलॉजी चीन में ही बनती है। यही स्थिति Xiaomi, Realme और Vivo के स्मार्टफोन के साथ भी है।

टेलीविजन सेक्टर में भी भारत की निर्भरता चीन पर बनी हुई है। भारत में LG, Sony, Samsung, Xiaomi, OnePlus और TCL जैसे ब्रांड प्रमुख हैं। भारत में जो टीवी असेंबल किए जाते हैं, वे आमतौर पर चीन, मलेशिया, दक्षिण कोरिया और थाईलैंड से आयात किए गए पार्ट्स पर आधारित होते हैं। खासकर पैनल जो टीवी की सबसे महंगी और तकनीकी रूप से जटिल इकाई होती है, वह अधिकतर BOE, CSOT और LG Display जैसी कंपनियों द्वारा चीन या कोरिया में निर्मित की जाती है। भारत में टेलीविजन असेंबली यूनिट्स को केवल पैनल, बॉडी, मदरबोर्ड और अन्य हिस्सों को जोड़कर तैयार प्रोडक्ट बनाना होता है। भारत में पैनल बनाने की कोई मेजर फैक्ट्री नहीं है। IHS Markit की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में बेचे जाने वाले 94 प्रतिशत टीवी पैनल विदेशों से आते हैं, जिनमें से 70 प्रतिशत केवल चीन से आयात होते हैं। इसलिए पैनल निर्माण जैसी अत्याधुनिक तकनीक के लिए भारत को लंबे समय तक विदेशी सप्लायर्स पर निर्भर रहना होगा।

इसी तरह से लैपटॉप और टैबलेट जैसे प्रोडक्ट्स में भी भारत की स्थिति लगभग वैसी ही है। Dell, HP, Lenovo, Acer, Asus और Apple जैसे ब्रांड भारत में अपनी असेंबली यूनिट्स चलाते हैं, लेकिन चिपसेट Intel, AMD, Apple Silicon, SSD, मदरबोर्ड, स्क्रीन और बैटरी जैसे घटक चीन, ताइवान और दक्षिण कोरिया से आते हैं। भारत सरकार ने 2023 में IT हार्डवेयर PLI योजना Production Linked Incentive लागू की थी ताकि देश में लैपटॉप और पीसी के निर्माण को प्रोत्साहित किया जा सके, लेकिन अभी यह प्रारंभिक चरण में है। HP और Lenovo जैसी कंपनियों ने भारत में असेंबली की सुविधा शुरू की है, लेकिन उनका निर्भरता आयातित हिस्सों पर बनी हुई है। भारत की सेमीकंडक्टर निर्माण की तकनीक और इकोसिस्टम अब तक विकसित नहीं हो पाया है। गुजरात और उत्तर प्रदेश में सेमीकंडक्टर फैब की योजनाएं बनाई गई हैं लेकिन वे 2026 से पहले चालू होने की संभावना नहीं है। स्मार्टवॉच, फिटनेस बैंड और TWS -True Wireless Stereo ईयरबड्स जैसे वियरेबल्स भी भारत में बड़े स्तर पर बिकते हैं लेकिन इनमें से अधिक.ांश का निर्माण चीन और वियतनाम में होता है। Boat, Noise, Fire Boltt जैसी भारतीय ब्रांड्स भी अपने प्रोडक्ट्स चीन से इम्पोर्ट कर भारत में असेंबल करती हैं। इन डिवाइसेज में इस्तेमाल होने वाली ब्लूटूथ चिप्स, सेंसर्स, बैटरी और ड्राइवर यूनिट्स चीन से आती हैं और भारत में केवल केसिंग और पैकेजिंग होती है। IDC की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 2023 की चौथी तिमाही में बिके 84 प्रतिशत TWS ईयरबड्स चीन से आयातित घटकों पर आधारित थे। सस्ता उत्पादन, परिपक्व आपूर्ति श्रृंखला और तकनीकी दक्षता चीन को इस उद्योग में अत्यंत प्रतिस्पर्धी बनाते हैं। भारत अभी इस स्तर की दक्षता और संसाधन विकसित नहीं कर पाया है जिससे वह पूरी तरह से स्वदेशी वियरेबल्स बना सके।

होम अप्लायंसेज जैसे रेफ्जिरेटर, वॉशिंग मशीन, माइक्रोवेव ओवन, एयर कंडीशनर आदि में भारत की कुछ स्वदेशी निर्माण क्षमताएं विकसित हुई हैं, लेकिन तकनीकी और विशेषीकृत पार्ट्स जैसे कि कंप्रेसर, मोटर, PCB यूनिट्स और सेंसर चीन और कोरिया से आते हैं। Voltas, Whirlpool, Samsung, LG और Haier जैसी कंपनियां भारत में असेंबली प्लांट्स चला रही हैं लेकिन पूरी मैन्युफैक्चरिंग केवल कुछ बुनियादी मॉडलों तक सीमित है। उदाहरण के लिए, Voltas अपने एयर कंडीशनर के कंप्रेसर को अभी भी थर्ड पार्टी सप्लायरों से लेती है जो अधिकतर चीन में हैं। Whirlpool और Haier की भी ऐसी ही स्थितियां हैं।

इसके अतिरिक्त, इलेक्ट्रॉनिक घटकों जैसे कि डायोड्स, कैपेसिटर्स, रेसिस्टर्स, कनेक्टर्स और SMD Surface Mount Devices कंपोनेंट्स का भी भारी मात्रा में आयात होता है। भारत में इनकी मैन्युफैक्चरिंग अब तक सीमित है। ELCINA-Electronic Industries Association of India के अनुसार, भारत का कुल इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट आयात 2022–23 में लगभग 32 बिलियन डॉलर था, जिसमें से 45 प्रतिशत से अधिक केवल चीन से आयातित था। इससे यह स्पष्ट होता है कि भारत अभी भी मूलभूत इलेक्ट्रॉनिक सामग्रियों के निर्माण में पिछड़ा हुआ है।

कुछ भारतीय कंपनियां जैसे Dixon Technologies, Lava, Optiemus, Syrma SGS और Bharat FIH असेंबली में दक्ष हैं और भारत में बड़े पैमाने पर उत्पादन करती हैं। Dixon Technologies us Samsung, Motorola, Xiaomi और OnePlus के लिए मोबाइल असेंबली का काम किया है। Lava ने कुछ स्तर पर अपना मोबाइल डिजाइन करना शुरू किया है, लेकिन वह भी चीन से आयातित पार्ट्स पर निर्भर है। Optiemus और Syrma SGS भी असेंबली पर केंद्रित हैं और उनके पास अभी डिजाइन और रॉ मटेरियल निर्माण की क्षमताएं नहीं हैं। भारत को जिन उत्पादों के लिए केवल असेंबली पर ध्यान देना चाहिए, वे वे उत्पाद हैं जिनमें अत्यधिक उच्च तकनीकी जटिलता, भारी पूंजी निवेश, व्यापक सप्लाई चेन और वैश्विक प्रतिस्पर्धा की आवश्यकता होती है। उदाहरणस्वरूप, स्मार्टफोन के प्रोसेसर, हाई–एंड ग्राफिक्स कार्ड, OLED डिस्प्ले, सेमीकंडक्टर चिप्स, टीवी पैनल, SSD ड्राइव्स, डिवाइस सेंसर्स, और मिनिएचर बैटरी यूनिट्स। इन सभी में चीन की तकनीकी क्षमता व लागत–प्रभाविता भारत से बहुत आगे है। **–एम. इमरान**




# गाजा में इजरायल का कातिलाना तांडव, 175 फलस्तीनियों की हत्या

## नौ सीरियाई व एक लेबनानी मीडियाकर्मी को भी मार डाला

**गाजा।** गाजा पट्टी पर इज़राइली हवाई हमलों, बमबारी, स्नाइपर्स और सैन्य कार्रवाई में कम से कम 175 फलस्तीनी, नौ सीरियाई और एक लेबनानी मीडियाकर्मी मारे गए हैं। इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ जर्नलिस्ट (आईएफजे) ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि इस दौरान और कई लोगों पर हमला किया गया है और उन्हें मनमाने ढंग से हिरासत में लिया गया।

इसके अलावा इन हमलों में कई मीडियाकर्मी घायल हो गए या विकलांग हो गए हैं। लापता मीडियाकर्मियों की संख्या भी अच्छी खासी है। बयान में कहा गया है कि उक्त घटनाएं गत सात अक्टूबर, 2023 से अब तक की है। गत 25 जुलाई को अल-कुद्स टीवी और अल-कुद्स टुडे टीवी के लिए काम करने वाले फ़ोटो पत्रकार एडम अबू हरबिंद की गाजा शहर में उनके परिवार के तंबू पर इजराइली हवाई हमले में मौत हो गई। गत 24 जुलाई को आईएफजे ने इज़राइली सरकार द्वारा गाजा की आबादी के खिलाफ़ भुखमरी को एक हथियार के रूप

**इस दौरान और कई लोगों पर हमला किया गया और उन्हें मनमाने ढंग से हिरासत में लिया गया**

में जानबूझकर इस्तेमाल करने की निंदा की। भुखमरी में पत्रकार भी शामिल हैं जो इज़राइल द्वारा विदेशी मीडिया पर प्रतिबंध के बीच एकमात्र गवाह बने हुए हैं। चार प्रमुख समाचार एजेंसियों, एजेंस फ्रांस प्रेसे (एएफपी), एसोसिएटेड प्रेस (एपी), रॉयटर्स और बीबीसी ने चेतावनी दी है कि स्थानीय पत्रकार भुखमरी का सामना कर रहे हैं और तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। उन्होंने कहा कि 21 महीने से चल रहे युद्ध को कवर करने वाले फीलांसर उन्हीं विकट परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं, जिन्हें वे कवर कर रहे हैं। उन्हें न तो बहुत कम भोजन मिल रहा है और साफ पानी का भी इंतजाम नहीं है। एएफपी ने इज़राइल से गाजा स्थित अपने पत्रकारों और उनके परिवारों को निकालने की अनुमति देने का आह्वान किया है। इज़राइल ने अक्टूबर 2023 से विदेशी पत्रकारों के गाजा में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है।

### इजरायल ने दक्षिण लेबनान में हिजबुल्लाह के हथियार उत्पादन केंद्रों को निशाना बनाया

**बेरूत/यरूशलम।** इज़रायल के युद्धक विमानों ने गुरुवार को पूर्वी और दक्षिणी लेबनान के कई इलाकों में लेबनानी समूह हिजबुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाकर गहन हवाई हमले किए। लेबनान के आधिकारिक मीडिया और एक सैन्य सूत्र ने यह जानकारी दी। लेबनान की राष्ट्रीय समाचार एजेंसी के अनुसार इज़रायल के हवाई हमलों की एक श्रृंखला ने पूर्वी लेबनान के बेका क्षेत्र में पूर्वी पर्वत श्रृंखला और दक्षिणी लेबनान के भीतरी इलाकों में विस्तृत क्षेत्रों को निशाना बनाया। लेबनानी सेना की खुफिया एजेंसी के एक सूत्र ने बताया कि इजरायल के युद्धक विमानों ने पूरे क्षेत्र में आधे घंटे से भी कम समय में 18 हवाई हमले किए, जिनमें हिजबुल्लाह के उन ठिकानों को निशाना बनाया गया जो पिछले हमलों में नष्ट हो चुके थे।

## कमला हैरिस ने राजनीति को अलविदा कहने का बनाया मन

### कहा: देश का पॉलिटिकल सिस्टम टूट गया



**वॉशिंगटन।** पूर्व अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने राजनीति छोड़ने का ऐलान किया है। उन्होंने द लेट शो विद स्टीफन कोलबर्ट में इंटरव्यू में कहा कि वह अब किसी भी राजनीतिक पद के लिए चुनाव नहीं लड़ेंगी, जिसमें कैलिफोर्निया के गवर्नर का पद भी शामिल है।

हैरिस ने कहा कि अमेरिका का पॉलिटिकल सिस्टम टूट चुका है और मैं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने लिए मजबूत नहीं हूं। कैलिफोर्निया की गवर्नर रह चुकी हैरिस ने कहा कि उन्होंने अपने पूरे करियर में जनता की सेवा की है। उन्होंने कहा कि मैंने गवर्नर बनने के बारे में बहुत सोचा। मुझे अपने राज्य कैलिफोर्निया से प्यार है, लेकिन अब मुझे लगता है कि मेरी सिस्टम में बदलाव लाने की क्षमता घट गई है। टीवी होस्ट ने हैरिस से कहा कि आप जैसी इतनी काबिल शख्सियत का यह कहना कि सिस्टम टूट गया है, ये चिंताजनक है। हैरिस ने यह भी बताया कि वह अब देशभर में घूमकर लोगों से बात करना चाहती हैं, लेकिन वोट मांगने के लिए नहीं, बल्कि उनकी बात सुनने के लिए। उनकी नई किताब 107 डेज 23 सितंबर को रिलीज होने वाली है। जिसमें उन्होंने अपनी 107 दिन के राष्ट्रपति चुनाव कैंपेन के अनुभवों का जिक्र किया है। हैरिस से पूछा गया कि उन 107 दिनों में सबसे ज्यादा क्या हैरान करने वाला था, हैरिस ने कहा, हर रात मैं प्रार्थना करती थी कि मैंने आज अपने पूरे सामर्थ्य के साथ सबकुछ किया हो। कमला हैरिस को 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ हार मिली थी।

## संक्षिप्त समाचार

### लगातार पांचवीं बार सस्ता हुआ वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर

**नई दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने होटल-रेस्त्रां आदि में इस्तेमाल होने वाले वाणिज्यिक रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडर के दाम शुक्रवार से कम कर दिए। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल की बेवसाइट के अनुसार, दिल्ली में आज से 19 किलोग्राम वाला एलपीजी सिलेंडर 1631.50 रुपये का हो गया है। पिछले महीने इसकी कीमत 1665 रुपये थी। इस प्रकार यह 33.50 रुपये सस्ता हुआ है। इस साल मार्च के बाद से लगातार पांचवीं बार वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर के दाम कम किए गए हैं।

### यूक्रेन में रूसी हमले में मरने वालों की संख्या 28 हुई

**कीव।** यूक्रेन की राजधानी कीव पर रूसी मिसाइल और ड्रोन हमलों में तीन बच्चों सहित मृतकों की संख्या बढ़कर 28 हो गई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यूक्रेन की राज्य आपातकालीन सेवा ने बताया कि गुरुवार को हुए हमले में 159 लोग घायल भी हुए हैं। सबसे ज्ड़ादा नुकसान स्वियातोशिस्की जिले में हुआ, जहां एक नौ मंजिला इमारत का एक हिस्सा ढह कर नष्ट हो गया। घटनास्थल पर राहत एवं बचाव कार्य जारी है।

### 'मन्नू क्या करेगा' का टीजर रिलीज

**मुंबई।** फिल्म 'मन्नू क्या करेगा' का टीज़र अब रिलीज़ हो गया है। फिल्म मन्नू क्या करेगा का निर्देशन संजय त्रिपाठी ने किया है। इस फिल्म को शरद मेहरा ने क्यूरियस आइज़ सिनेमा के बैनर तले प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म हिंदी सिनेमा में व्योम और साची बिंद्रा की पहली फिल्म है, जो इंडस्ट्री की सबसे ताज़ा जोड़ी के रूप में दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार हैं।

### मोदी, अमित शाह असम का करेंगे दौरा

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आठ सितम्बर को और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 29 अगस्त को राज्य की कई प्रमुख परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के लिए राज्य का दौरा करेंगे। सरमा ने यहां लोक सेवा भवन में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री नुमालीगढ़ में करीब 4,000 करोड़ रुपये की लागत से बनी दूसरी पीढ़ी की बांस से इथेनॉल बनाने वाली परियोजना का उद्घाटन करेंगे।

# पहली बार हिमालय के बादलों में मिली जहरीली धातुएं

## ये धातुएं गंभीर बीमारी का बन सकती हैं कारण

**नई दिल्ली।** वैज्ञानिकों ने पहली बार पूर्वी हिमालय और पश्चिमी घाट के पर्वतीय इलाकों के बादलों में जहरीली भारी धातुओं का पता लगाया है जो कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों का कारण बन सकती हैं। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के तहत स्वायत्त संस्थान बोस इंस्टीट्यूट ने मानसून के आगमन के दौरान पूर्वी हिमालय और पश्चिमी घाट में असंघनित बादलों में जहरीली धातुओं की मौजूदगी पाई है।

उन्होंने पाया कि कभी सबसे स्वच्छ पानी का स्रोत माने जाने वाले ये बादल प्रदूषित निचले इलाकों से अपने साथ विषैली भारी धातु भी लेकर आते हैं और धरती के सबसे ऊँचे तथा भंगुर पारिस्थितिकियों तक पहुंचाते हैं।

**जहरीली धातुओं से देश में व्यस्कों की तुलना में बच्चों को 30% अधिक खतरा**

विभाग द्वारा शुक्रवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह खोज न सिर्फ पहाड़ों की साफ बारिश के मिथक को तोड़ती है, बल्कि कैंसर और बच्चों में विसंगतियों के विकास के प्रति चिंता भी पैदा करती है। बोस इंस्टीट्यूट के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सनत कुमार दास के नेतृत्व वाली वैज्ञानिकों की टीम ने बताया कि पूर्वी हिमालय में प्रदूषण का स्तर 1.5 प्रतिशत बढ़ गया है। इसका कारण निचले इलाकों में वाहनों उद्योगों से निकलने वाले कैडमियम, तांबा और जिक जैसी धातुओं की मात्रा में 40 से 60 प्रतिशत की वृद्धि है। ये कैंसर का कारण बन सकते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि असंघनित बादलों में मौजूद ये धातु सीधे सांसे के जरिये हमारे शरीर में प्रवेश करती हैं। इन जहरीली धातुओं से देश में व्यस्कों की तुलना में बच्चों को 30 प्रतिशत अधिक खतरा है। इनसे कैंसर के अलावा दूसरी बीमारियां भी हो सकती हैं। टीम ने यह भी पाया कि बादलों में घुले हुए क्रोमियम साँस के जरिये लेने से कैंसर का कारण बनने वाली बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। इन बादलों में कैडमियम, क्रोमियम, तांबा और जिक की ऊंची मात्रा पाई गई है जिसका कारण वाहनों और उद्योगों से निकलने वाला प्रदूषण है।

### जापान ने फुकुशिमा परमाणु संयंत्र से शोधित जल की निकासी फिर शुरू की

**टोक्यो।** जापान ने अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) को बताया है कि सुनामी के खतरे के कारण फुकुशिमा-1 परमाणु ऊर्जा संयंत्र से रोके गए शोधित रेडियोधर्मी जल को शुक्रवार से फिर से समुद्र में छोड़ना शुरू कर दिया गया है। आईएईए ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने कहा कि सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार जापान के फुकुशिमा-1 परमाणु ऊर्जा संयंत्र में एएलपीएस प्रणाली द्वारा शोधित जल की निकासी रोक दिया गया है। आईएईए ने एक्स पर कहा कि जापान ने आईएईए को बताया है कि फुकुशिमा दाइची परमाणु ऊर्जा स्टेशन के तट से एएलपीएस द्वारा शोधित जल की निकासी आज फिर से शुरू हो गई है। गौरतलब है कि बुधवार को रूस के कामचटका प्रायद्वीप के तट पर रिक्टर पैमाने पर 8.8 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए थे।



नई दिल्ली। मानसून सत्र के दौरान संसद के बाहर SIR के विरोध में प्रदर्शन करते विपक्षी सांसद।

### जोमार्ट तोकायेव के निमंत्रण पर तीन अगस्त को कजाकिस्तान आएंगे गुटेरेस

**अल्माटी।** कज़ाखस्तान के राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट तोकायेव के निमंत्रण पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस तीन अगस्त को यहां आएंगे। राष्ट्रपति कार्यालय ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि तीन अगस्त को, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस राष्ट्रपति तोकायेव के निमंत्रण पर कज़ाखस्तान का दौरा करेंगे। राष्ट्रपति कार्यालय के अनुसार दोनों नेता अल्माटी में वार्ता करेंगे और 2025 में संयुक्त राष्ट्र के एक प्रस्ताव द्वारा स्थापित पश्चिम एशिया और अफगानिस्तान के लिए सतत विकास लक्ष्यों के वास्ते स्थापित संरा के क्षेत्रीय केंद्र जाएंगे। गुटेरेस ने इससे पहले 2024 में संरा कार्यालय पहुंचे थे।

## चीन ने यूक्रेन संकट पर अमेरिकी आरोपों को किया खारिज

**संयुक्त राष्ट्र।** चीन ने कहा है कि न तो यूक्रेन संकट उसने शुरू किया और न ही वह इसमें शामिल है। उसने किसी भी पक्ष को कभी भी घातक हथियार नहीं दिए और उसने ड्रोन सहित दोहरे इस्तेवाल वाली चीजों के निर्यात पर कड़ा नियंत्रण रखा है।

संयुक्त राष्ट्र (संरा) में चीनी राजदूत ने अमेरिकी आरोपों के जवाब में यह बात कही। इससे पहले सुरक्षा परिषद की बैठक मेंअमेरिकी प्रतिनिधि ने कहा कि चीन इस युद्ध का 'सबसे महत्वपूर्ण आपूर्तिकर्ता' है। इसके जवाब में, संरा में चीन के उप-स्थाई प्रतिनिधि गेंग शुआंग ने अमेरिका के चीन के खिलाफ लगाए इन आरोपों को झूठा, अपमानजनक और पूरी तरह से अस्वीकार्य बताया। शुआंग ने कहा कि संघर्ष के पक्ष सुरक्षा परिषद के प्रतिबंधों के अधीन नहीं हैं। चीन के रूस और यूक्रेन के साथ सामान्य व्यापारिक संबंध हैं। ऐसा करके, वह अंतर्राष्ट्रीय कानून या अपने अंतर्राष्ट्रीय दायित्वों का उल्लंघन नहीं करता है। उन्होंने आगे कहा कि दरअसल, अब तक अमेरिका ने रूस के साथ अपना व्यापार जारी रखा है। अगर अमेरिका खुद ऐसा कर रहा है, तो वह दूसरों को भी ऐसा करने की अनुमति क्यों नहीं देता? अमेरिका के लिए यह अनुचित है कि वह चीन से संघर्ष समाप्त करने में भूमिका निभाने की उम्मीद करे, तो दूसरी ओर चीन पर लगातार दबाव बनाए रखे।

# न्यूयॉर्क व न्यूजर्सी में भारी बारिश के कारण आपात की घोषणा

## एक घंटे में 3 इंच बारिश, सड़कें-मेट्रो स्टेशनों में पानी भरा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के पूर्वी तट पर गुरुवार को तेज तूफान और भारी बारिश से बाढ़ आ गई। जिसके बाद न्यूयॉर्क शहर और न्यू जर्सी में इमरजेंसी घोषित कर दी गई। तूफान का असर न्यूयॉर्क से वॉशिंगटन डीसी तक दिखा। मौसम विभाग के अनुसार, कुछ इलाकों में एक घंटे में 3 इंच (7.6 सेमी) तक बारिश हुई, जिससे नाले और नदियां उफान पर आ गईं। न्यूयॉर्क में मेट्रो स्टेशनों में पानी भर गया। स्टेशन में दीवारों से पानी रिसता दिखा। भारी बारिश के कारण पटरियां पानी में डूब



**14 हजार लोग बिना बिजली के रह रहे, भारी बारिश के कारण पटरियां पानी में डूब गईं जिससे कई ट्रेनें व यात्री फंस गए**

गईं जिससे कई ट्रेनें और यात्री फंस गए। रेस्क्यू टीम ने यात्रियों को बचाया। सड़कों पर पानी भरने से कई गाड़ियां डूब गईं, और एक्सप्रेसवे बंद करना पड़ा। वहीं न्यू जर्सी में 14 हजार से ज्यादा लोग 24 घंटे बिना बिजली के रहे। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने शहर और आसपास के इलाकों में आपातकाल की घोषणा की है। शुक्रवार तक और बारिश की आशंका है। प्रशासन ने लोगों को यात्रा न करने और बाढ़ से बचने की सलाह दी है।

## पुणे के दौंड में आपत्तिजनक पोस्ट के बाद तनाव

**पुणे।** पुणे के दौंड में शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक आपत्तिजनक पोस्ट के बाद तनाव बढ़ गया है। दो गुटों की भीड़ ने सड़कों पर कई गाड़ियों को आग लगा दी गई। धार्मिक स्थल पर पथराव किया है।

घटना पुणे से 80 किमी दूर दौंड के यवत गांव की है। तनाव को देखते हुए यवत का साप्ताहिक बाजार बंद कर दिया गया है। पुलिस ने हालात को काबू पाने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। यवत पुलिस निरीक्षक नारायण देशमुख ने बताया कि आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले युवक का नाम सैय्यद है और हिरासत में ले लिया है। दरअसल, 26 जुलाई को यवत

**धार्मिक स्थल पर पथराव, गाड़ियों को आग लगाई शिवाजी महाराज के अपमान के विरोध में प्रदर्शन हो रहा था**

के नीलकंठेश्वर मंदिर में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ की घटना हुई थी। इसी को लेकर गुरुवार से ही विरोध हो रहा था। इसी विवाद पर शुक्रवार को एक युवक की आपत्तिजनक पोस्ट वायरल हो गई। इसके बाद प्रदर्शनकारी यवत के सहकार नगर में युवक के घर पहुंचे और तोड़फोड़ की। तभी दो पक्षों में टकराव हो गया और तनाव की स्थिति बन गई।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्योपैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:-प्रवेश हेतु सम्पर्क करें:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

ROOP RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्रर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी0 पी0 टी0 • ऑप्टोमैट्री • ओ0 टी0 टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782
9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट